भोपाल
मंगलवार, 19 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष -11
वर्ष : 12, अंक : 139
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रधानमंत्री से पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में मुलाकात

# पीएम मोदी को मप्र आने का निमंत्रण, मेट्रो का करेंगे शुभारंभ

*मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पिछले दो दिन से नई दिल्ली में थे। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों व अन्य लोगों से मुलाकात की। सोमवार को उन्होंने पार्लियामेंट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने किसान सम्मेलन व भोपाल मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ करने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्य सचिव अनुराग जैन भी सोमवार को नई दिल्ली में थे। भोपाल लौटने के बाद जैन ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मुलाकात की। उनके दिल्ली दौरे को इसी महीने होने वाली उनकी सेवानिवृत्ति व एक्सटेंशन से जोड़ा जा रहा है।



### स्वदेशी अभियान के तहत गुणवत्तायुक्त उत्पाद बनाए जाएंगे

पिछले एक सप्ताह से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लगातार दिल्ली दौरा हो रहा है। दो-तीन दिन पहले भी उन्होंने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ ही कई और मंत्रियों से मुलाकात की थी। एक दिन पहले रविवार को वे नई दिल्ली पहुंचे थे। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण का वातावरण चल रहा है। इस दिशा में स्वदेशी का अभियान भी पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत बनाने की कड़ी में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है ▶▶ शेष पेज 6 पर

### महाकाल की निकली राजसी सवारी हेलिकॉप्टर और ड्रोन से बरसाए फूल





# सीएम ने किया महाकाल का पूजन, बजाया डमरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन

सोमवार को कड़ाबीन के उद्घोष के साथ बाबा महाकाल की राजसी सवारी शुरू हुई। रजत पालकी में भगवान महाकाल प्रजा का हाल जानने निकले। सवारी में 6 मुखारबिंद शामिल रहे। 7 किलोमीटर लंबे मार्ग पर हेलिकॉप्टर से और 10 ड्रोन से पालकी पर पुष्पवर्षा की गई। सवारी निकालने से पहले मंदिर में सीएम डॉ. मोहन यादव ने भगवान का पूजन-अर्चन किया और डमरू बजाया। मुख्य द्वार पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सीएम बोले-महाकाल का प्रांगण स्वर्ग लोक जैसा**

### अब भस्म आरती सुबह 4 बजे से

अब तक श्रावण मास में यह आरती रात 2:30 बजे से शुरू हो रही थी, लेकिन मंगलवार से यह आरती अपने पुराने समय सुबह 4 बजे से होगी।













### व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की बीच अहम बैठक

# ट्रंप और जेलेंस्की का संकेत, त्रिपक्षीय वार्ता से होगा रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूस-यूक्रेन युद्धविराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच सोमवार को अहम बैठक हुई। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि वो शांति के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जेलेंस्की पुतिन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने पुतिन की तारीफ करते हुए कहा कि उनके लिए अलास्का आना आसान नहीं था, फिर भी वो आए। पुतिन भी युद्ध नहीं चाहते हैं। ट्रंप ने इस दौरान ये भी कहा कि यूरोप के लोग शांति चाहते हैं। अगर हत्याएं रुक जाएं तो सीजफायर करना ठीक रहेगा। जंग समय आने पर खत्म होगी। त्रिपक्षीय बैठक में जंग खत्म होने की बेहतर संभावना है। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति का व्हाइट हाउस में ट्रंप ▶▶ शेष पेज 6 पर

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा सब कुछ ठीक रहा तो हम त्रिपक्षीय बैठक करेंगे*

इस बार जेलेंस्की की पैरवी के लिए ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भी साथ रहे।



**एकजुटता दिखाने बैठक में यूरोपीय नेता भी पहुंचे**

### यूक्रेन को शांति के लिए पूरी सुरक्षा चाहिए


यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि शांति समझौते के लिए उनके देश को सुरक्षा से जुड़ी हर चीज चाहिए। एक पत्रकार के सवाल पर उन्होंने बताया कि यूक्रेन को सबसे पहले एक मजबूत सेना चाहिए, जिसमें हथियार, सैनिक, ट्रेनिंग और खुफिया ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रूस के साथ जमीन अदला-बदली को तैयार नहीं: जेलेंस्की

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए डिप्लोमैटिक रास्ता अपनाने को तैयार है। उन्होंने फिर जोर दिया कि वह मॉस्को और वॉशिंगटन के साथ त्रिपक्षीय बैठक चाहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या यूक्रेन में शांति के लिए नक्शे बदलने (रूस से जमीन अदला-बदली) के लिए तैयार हैं तो जेलेंस्की ने इसका जवाब 'नहीं' ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इधर, पुतिन ने ट्रंप से बातचीत की जानकारी मोदी को दी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन किया और यूक्रेन युद्ध समाप्त करने को लेकर अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। पुतिन ने अमेरिकी राज्य अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बातचीत के तीन दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया। हालांकि ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



### पीएम मोदी ने शांति बहाली की फिर वकालत की

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि फोन कॉल के लिए और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी हालिया बैठक की जानकारी साझा करने के लिए मेरे दोस्त राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान के लिए तत्पर हूं।

### एमपी सहित चार राज्यों के एक साथ छापा

# डीआरआई ने भोपाल में पकड़ी 92 करोड़ रुपए की ड्रग्स फैक्ट्री




जगदीशपुर (इस्लामनगर) में गुप्त तरीके से संचालित हो रही थी फैक्ट्री, 7 गिरफ्तार

**भोपाल।** शहर में सोमवार कोफिर से ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने जगदीशपुर में छापा मारकर अवैध रूप से ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही 92 करोड़ रुपए कीमत की 61.20 किलो मेफेड्रोन जब्त की है। वहीं 541.53 किलो कच्चा माल भी बरामद किया है। इस मामले में 7 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### टोल वसूली पर एनएचएआई की याचिका पर शीर्ष कोर्ट का फैसला सुरक्षित

# अगर ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें?




सरकार ने कहा-कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालयेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली-मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### देश के कई हिस्सों में एयरटेल की सेवाएं ठप

**नई दिल्ली।** एयरटेल यूजर्स पिछले कुछ घंटों से नेटवर्क और इंटरनेट की दिक्कत झेल रहे हैं।



कंपनी ने सोशल मीडिया पर बताया है कि उन्हें समस्या की जानकारी है और इसे जल्द से जल्द ठीक करने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई जगहों से लोगों ने शिकायतें की हैं कि कॉल करना और दूसरी सेवाएं इस्तेमाल करना मुश्किल हो रहा है।

### विधायक मसूद पर 3 दिन में एफआईआर के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से भोपाल के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को झटका लगा है।



जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने मसूद के खिलाफ तीन दिनों के अंदर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। इंदिरा प्रदर्शिनी कॉलेज, भोपाल के मामले में बेंच ने सरकार से पूछा कि 20 साल से आज तक क्यों कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### तंबाकू की श्रेणी में रखने पर विचार

## 'ऑनलाइन गेमिंग' पर लग सकता है 40% जीएसटी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) पर केंद्र सरकार बदलाव करने जा रही है। सरकार सिन और डिमेरिट गुड्स पर विशेष 40 फीसदी टैक्स लगाने की तैयारी है। जिसमें पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट, लग्जरी गाड़ियों के साथ ऑनलाइन गेमिंग को भी शामिल किया जा सकता है। इससे पहले, कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां यह कहते हुए 28% टैक्स नहीं दे रही थीं कि कौशल आधारित खेलों और भाग्य आधारित खेलों के लिए अलग-अलग टैक्स दरें हैं। जुलाई 2023 में परिषद द्वारा 1 अक्टूबर, 2023 से ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ ऑनलाइन गेमिंग से रेवन्यू 6,909 करोड़ रु. तक पहुंचा

### शुभांशु ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## अंतरिक्ष में अपने साथ ले गए तिरंगे को किया भेंट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। इस दौरान शुभांशु ने पीएम मोदी को वह तिरंगा भेंट किया, जिसे वह अपनी ऐतिहासिक एक्सियोम-4 मिशन के दौरान इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर ले गए थे। यह तिरंगा ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ अंतरिक्ष यात्रा से जुड़ी तस्वीरें दिखाईं

### सीसीटीवी डीवीआर भी ले गए

## सूरत में 25 करोड़ के हीरे चोरी, कटर से तिजोरी काटी

एजेंसी ▶▶सूरत

कपोद्रा थाना क्षेत्र स्थित डक एंड संस डायमंड फैक्ट्री में चोरों ने फिल्मी अंदाज में चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने फैक्ट्री के ऑफिस में रखी तिजोरी को गैस कटर से काट डाला और उसमें रखे लगभग 25 करोड़ रुपए से भी अधिक मूल्य के हीरे लेकर फरार हो गए। फैक्ट्री 15 अगस्त की शाम से जन्माष्टमी और रविवार की छुट्टियों के कारण बंद थी। सूचना मिलते ही कपोद्रा पुलिस, क्राइम ब्रांच और एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई। एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने पाया कि चोर न केवल तिजोरी काटकर हीरे ले गए, ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ डीसीपी एफएसएल की टीम जांच में जुटी





## भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश, जबलपुर में एक लोडिंग ऑटो बहा

*करीब 13 फीट ऊंची सीमेंट की दीवार भरभराकर गिरी*


# इंदौर में वाटर टैंक निर्माण के दौरान दीवार गिरी तीन लोगों की मौत, महू में नदी में बहा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सोमवार को भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। खरगोन के भगवानपुरा और पीपलझोपा में रुक-रुककर हुई बारिश से नदी-नाले उफना गए। इंदौर में भारी बारिश के दौरान एक निर्माणाधीन दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, मजदूर गौतम राठौर (22), रमेश्वर पवार (48) और टीटू राठौर (35) दीवार गिरने से मलबे में दब गए। एक अन्य ▶▶ शेष पेज 6 पर





**3 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम**

मौसम विभाग ने 14 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 4 जिले- देवास, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में 24 घंटे के अंदर अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर और भोपाल संभाग के अन्य 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अगले 3 दिन सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिलेगी। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### *सेल्फी लेने के चक्कर में युवक नदी में गिरा*

*इधर, जबलपुर में एक लोडिंग ऑटो नदी में बह गया। ट्रैक्टर की मदद से रस्सी बांधकर उसे बाहर निकाला गया। महू के मानपुर में एक युवक सेल्फी लेने के दौरान अजनार नदी में बह गया। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं सके। उसकी पहचान अभय ऊर्फ सोनू साहू (22) के रूप में हुई है। खरगोन के पीपलझोपा में सिरवेल मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी। करीब ढाई फीट पानी सड़क पर जमा हो गया। एक वैन लगभग आधी डूबी रही। कुछ घरों में पानी घुस गया।*

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 15 से ज्यादा टीमों ने लिया हिस्सा

# भूतेश्वर महादेव की टीम ने रात 3.51 बजे फोड़ी मटकी, जीत लिया 2.51 लाख रुपए का इनाम

### इंडियन आइडल फेम-15 चैतन्य देवड़े की गोविंदा आला की प्रस्तुति पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल बृजवाला, एक, दो, तीन, चार संग पांच, छ, सात हैं ग्वाला जैसी सुमधुर प्रस्तुति से इंडियन आइडल फेम-15 चैतन्य देवड़े ने मटकी फोड़ने आए गोविंदाओं की टोलियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। चैतन्य देवड़े भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित प्रदेश की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रस्तुति देने पहुंचे थे।

समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 15 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। रात 3.51 बजे भूतेश्वर महादेव टीम के सदस्यों ने मटकी फोड़ कर 2.51 लाख रुपए की ईनामी राशि जीती।



### कई जिलों की टीमें ने दर्शकों का बढ़ाया उत्साह

समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि 2.51 लाख रुपए इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलो से 15 से ज्यादा गोविंदा की टोलियां शामिल हुई। कार्यक्रम में मेला टीम के महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शीतला माता मंदिर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता आज

शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल की ओर से शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा में मंगलवार को मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष पं. श्री हरि जोशी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के लगातार आंठवा वर्ष में मंगलवार शाम 7:00 बजे से मंदिर में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। तो वहीं जयपुर, उज्जैन व भोपाल के गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य संरक्षक व सांसद आलोक शर्मा, मार्गदर्शक/सलाहकार व पार्षद मनोज राठौर, विकास नेमा व सोनल साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### नवोदय प्रवेश के लिए तारीख बढ़ी, अब 27 अगस्त तक मौका

**भोपाल।** रातीबड़ स्थित पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 में कक्षा 6, 9 एवं 11 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी एवं अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 6 के लिए आवेदन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त एवं परीक्षा तिथि 13 दिसंबर है। कक्षा 9 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर एवं परीक्षा तिथि 7 फरवरी 2026 है। कक्षा 11 के लिए आवेदन अंतिम तिथि 23 सितंबर एवं परीक्षा तिथि 7 फरवरी 2026 है।

### प्रेम दास महाराज सनातन जन कल्याण की संकल्प यात्रा 1 सितंबर से

**भोपाल।** अखिल भारतीय श्री पंच तेरह भाई त्यागी खाक चौक अयोध्या (दिगम्बर अखाड़ा) के महंत प्रेम दास जी महाराज ने देश धर्म कार्य के लिए बड़ा संकल्प लिया है। इसकी शुरुआत उनके संगठन -संस्था सनातन जन कल्याण संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश से की जा रही है। इस विषय को लेकर सोमवार को श्री महाकाली ज्योति मंदिर में महंत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एक सिंतबर से श्रीराम मंदिर नव निर्माण व जीर्णोद्धार को लेकर संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। पहला मंदिर भोपाल में बनेगा।

### अंबाला पुलिस ने भोपाल के जहांगीराबाद में रहने वाले 4 जालसाज पकड़े

**भोपाल।** हरियाणा की अंबाला पुलिस ने शेयरट्रेडिंग के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले जालसाज गिरोह के सदस्यों को भोपाल से पकड़ा है। आरोपी जहांगीराबाद के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान शेख अरसील, सोयेब और उबेज सहित एक अन्य के रूप में हुई है। दरअसल अंबाला के रहने वाले राजीव जैन ने साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे अज्ञात आरोपियों ने मुनाफे का लालच देकर शेयर ट्रेडिंग के जरिए 8 लाख 95 हजार रुपए ठग लिए। अंबाला की साइबर पुलिस ने मामले का इन्वेस्टिगेशन किया तो चार सदस्यीय जालसाज गिरोह का खुलासा हुआ।

### निटरः राष्ट्रीय कार्यशाला राजभाषा संवाद 2025 का आयोजन 22 को

**भोपाल।** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) द्वारा राजभाषा संवाद 2025 शीर्षक से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 22 अगस्त को किया जाएगा।

### खाटू श्याम मंदिरों में बाबा का होगा विशेष श्रृंगार, लगाया जाएगा 56 भोग


# आर्द्रा नक्षत्र और वज्र योग के संयोग में आज मनाई जाएगी अजा एकादशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी (अजा एकादशी) मंगलवार को मनाई जाएगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे के अनुसार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर आर्द्रा नक्षत्र और वज्र योग का संयोग रहेगा।

दिन के शुभ अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:58 - 12:50 मिनट तक रहेगा। राहुकाल दोपहर 15:38 - 17:15 मिनट तक रहेगा। चंद्रमा मिथुन राशि में संचरण करेंगे। इसे पापों के नाश और मोक्ष प्राप्ति के लिए उत्तम के नाम से भी जाना जाता है। एकादशी पर राजधानी के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इस मौके पर लोग व्रत रखेंगे।





### 121 किलो फूलों से बाबा का किया जाएगा विशेष श्रृंगार

वैष्णोधाम आदर्श नवदुर्गा-बाबा खाटू श्याम मंदिर में 11 तरह के 121 किलो फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। पूजा के बाद 56 भोग लगाया जाएगा। इसी तरह राजधानी के बिड़ला मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी अजा एकादशी के उपलक्ष्य में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचेंगे। भक्तजन भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अजा एकादशी के दिन व्रत रखने से जीवन में शांति, समृद्धि और सुख की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत और पूजा करने से सभी पापों का नाश होता है और व्यक्ति को मुक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के साथ यह व्रत करना चाहिए।

### बहनों ने शर्मा को बांधी स्नेह की डोर

## माताओं-बहनों का बेटा और भाई पहले हूं, विधायक बाद मेंः रामेश्वर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। सोमवार को तूमड़ा क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। जहां हजारों की संख्या में उपस्थित बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान विधायक शर्मा ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि हर साल मुझे हजारों की संख्या में हुजूर की बहनों का प्यार मिलता है। रामेश्वर ने कहा कि मैं हुजूर का विधायक होने से पहले इस क्षेत्र की माताओं बहनों का बेटा और भाई हूं। इसलिए हुजूर की माताएं बहनें मुझे अपने परिवार का सदस्य मानकर स्नेह करती है। प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर हजारों हजार महिलाएं राखी बंधाकर अपने रामेश्वर भाई को कार्य करने की दोगुनी शक्ति देती हैं। उनके आशीर्वाद और स्नेह के कारण ही आज हुजूर की विकास यात्रा तेजी से जारी है। बहनों के इस अपार स्नेह का मैं सदैव आभारी रहूंगा।



### शिवराज ने खींचा शोभायात्रा में रथ



श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बरखेड़ी स्थित राधा कृष्ण मंदिर अहीर मोहल्ले में भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान अध्यक्ष संतोष यादव, साधना नन्दू यादव, देवेंद्र योगी, श्यामा पहलवान, कृपा राम यादव उपस्थित रहे।

### शोध केंद्र सुविधा होगी उपलब्ध

## भेल कॉलेज से अब प्रबंधन विषय में भी होगी पीएचडी

- कॉलेज में जनभागीदारी समिति बैठक में लिया महत्वपूर्ण निर्णय
- कॉलेज में अभी वाणिज्य और राजनीति विज्ञान विषय में हो रही पीएचडी, अब किया जा रहा विस्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के शोध केन्द्र पर प्रबंधन विषय से पीएचडी सुविधा तथा विद्यावन का विकास किए जाने जैसे निर्णय लिए गए हैं। बैठक की अध्यक्षता बारेलाल अहिरवार ने की।

### अभी वाणिज्य, राजनीति विज्ञान में पीएचडी

कॉलेज के प्राचार्य एवं सचिव डा संजय जैन ने बताया कि 21 अगस्त को बाबूजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। कालेज में अभी वाणिज्य और राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की सुविधा है। महाविद्यालय परिसर में विकसित किए जा रहे विद्यावन में फलदार वृक्ष भी लगाए जाएंगे। आयोजित बैठक में सदस्य डा. चारूलता राठौड़, डा.अंजना अग्रवाल, पक्ष खाम्बरा, करतार सिंह नागर, भेल प्रशासक प्रतिनिधि सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### न्यूनतम विद्युत दुर्घटना के लिए ओएंडएम भोपाल सर्किल को चलित शील्ड

एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने न्यूनतम विद्युत दुर्घटना के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के भोपाल संचारण-संधारण सर्किल को चलित शील्ड प्रदान की है। सिंघल ने इसके लिए भोपाल संचारण-संधारण सर्किल के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

### जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने राजधानी भोपाल में आरोपी को किया ट्रैप

## अनुसूचित जाति विकास कार्यालय में तैनात सहायक ग्रेड वन बाबू एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को भोपाल में दबिश देकर राजीव गांधी भवन श्यामला हिल्स स्थित अनुसूचित जाति विकास कार्यालय में पदस्थ एक बाबू को एक लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी बाबू जाति प्रमाण पत्र की जांच को दबाकर रखने के एवज में 5 लाख की रिश्वत मांग रहा था। जबलपुर लोकायुक्त ने उसे पहली किश्त के तौर पर ली गई एक लाख की रिश्वत राशि के साथ घर से पकड़ा है।

पूरा मामला यह है कि वाणिज्य कर कार्यालय छिंदवाड़ा में सहायक ग्रेड टू में पदस्थ ऊषा दाभीरकर की जाति प्रमाण पत्र को लेकर कुछ समस्या जा रही थी, जिसकी जांच कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास विभाग राजीव गांधी भवन भोपाल द्वारा की जा रही थी। महिला सहायक ग्रेड टू की नौकरी 2 साल की बची थी और इसे वरिष्ठ अधिकारियों से बचाते हुए दबाकर रखने के एवज में आरोपी जीवन लाल बरार द्वारा उससे 5 लाख रुपए की डिमांड की गई। इस मामले की शिकायत महिला क्लर्क ने जबलपुर लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले से की। शिकायत की जांच पर पाया कि रिश्वत की बात सही है, जिसके बाद जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने ट्रैप दल का गठन किया।



## एनएसयूआई ने आंबेडकर के 1111 चित्र लगाकर अतिथि शिक्षक भर्ती में अनियमितता का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में लगे अनियमितता के आरोपों को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विवि परिसर में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के 1111 चित्र और पोस्टर दीवारों पर चिपकाकर विश्वविद्यालय प्रशासन का विरोध जताया। विवि के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के बाहर यह पोस्टर लगाए गए थे। इस मामले में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अमन पठान ने कहा कि आरक्षण नियमों की अनदेखी और जातिगत भेदभाव लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ है। यह संविधान और सामाजिक न्याय दोनों का अपमान है। हम इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे। विवि एनएसयूआई प्रभारी तनय शर्मा ने कहा कि यह केवल प्रतीकात्मक शुरुआत है। यदि विवि प्रशासन ने आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की, तो हम उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

### विश्व मच्छर दिवस पर आयोजित होंगे जागरुकता कार्यक्रम

## एक लाख 97 हजार मलेरिया जांच में मिले सिर्फ छह पॉजिटिवः स्मृता नामदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस पर आयोजित होने वाले जागरुकता कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला मलेरिया कार्यालय में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने मलेरिया जोन सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रवार मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में स्मृता नामदेव ने बताया कि अब तक जिले में एक लाख 97 हजार 75 मलेरिया जांच की जा चुकी हैं, जिनमें छह पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। इसी प्रकार तीन लाख 13 हजार 571 घरों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें 23 लाख चार हजार 822 कंटेनरों का निरीक्षण किया गया और इनमें से 10 हजार 880 कंटेनरों में लार्वा पाया गया।

उन्होंने बताया कि जुलाई माह में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के 56 ट्राइबल छात्रावासों में लार्वा विनष्टिकरण की कार्रवाई की गई तथा छात्रों को भी जागरूक किया गया। साथ ही अब तक जिले के 63 स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

### ड्राइंग और पोस्टर प्रतियोगिता से देंगे 'डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम' का संदेश

नामदेव ने बताया कि बुधवार को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाएगा, जिसके लिए जिला मलेरिया कार्यालय ने विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इस अवसर पर जिले के सभी जोनों की स्कूलों में 'डेंगू नियंत्रण एवं रोकथामस विषय पर ड्राइंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेताओं को ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर आर्मी मैन की पत्नी से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादीशुदा महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर आर्मीमैन की दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी और महिला की पहचान एम्स में हुई थी।

पहचान होने के बाद दोनों में दोस्ती हो गई और नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने उसे कीपेड मोबाइल दिया। मोबाइल पर बातचीत होने लगी और आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब पति ने पत्नी के पास कीपेड मोबाइल देखा। इसके बाद अवधपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 27 साल की महिला गृहणी है। पति आर्मी में नौकरी करता है और शहर से बाहर उसकी पोस्टिंग है। इसी वर्ष फरवरी महीने में महिला इलाज कराने के लिए एम्स अस्पताल गई थी, वहां उसकी मुलाकात जयदीप नामक युवक से हुई। जयदीप ने खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया। बातचीत के दौरान महिला ने खुद के लिए नौकरी बात कही। जयदीप ने बताया कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। उसने महिला को एक कीपेड वाला मोबाइल भी दिया था।

### इलाके में जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन पर मंडरा रहा गंभीर खतरा

# केरवा में बाघों का सबसे ज्यादा मूवमेंट, वन विभाग नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल से सटे केरवा के घने जंगल इन दिनों अवैध गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र की अमूल्य जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस क्षेत्र में बाघों का सबसे ज्यादा मूवमेंट रहता है, साथ ही अन्य वन्य प्राणी भी बढ़ी संख्या में घूमते रहते हैं।

सोमवार को भी केरवा के चंदनपुरा क्षेत्र में सड़कों पर बाघ घूमता हुआ देखा गया था। वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की लेकिन कुछ नहीं मिला। लेकिन इस सबके बीच इस क्षेत्र में वन भूमि पर तेजी से फैल रहा झुग्गियों का अतिक्रमण, वन्यजीवों के शिकार की बढ़ती घटनाएं और वन सुरक्षा व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही ने स्थिति को बदतर बना दिया है।



### निगरानी कर रही टीम

केरवा क्षेत्र में इस तरह की कोई गतिविधि हो रही है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

\- लोकप्रिय भारती, डीएफओ, भोपाल

### अवैध कब्जे और शिकार ने बढ़ाई चिंता

समरधा क्षेत्र में झुग्गियों का अवैध फैलाव चिंता का विषय बन गया है। जंगल के भीतर लोग अवैध रूप से बस रहे हैं, जिससे न केवल बहुमूल्य वन भूमि पर कब्जा हो रहा है, बल्कि पेड़ों की कटाई और अन्य वन संसाधनों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही, वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं में भी बढ़ रही है, जो वन्य प्राणी संरक्षण कानूनों का सीधा उल्लंघन है।

### टूटी सुरक्षा घेराबंदी दे रही रास्ता

वन विभाग द्वारा जंगल की सुरक्षा के लिए लगाई गई जाल और बाड़ (फेन्सिंग) कई स्थानों पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस बदहाल सुरक्षा घेराबंदी का फायदा उठाकर अतिक्रमणकारी और शिकारी बिना किसी भय के आसानी से जंगल में प्रवेश कर रहे हैं। वन विभाग की ओर से अब तक इन अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण जिससे अवैध काम करने वालों के हौसले और बढ़ रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो केरवा का ये हराभरा जंगल हमेशा के लिए खत्म हो सकता है। इसका असर सिर्फ जानवरों और पेड़ों पर ही नहीं, बल्कि पूरे भोपाल के पर्यावरण पर पड़ेगा।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 अगस्त 2025



# कभी तेज बारिश, कभी बौछारें, शाम को बराबर हो गया दिन-रात का पारा

## कल से बढ़ेगी बारिश की रफ्तार, 21 से 24 अगस्त के बीच जारी रहेगा तेज बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को सुबह से शाम तक कहीं तेज बारिश तो कहीं बौछारों का दौर रहा। शहर में दोपहर बाद तेज बौछारों से तापमान में तेजी से कमी आई। दिन का पारा दोपहर में 1.1 डिग्री बढ़कर 32.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री अधिक रहा। दोपहर बाद बारिश के बाद यह करीब 7 डिग्री गिरकर 25 डिग्री तक पहुंच गया।

शहर में न्यूनतम पारा 2 डिग्री बढ़कर 25 डिग्री रहा, जिससे शाम को दिन और रात का पारा लगभग बराबर रहा। इससे गर्मी और उमस से राहत रहने के साथ ही लोगों ने भीगे मौसम का लुत्फ उठाया। दिन के तापमान में प्रदेश भर में 2 से 3 डिग्री की घट बढ़ रही, जिससे दिन का औसत पारा 33 डिग्री पर रहा है।

### प्रदेश के आसपास सिस्टम सक्रिय होने के साथ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही

गर्मी और उमस से राहत, लोगों ने भीगे मौसम का लुत्फ लिया

दिन का औसत पारा 33 डिग्री के करीब


त्रिलंगा में दोपहर 2.51 बजे तेज बारिश का दृश्य।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश के आसपास सिस्टम सक्रिय होने के साथ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आने से अब बारिश में वृद्धि होगी। यह क्रम 21 से 24 अगस्त के बीच अधिक रहेगा।

### मानसून ट्रफ गुजर रही

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी मानसून ट्रफ प्रदेश के नीचे से गुजर रही है। एक वेलमार्क लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी में बन गया है, जो मंगलवार को डिप्रेशन में बदल जाएगा। यह मंगलवार को ओड़िशा तट पर पहुंचेगा। विदर्भ में एक सकुर्लेशन है, जो बंगाल की खाड़ी से गुजर रही ट्रफ तक सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पूर्वी अरब सागर और आसपास लगे गुजरात में सक्रिय है। इन सभी प्रमुख कारणों से प्रदेश में लगातार नमी आ रही है, जिससे 20 अगस्त से बारिश में वृद्धि होगी। यह सिलसिला 24 तक चलने की उम्मीद है। भोपाल में सुबह और शाम को बारिश की उम्मीद है।


लिंक रोड 1 पर दोपहर 3.30 बजे बारिश में भीगती युवती।

## मुंबई से भोपाल होती थी कच्चे माल की सप्लाई

# विदेश में बैठा सरगना कर रहा था ड्रग्स सिंडीकेट को ऑपरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजस्व खुफिया निदेशालय, (डीआरआई) ने जगदीशपुरा के पास 92 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी है। इसमें पकड़े गए 7 आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और यूपी से जुड़े ड्रग सिंडीकेट को विदेश में बैठा सरगना ऑपरेट करता था।

जांच टीम को फैक्ट्री में 541.53 किलोग्राम कच्चा माल भी बरामद हुआ है। जिसमें मेथिलीन डाइक्लोराइड, एसीटोन, मोनोमेथिलमाइन (एमएमए), हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल) और 2-ब्रोमो शामिल हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि ड्रग्स निर्माण के लिए यह कच्चा माल मुंबई के भिवंडी क्षेत्र से सप्लाई हो रहा था। इस मामले में डीआरआई की टीम ने यूपी से एक युवक को पकड़ा है, जो मुंबई से भोपाल कच्चे माल की सप्लाई का काम करता था। वहीं दो ऐसे आरोपियों को भी पकड़ा है, जो कच्चा माल उपलब्ध कराते थे। डीआरआई ने मौके से अवैध ड्रग्स प्रोडक्शन की यूनिट में लगे सभी उपकरणों को भी जब्त कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ में बड़े खुलासे की उम्मीद है।

### 10 माह पहले बगरोदा में पकड़ी गई थी 1800 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स

**खास बातें**

- हवाला का कनेक्शन भी आया सामने
- सूरत से एक आरोपी पकड़ा
- अब तक कुल 7 गिरफ्तार



10 माह पूर्व राजधानी के पास बगरौदा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने छापा मारकर एक ड्रग्स की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया था। इसमें एनसीबी को 1800 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स जब्त की थी। एनसीबी की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया था। इस मामले में एनसीबी ने कई ड्रग्स तस्करों को पकड़ा था। वहीं जिसने फैक्ट्री संचालन के लिए जगह दी थी उस पर भी प्रकरण दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपियों में सान्याल प्रकाश बानो नासिक का रहने वाला था और दूसरा आरोपी अमित चतुर्वेदी भोपाल का रहने वाला था। गुजरात एटीएस और एनसीबी ने मिलकर इस फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर बड़ी मात्रा में कच्चा माल जब्त किया था।

### सूरत और मुंबई से हवाला के जरिए भोपाल में भेजी जाती थी रकम

शुरूआती जांच से पता चला है कि सूरत और मुंबई से हवाला के जरिए भोपाल में पैसा भेजा जा रहा था। पैसे के लेन-देन के लिए जिम्मेदार कार्टेल के एक करीबी सहयोगी को भी सूरत में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी सात लोगों ने भारत में मेफेड्रोन नेटवर्क के एक विदेशी संचालक और सरगना के निर्देश पर मेफेड्रोन के गुप्त निर्माण में अपनी-अपनी भूमिका को स्वीकार किया। जानकारों की माने तो मेफेड्रोन, एक मनोविकार नाशक पदार्थ है, जो स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत सूचीबद्ध है। यह समाज के लिए एक गंभीर खतरा है।

**किसी को नहीं लगी भनक**

गोपनीय तरीके से डीआरआई ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिससे किसी को इसकी भनक नहीं लगी। स्थानीय पुलिस को तक इसका पता नहीं था। ड्रग्स फैक्ट्री भी गुप्त रूप से चल रही था। आसपास ग्रामीणों को भी इसकी भनक नहीं थी। यह एकांत में चल रही थी, जहां किसी की आवाजाही नहीं थी।

## बिजली चोरी के पकड़ाए दो हजार 40 मामले



**भोपाल।** भोपाल शहर में स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान उपभोक्ता परिसरों से निकाले गए पुराने मीटरों की एनएबीएल लैब में चेकिंग के दौरान चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुराने मीटरों में तकनीकी खराबी कर रेजिस्टेंस या गड़बड़ी के 2 हजार 40 मामले पकड़े गए हैं। इनमें आरोपी उपभोक्ताओं पर कंपनी ने चार करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की बिलिंग की है, जिसमें से एक हजार 219 मामलों में उपभोक्ताओं ने मीटर में गड़बड़ी की बात स्वीकार कर दो करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की राशि कंपनी के खाते में जमा कराई है। कंपनी ने 2 हजार 430 मीटरों में तकनीकी खराबी कर रेजिस्टेंस या अन्य छेड़छाड़ की गड़बड़ी एनएबीएल मान्यता प्राप्त मीटर टेस्टिंग लैब में पकड़ी है।

# वृंदावन ढाबा: सलाद में इल्ली मिलने पर युवक ने वीडियो बनाकर खाद्य विभाग से की शिकायत


## खाद्य अमले ने दाल फ्राई, सलाद, सेव-टमाटर की सब्जी के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में वृंदावन ढाबा के खिलाफ एक युवक ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत शनिवार रात यहां भोजन करने आए अर्जुन कुशवाहा नामक युवक ने सलाद में जिंदा इल्ली पाए जाने को लेकर की। अर्जुन अपने दोस्तों के साथ भोजन करने आए थे। खाने के दौरान उन्होंने सलाद में एक चलती हुई छोटी इल्ली देखी और उसका वीडियो बना लिया।

युवक ने ढाबा प्रबंधन से शिकायत की, लेकिन आरोप है कि उनके जवाब बेहद गैरजिम्मेदाराना थे। ढाबा के कर्मचारियों ने कहा कि आपको जो करना है, कर लो। इससे नाराज होकर अर्जुन ने तुरंत सोशल मीडिया के माध्यम से खाद्य विभाग में वीडियो भेजकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन ढाबा से मिक्स वेज, दाल फ्राई, सलाद, आटा, सेव-टमाटर की सब्जी आदि के नमूने लिए।

### पिज्जा हट से लिए पास्ता और तेल के नमूने



सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त होशंगाबाद रोड स्थित पिज्जा हट की शिकायत प्राप्त होने पर अरूनेश कुमार पटेल खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा पास्ता और तेल के नमूने लिए गए।

### सांची पेड़ा का लिया सैंपल

एक अन्य शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूनेश पटेल द्वारा होशंगाबाद रोड स्थित सांची कैफे से सांची पेड़ा व भोजराज धाकड़ खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा वैशाली नगर स्थित सांची पार्लर से सांची पेड़ा के नमूना लिए गए। इसी प्रकार औचक निरीक्षण पर अर्चना प्रभाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शाहजहांनाबाद स्थित हितेश ट्रेडर्स से हल्दी पाउडर, मोरधन भगर, रोस्टेड चना के नमूने इकट्ठा किए गए।




## कोर्स शुरू करने वाला पहला जिला अस्पताल

# जेपी: डॉक्टरों की कमी दूर करने तीन विभागों में शुरू होंगे डीएनबी कोर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पताल जेपी देश का पहला जिला अस्पताल होगा, जहां दो वर्षीय पोस्ट-डिप्लोमा (डीएनबी) प्रोग्राम के बाद तीन वर्षीय (डीएनबी) पाठ्यक्रम संचालित होंगे। मरीजों के इलाज के साथ अब जेपी अस्पताल में विशेषज्ञ भी तैयार होंगे। एएफएमसी से आए डॉ. संतोष सिंह ने सोमवार को जेपी अस्पताल के पेडियाट्रिक, इंटरनल मेडिसिन और जनरल सर्जरी विभागों का निरीक्षण किया।

उन्होंने टीचिंग फैकल्टी, ओटी, वार्ड, कौशल लैब और लाइब्रेरी आदि का मूल्यांकन किया। निरीक्षण अनुमोदित होते ही इस सेशन से तीनों कोर्स में चार-चार सीटों पर एडमिशन शुरू हो सकेंगे।

### डीएनबी कोर्स: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा

जेपी अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पियूष पंचरत्न ने बताया कि डीएनबी एक स्नातकोत्तर चिकित्सा डिग्री है, जिसे राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड एनबीईएमएस देता है। यह एमडी/एमएस के समकक्ष मानी जाती है। दो साल का डिप्लोमा डीएनबी (पोस्ट-एमबीबीएस) एक डिप्लोमा क्वालिफिकेशन है, जो चुनिंदा विशिष्टताओं में प्रशिक्षण देता है। यह डिग्री नहीं है, पर मान्य पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा है।

### टीम ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हमने डीएनबी कोर्स के लिए आवेदन किया था। केंद्र की मान्यता टीम ने पर्याप्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। टीम हमारी तैयारियों से संतुष्ट दिखी, उम्मीद है अनुमति मिल जाएगी। इसके लिए हम पिछले साल से तैयारी कर रहे थे। जेपी अस्पताल में टीचिंग फैकल्टी, लाइब्रेरी और आवश्यक बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के कारण नई सीटों की अनुमति मिलने की पूरी संभावना है।

डॉ. राकेश श्रीवास्तव, सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल

## दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था कृष्णा

# राखी बंधवाने भोपाल आए इंजीनियर की कोलार डैम में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर जिला स्थित बिल्किसगंज के वीरपुर गांव में कोलार डैम में डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर की है। कोलार पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

घटनास्थल बिल्किसगंज थाना क्षेत्र का होने के कारण मर्ग डायरी बिल्किसगंज थाने को भेजी जाएगी। पुलिस के अनुसार अमराई परिसर बागसेवनिया निवासी कृष्णा सिंह (27) नागपुर में कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। रक्षा बंधन में वह भोपाल घर आए थे। सोमवार को उन्हें नागपुर लौटना था।



### पैर फिसलने से डैम में गिरा युवक

रविवार को दोस्तों से उनकी बात हुई और वह दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए घर से निकल गए। सभी लोग वीरपुर गांव कोलार डैम में पहुंचे। वहां नहर किनारे बैठकर कृष्णा सिंह नहाने लगे। इसी बीच पैर फिसला और वह नहर के गहरे पानी में गिर गए। दोस्तों के शोर मचाकर मदद मांगने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। किसी तरह उन्हें पानी से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दोस्तों में किसी को नहीं आता था तैरना

मृतक कृष्णा सिंह के चचेरे भाई नितेश सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम दोस्तों ने परिजन को सूचना दी कि कृष्णा का एक्सीडेंट हो गया है। परिजन अस्पताल पहुंचे तो उन्हें उसका शव मिला। दोस्तों ने बताया कि नहाते समय पैर फिसलने के कारण कृष्णा गहरे पानी में डूब गया। नितेश ने बताया कि कृष्णा और उसके किसी भी दोस्त को तैरना नहीं आता था। वह इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन है। पिता टेलरिंग का काम करते हैं। कृष्णा परिवार की आर्थिक मदद के लिए पैसे भेजता था।



# वसुंधरा कॉलोनी में जुए की फड़ पर छापा, 7 गिरफ्तार, नाल काटने वाला एजाज फरार

◆ 1. 63 लाख नगद व अवैध शराब से भरी स्कार्पियो बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





टीला जमालपुरा पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात वसुंधरा कॉलानी में जुए की फड़ पर दबिश देकर सात आदतन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई में जुआ खिलाकर नाल काटने वाला एजाज उर्फ वकील फरार हो गया। गिरफ्तार 4 जुआरी नर्मदापुरम के रहने वाले हैं। पुलिस ने एक लाख 63 हजार 200 रुपए नगद के अलावा अवैध शराब से भरी स्कार्पियो बरामद की है। स्कार्पियों में करीब साढ़े 22 हजार रुपए की अवैध शराब थी। स्कार्पियो नर्मदापुरम से आए एक जुआरी की है। पुलिस ने जुआ एक्ट व आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस के अनुसार विगत 17-18 अगस्त की रात मुखबिर से सूचना मिली कि वसुंधरा कॉलोनी के पास गली में कुछ लोग ताश पत्तों पर हार-जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। इस बीच पुलिस ने 7 आदतन जुआरियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों के नाम संजीव जैन (41) निवासी निशातपुरा, तहार सिंह राजपूत (30) निवासी गुरु कॉलोनी जिला नर्मदापुरम, मनीष चौरे (33) निवासी अंकिता नगर बाबई रोड नर्मदापुरम, रोशन गौर (30) निवासी सोहागपुर जिला नर्मदापुरम, विवेक शर्मा (36) निवासी कालिका नगर जिला नर्मदापुरम, संदीप शर्मा (42) निवासी बाग सेवनिया और अशरफ अली (44) निवासी मुल्ला कॉलोनी निशातपुरा बताए गए हैं। पुलिस ने जुए की फड़ से एक लाख 63 हजार 200 रुपए नगद व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। आरोपी एजाज उर्फ वकील निवासी वसुंधरा कॉलोनी टीला जमालपुरा, जुआ खेलने के लिए लोगों को कॉल कर नर्मदापुरम व अन्य जगहों से आदतन जुआरियों को बुलाकर जुआ खिलाता है। इसके एवज में वह नाल काटता है और अवैध रूप से मुनाफा कमाता है। वह अभी अन्य जुआरियों के साथ जुआ खेल रहा था। पुलिस को देखते ही वह अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्त में आए जुआरियों व फरार एजाज उर्फ वकील के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी आरोपी आदतन जुआरी हैं और सूचना मिलने पर भोपाल व आसपास के जिलों में जुआ खेलने जाते हैं। आरोपी अशरफ अली के खिलाफ मारपीट व जुआ एक्ट के तहत चार प्रकरण अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। आरोपी संजीव जैन के खिलाफ दो, मनीष चौरे के खिलाफ चार व एजाज उर्फ वकील चार प्रकरण विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं।

### काली स्कार्पियो पर लगी थी काली फिल्म, पुलिस भी लिखा था

थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि वसुंधरा कॉलोनी स्थित जुए के अड्डे के पास से ही पुलिस ने काले रंग की एक स्कार्पियो भी बरामद की है। गाड़ी के सभी शीशों में काले रंग की फिल्म लगी थी, जिससे गाड़ी के भीतर कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। बदमाशों ने गाड़ी पर पुलिस भी लिखा रखा था। यह स्कार्पियो जुआरी मनीष चौरे की बताई जा रही है। पुलिस ने जिस समय गाड़ी जब्त की, उसमें ड्राइवर सुनील साहू (46) निवासी एकता चौक जिला नर्मदापुरम, मौजूद था। तलाशी लेने पर स्कार्पियो की डिग्गी में छह पेटी में रखी 300 क्वार्टर अवैध देशी मदिरा बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत साढ़े 22 हजार रुपए व स्कार्पियो की कीमत साढ़े 12 लाख रुपए बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप



### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में सोमवार को जन अभियान परिषद की नगर विकास समिति ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने नगर के रघुकुलम विद्यापीठ विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौराना नगर विकास समिति के आकाश रघुवंशी, युवा समाजसेवी पुष्पेन्द्र द्विवेदी, समित के पदाधिकारियों सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण कल से

**संतनगर।** बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक और आस्था जागृत करने के लिए झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट एच वार्ड द्वारा 20 से 25 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 5 बजे तक माटी से गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार राठौर, मास्टर आर्टिस्ट तथा कार्यक्रम के संयोजक किरण वाधवानी, सह-संयोजक वासदेव गुलानी तथा संजय प्रेमचंदानी की देखरेख में बच्चों द्वारा तैयार किए गए गणेश जी प्रतिमा को घर ले जा सकेंगे। यह प्रशिक्षण निःशुल्क रहेगा। बच्चे तथा उनके अभिभावक मंदिर परिसर कार्यालय में अपना पंजीयन करा सकेंगे।

### पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रुकमा अस्पताल के पास बरखेड़ी में व्यापारी की पत्नी ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला की पति-पत्नी के बीच होने वाली नोकझोंक से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार रश्मि साहू पति सुनील साहू (42) रुकमा अस्पताल के पास बरखेड़ी में रहती थी। उनके पति सुनील साहू व्यापारी हैं।

### स्वर्गीय विजय कोठारी को पटवा ने दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** नगर के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विजय कोठारी की पुण्यतिथि पर सोमवार को विधायक पटवा ने उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी ने स्वर्गीय विजय कोठारी को याद किया। स्वर्गीय विजय कोठरी मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी के पिता थे।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 348 | 54 | 455 |
| रात: | 199 | 99 | 234 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 359 | 70 | 370 |
| रात: | 147 | 27 | 368 |

## मंडीदीप नेशनल हाइवे की घटना, ड्राइवर गिरफ्तार

# सड़क पर बैठी गाय को ट्रक ने कुचला, दो की मौत, गुस्साए लोगों ने वाहन में आग लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में बीती रात नेशनल हाइवे पर इंदौर से सतना जा रहा अर्पित रोड लाइंस के एक ट्रक ने माता मंदिर के पास दो गायों को टक्कर मार दी। हादसा रात करीब 10.30 बजे हुआ। दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भाग निकला। वह करीब एक किलोमीटर दूर एचईजी के सामने हाईवे पर घाटी के नीचे ट्रक छोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था, तभी स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और वापस घटनास्थल पर लाकर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर, गुस्साएं लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने ट्रक में लगी आग को बुझाया।

सतालपुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी का कहना है कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गाय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिन उपद्रवियों ने ट्रक में आग लगाई थी, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को घटना की जानकारी करीब 15 मिनट बाद मिली। नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही सतलापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहां बड़ी संख्या में गो सेवकों और स्थानीय लोग मौजूद थे। नगर पालिका के वाहन से मृत गायों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

**खास बातें**

- मौके पर पहुंची पुलिस और दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू
- हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागा, एक किमी दूर लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया



### ट्रक मालिक को दी धमकी

अर्पित रोड लाइंस के महेश दुबे के अनुसार, भीड़ ने पहले चालक से बात की। फिर उसके मोबाइल से ट्रक मालिक को कॉल कर धमकी दी गई। कहा कि वह 15 मिनट में मौके पर पहुंचे, नहीं तो ट्रक में पेट्रोल डालकर आग लगा दी जाएगी। कुछ देर बाद ही ट्रक में आग लगा दी गई।

### मामले की जांच जारी

बीती रात एक ट्रक ने दो गायों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। कुछ अज्ञात लोगों द्वारा ट्रक में आग लगा दी गई है। पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

**शीला सुरैना**, एसडीओपी औबेदुल्लागंज

## औबेदुल्लागंज में दूध का टैंकर पलटा, तीन मवेशियों की मौत



### सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने में हुआ हादसा

**औबेदुल्लागंज।** सोमवार को टोल प्लाजा से पहले सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों को बचाने के चक्कर में दूध से भरा टैंकर पलट गया। इस हादसे में तीन मवेशियों की मौत हो गई। टैंकर के पलटते ही सड़क पर दूध बह निकला, जिसे कई लोगों ने बर्तनों में भरकर घर ले गए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की है।



## जहांगीराबाद डी-मार्ट के पास हुई वारदात

# जुलूस देखने पहुंचे दो युवकों पर धारदार हथियार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट के पास निकल रहे जुलूस को देखने पहुंचे युवकों पर दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू लगने से दोनों युवकों को गंभीर चोट आई है। घटना रविवार रात करीब 11 बजे के आसपास की है। पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि हमलावर किसी अन्य युवक पर हमला करने आए थे और युवकों को उनका साथी समझकर मारपीट करते हुए हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार विशाल बाथम पिता स्वर्गीय नरेश बाथम (21) होली चौक के पास भोईपुरा बुधवारा, तलैया में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह बोर्ड क्लब पर प्राइवेट काम करता है। रविवार रात वह अपने दोस्त अंश श्रीवास्तव गोगा नवमी छड़ी का जुलूस देखने जहांगीराबाद आया था। रात करीब 11 बजे विशाल और अंश श्रीवास्तव डी मार्ट के पास मेडिकल के सामने खड़े होकर जुलूस देख रहे थे। इस बीच एक युवक भागते हुए आया और उनके पास खड़ा हो गया। उस युवक के पीछे दो अन्य युवक दौड़कर आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान भागकर आया युवक भाग निकला। मारपीट के दौरान एक युवक ने अपने पास रखे चाकू से विशाल की पीठ पर हमला कर दिया। उसे बचाने अंश श्रीवास्तव आया तो आरोपी के साथ मौजूद युवक ने अंश पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर विशाल के परिचित कुनाल और लक्की पहुंचे और आरोपियों से उन्हें बचाया।

### 10वीं की छात्रा ने दुपट्टे का फंदा बनाकर लगाई फांसी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान बंजारी में दसवीं कक्षा की छात्रा ने रविवार शाम फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अकांक्षा भारती पिता स्वर्गीय सोमनाथ भारती (17) दशहरा मैदान के पास झुग्गी, बंजारी इलाके में रहती थी। वह दसवीं कक्षा की छात्रा थी। उसके पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में मां रेणु भारती और बड़ा भाई सौरभ है। मां घरों में काम करने जाती है और सौरभ भी प्राइवेट काम करता है। अकांक्षा घर में ही रहती थी। अकांक्षा के भाई सौरभ ने पुलिस को बताया कि रविवार को मां की तबीयत खराब थी। वह मां का इलाज कराने के लिए डॉक्टर के पास गया था। वहां से शाम करीब साढ़े 7 बजे मां को लेकर घर लौटा। इस दौरान अकांक्षा अंदर कमरे में बल्ली पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अकांक्षा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

## कृषि उपज मंडी औबेदुल्लागंज की कार्यकारिणी का गठन

# चंदर सिंह को बनाया मंडी अध्यक्ष मालती बनीं कार्यवाहक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



कृषि उपज मंडी इकाई औबेदुल्लागंज की कार्यकारणी का गठन दशरथ सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया। दशरथ सिंह राजपूत संरक्षक, चंदर सिंह राजपूत मंडी इकाई अध्यक्ष, मालती मासबोइनवार कार्यवाहक अध्यक्ष, अजय रायकवार उपाध्यक्ष, राहुल धुर्वे महामंत्री, अजय कुमार यादव कोषाध्यक्ष, कृष्णपाल सिंह सचिव, राजकुमार ठाकुर सह-सचिव, अरविंद सिंह सेंगर मीडिया प्रभारी, कृष्णकांत जकनोरे प्रवक्त, अंकित सक्सेना, गीतु भटनागर, शीला पाटिल, नीलू नाविक, विमल कुमार गुप्ता एवं नेहा भार्गव सदस्यों को नियुक्त किया गया। नियुक्त पर सभी कार्यकारणी सदस्यों व पदाधिकारियों का विधायक सुरेंद्र पटवा ने पुष्पमाला एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मंडी समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# अनिल बने अर्जुन नगर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष को लेकर पीपल चौक पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अनिल प्रजापति को अर्जुन नगर हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर वरिष्ठ रमेश गौर, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल, पंकज नागरानी, समर्थक उत्तम यादव, अंकित अग्रवाल, राजकुमार राजपूत, मौनी नागर, राजेश जोशी, बाला सैनी, सचिन यादव, रवि यादव, कान्हा प्रजापति, विशाल यादव, राहुल खन्ना आदि मौजूद थे। इसके बाद विजयी जुलूस निकाला गया।

### नगर में हिंदू उत्सव समिति के अब तीन अध्यक्ष हो रहीं चर्चाएं

**औबेदुल्लागंज।** नगर में हिंदू उत्सव समिति के तीन अध्यक्ष हो गए। राजेश खटीक पिछले ढाई साल से अध्यक्ष हैं, उनका 6 माह का कार्यकाल बाकी है। उन्होंने हिंदू उत्सव समिति के रजिस्ट्रेशन सहित पूरे दस्तावेज एसडीएम को एवं थाने में दिए। वहीं राम मंदिर में भारी जन समुदाय के बीच में सोनू चौकसे को हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष चुना। तीसरे अध्यक्ष अर्जुन नगर पीपल चौक में तीसरी हिंदू उत्सव समिति का गठन हुआ, जिसमें अनिल प्रजापति को अध्यक्ष चुना गया। नगर में तीन हिंदू उत्सव समिति बनने से चर्चाएं तेज हो गई है।

## नगर की प्राचीन संस्था हिंदू उत्सव समिति का चुनाव संपन्न

# सर्वसम्मति से सोनू चौकसे को बनाया गया अध्यक्ष, समर्थकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर की प्राचीन संस्था हिंदू उत्सव समिति जिसका निर्माण 1962 में स्व. डॉक्टर रमाशंकर चौरसिया, स्व. दुर्गा प्रसाद मित्तल, स्व. प्रेम नारायण तिवारी, स्व. डॉ. बंसल, स्व. जेके मित्तल ने गठन किया था। समिति के प्रथम अध्यक्ष डॉ. चौरसिया रहे। श्री हिंदू उत्सव समिति हीरानिया का सोमवार को चुनाव संपन्न हुआ। पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। चुनाव में चार लोग खड़े थे, जिसमें सुजीत यादव, सुनील बाल्मीकि, अशोक जायसवाल ने नाम वापस ले लिया था।

नगर के वरिष्ठ अशोक मित्तल, नरेंद्र शर्मा, द्विज चौरसिया, रामेश्वर नागर, दशरथ गुर्जर आदि ने चुनाव संपन्न कराया। इस चुनाव में मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी सुबह से ही सोनू चौकसे के पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए थे। चौकसे को हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर पार्षद सुजीत यादव, राजेंद्र गुड्डू, विक्रम यादव, वचन लोधी, लोकेश परमार, शंकरपाल, सुरजीत चौहान, सुनील सेरिया, आमिर ममनून, मनोज चौरसिया, अनिल अरोरा, अमित राय, अशोक जायसवाल, नीरज चावला आदि ने बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया में तहसीलदार निलेश सरवटे मौजूद रहे।

## रविंद्र भवन के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# कड़ी मेहनत, लगन और लक्ष्य को पाने की जिद से सफलता हासिल की जा सकती है: मंत्री शिवाजी

### 500 प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



रविंद्र भवन के सभागार में भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सिंधी गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी गई। समारोह में 10वीं, 12वीं और कॉलेज की डिग्री एवं प्रदेश स्तर पर अनेक गतिविधियों में उपलब्धियां और मैडल पाने वाले लगभग 500 प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि विद्यार्थी के लिए परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो कड़ी मेहनत-लगन और लक्ष्य को पाने की जिद से सफलता हासिल की जा सकती है।

### हर क्षेत्र में सिंधी समाज के लोग कर रहे नाम रोशन: सबनानी

विधायक सबनानी ने कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में इस सभागृह में समाज की प्रतिभाओं का एक साथ उपस्थित होना इस बात का संकेत देता है कि आज हम सिंधी समाज के लोग केवल व्यापार में ही नहीं अपितु शिक्षा, साहित्य, कला, खेल इत्यादि क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रहो हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. सुदेश कुमार सोहनी कुलगुरु चिरायु विश्वविद्यालय, प्रो. विजय अग्रवाल कुलगुरु आर के डी एफ विश्वविद्यालय, अनुराधा शंकर आईपीएस सेवानिवृत्त, पूर्व पुलिस महानिदेशक महेंद्र जोशी, मनोहर ममतानी, जयकिशन लालचंदानी एवं बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अंत में कार्यरत का आभार भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर एवं महासचिव रमेश थारवानी सिन्धी मेला के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा द्वारा किया गया।

## रास्ते में फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# ग्राम बिनेका में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा, पटवा हुए शामिल



**औबेदुल्लागंज।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ग्राम बिनेका में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक सुरेंद्र पटवा भी शामिल हुए। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं शोभायात्रा का रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# कानून व्यवस्था, सिंहस्थ के लिए प्रदेश में 22,500 पुलिस कर्मियों की होगी भर्ती

## हर वर्ष होगी 7500 रिक्त पदों पर भर्ती, तीन वर्ष तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था और सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत आने वाले 3 वर्षों में पुलिस विभाग में 22500 पदों पर भर्ती की जाएगी। अभी तक पुलिस विभाग में भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल की ओर से होती हैं। पुलिस को जल्द से जल्द मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अब मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' का गठन किया जाएगा।

यही बोर्ड पुलिस की भर्तियां करेगा। इससे पुलिस भर्ती में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा से युवाओं में खासा उत्साह है और वे इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं।

### वर्ष 2025 के लिए 'कर्मचारी चयन मंडल' करेगा भर्ती



मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए पुलिस में स्वीकृत पदों की भर्ती 'मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' की ओर से 'कर्मचारी चयन मंडल' करेगा। वर्ष 2026 से ये भर्तियां 'पुलिस भर्ती बोर्ड' से ही की जाएगी। प्रतिवर्ष पुलिस के रिक्त 7500 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में पुलिस विभाग के सभी रिक्त 22,500 पद भर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शीघ्र ही गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक कर सभी लंबित मामलों का समुचित समाधान कर लिया जाएगा।

### *मुख्यमंत्री के निर्णय से युवाओं में खासा उत्साह, आगामी वर्ष से पुलिस में भर्तियां करेगा पुलिस भर्ती बोर्ड*

### एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिए जाने की घोषणा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस, जेल और नगर सेवा एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियां में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिए जाने की घोषणा भी की है। वीवीआइपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी पात्रता अनुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता दिए जाने का निर्णय भी लिया गया है। पुलिस विभाग को दी जा रही इन सहुलियतों से विभाग की कार्यप्रणाली में सक्रियता आएगी और अधिकारी एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, जिससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आमजन को सुरक्षा कवच मिलेगा।*

---

### दिल्ली में 20 सितंबर को दिया जाएगा

# मप्र के आयुष विभाग को मिलेगा प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के आयुष विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड 2025 के लिए चुना गया है। यह सम्मान 'आयुष ई-मॉनिटरिंग सिस्टम' परियोजना के सफल क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह अवॉर्ड तीन चरणों की विस्तृत प्रस्तुतियों और दो चरणों की सार्वजनिक डिजिटल वोटिंग के बाद प्रदान किया जाएगा, जो इस उपलब्धि की पारदर्शिता और गुणवत्ता को और अधिक प्रमाणित करता है।

स्कॉच अवॉर्ड का वितरण समारोह 20 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्कॉच समिट के दौरान किया जाएगा। इस उपलब्धि पर आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार तथा प्रमुख सचिव आयुष विभाग डीपी आहूजा ने आयुष विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025 प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि कठोर निगरानी और मूल्यांकन के लिए हर केंद्र के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की वजह से अवॉर्ड के लिए चुना गया है। इसमें अनुभव साझा करना एवं श्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देना प्रमुख रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष ई-मॉनिटरिंग ने पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया है। राज्य के स्वास्थ्य तंत्र में आयुष चिकित्सा की सुलभता और गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

#### आयुष ई-मॉनिटरिंग का मुख्य उद्देश्य

प्रदेश के आयुष चिकित्सालयों और चिकित्सा महाविद्यालयों में ओपीडी (आउट पेशेंट विभाग) में अधिकतम वृद्धि करना, अधिक से अधिक नागरिकों को आयुष सुविधा कवरेज में लाने, लोगों को स्वस्थ एवं रोगमुक्त बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण आयुष सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयुष विभाग ने कई नवाचार अपनाए है। इसके लिए प्रत्येक माह दो बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिग सभी आयुष विकित्सा अधिकारियों एवं आयुष मेडिकल कॉलेजों के साथ अनुभव साझा किए। इसके साथ ही समस्याओं का समाधान किया गया।

#### स्कॉच अवॉर्ड के लिए विभाग ने यह भी किया

प्रत्येक आयुष सुविधा की रैंकिंग को प्रकाशित किया गया। प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार कर गुणवता बढ़ाने पर काम हुआ। आयुष अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना अस्पतालों और कॉलेजों में आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया। इस कार्य के लिए अपर सचिव आयुष विभाग संजय मिश्रा ने सतत निगरानी एवं समन्वय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद यह पुरस्कार संभव हो गया। बताते हैं कि उनके प्रयासों से ई-मॉनिटरिंग सिस्टम के सभी घटकों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ, जिससे राज्यभर में आयुष सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार हुआ है। मंत्री परमार ने कहा कि अवॉर्ड प्राप्त करना मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है।

---

### मुख्यमंत्री के प्रयासों से जीआईएस में हुए एमओयू को मिला ठोस स्वरूप

# जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने मप्र में एआई अनुसंधान एवं विकास के मौके तलाशे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर स्थित इन्फोबीन्स कैंपस में सोमवार को एमपी-ग्लोबल इनोवेशन एवं अनुसंधान और विकास एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। पांच दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस पर जर्मन व्यवसायिक प्रतिनिधिमंडल ने कॉर्पोरेट इंटरैक्शन की श्रृंखला में भाग लिया और मध्यप्रदेश में नवाचार तथा अनुसंधान और विकास की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया।

यह कार्यक्रम एमपीआईडीसी और जर्मन-इंडिया इनोवेशन कोर (जीआईआईसी) के बीच हुए समझौते का ठोस स्वरूप है, जिसे इन्क्यूबेशन मार्क्स के सहयोग से आयोजित किया गया। नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री की जर्मनी यात्रा तथा भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के दौरान हुए इस एमओयू ने द्विपक्षीय सहयोग को नए आयाम दिए हैं। इसके तहत जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में प्रमुख निवेश स्थान के रूप में आकर्षित करने, नवाचार और अनुसंधान को सशक्त बनाने तथा तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

**इंदौर में विकास एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 की उत्साहपूर्ण माहौल में शुरूआत**

**भारतीय और जर्मन दृष्टिकोण विषयों पर फायरसाइड चैट आयोजित की गई**



### जर्मन निवेशकों को निवेश के लिए आकर्षित करने पर जोर

#### दोनों पक्षों ने कारोबारी सहयोग पर साझा किए अपने विचार

कार्यक्रम में भारत से वैश्विक स्तर के डिजिटल उत्पाद बनाना, भारतीय नवाचार परिदृश्य और एजिलिटी के साथ स्केलिंग- भारतीय और जर्मन दृष्टिकोण विषयों पर फायरसाइड चैट आयोजित की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के विशेषज्ञों ने नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा सीमा-पार कारोबारी सहयोग पर अपने विचार साझा किए। प्रतिनिधियों ने टैलेंट एक्विजिशन प्रैक्टिस, कल्चर-फोकस्ड एचआर मॉडल और शक्ति महिला सशक्तिकरण पहल का भी अवलोकन किया। भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स जैसे जोहो, फ्रेशवर्क्स और ब्राउज़रस्टैक की सफलता का उल्लेख करते हुए जर्मन प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश में एआई विकास, तकनीकी साझेदारी, संभावित अनुसंधान एवं विकास केंद्र और युवाओं के लिए रोजगार अवसर तलाशने में गहरी रुचि दिखाई।

---

# वरिष्ठ सचिव स्तरीय समिति में होगा नपा और नप अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विचार, बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के नगरपालिकाओं व नगर परिषदों के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है। इसे लेकर मंगलवार को वरिष्ठ सचिव स्तरीय बैठक रखी गई है।

इस बैठक में प्रस्ताव की उपयोगिता, जरूरत, उसकी वैधानिकता आदि को लेकर बैठक में विचार होगा। इसमें अविश्वास प्रस्ताव की अवधि तीन वर्ष से बढ़ाकर साढ़े चार वर्ष करने का प्रस्ताव है। यदि वरिष्ठ सचिव स्तरीय बैठक में संशोधनों पर विचार में कुछ तय हो गया तो यह प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मप्र के कई नगर पालिकाओं व नगर परिषदों में अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन आए हैं।

#### दलों ने संशोधन प्रस्ताव पर सहमति जताई

*सचिव स्तरीय समिति की बैठक में होने के बाद ही इस पर कुछ निर्णय हो पाएगा। इसकी काफी समय से कवायद चल रही है। बताते हैं कि सरकार इस कानून में संशोधन करना चाहती है, किंतु इसे लेकर विरोध होने लगा है। इस बीच जानकारी मिली कि सरकार इस पर प्रक्रिया के तहत ही कोई निर्णय लेगी। चूंकि इसके दुरूपयोग को देखते हुए सभी राजनैतिक दलों ने भी संशोधन प्रस्ताव पर सहमति जताई है। इस वजह से वरिष्ठ सचिव स्तरीय बैठक में संशोधनों पर विचार करके इसे कैबिनेट से मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।*

---

# कैबिनेट की बैठक आज, एक दर्जन प्रस्तावों को मिलेगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट की बैठक मंगलवार को सुबह 11 बजे रखी गई है।

इसमें एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। बैठक में प्रत्येक जिले में गीता भवन की स्थापना को मंजूरी दी जाएगी। इसे साथ ही साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग समेत अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी विचार होगा।

---

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर तीन दिवसीय लेखनशाला आज से

**भोपाल।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जेण्डर रिसोर्स सेण्टर की एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करने के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय लेखन शाला 19 से 21 अगस्त तक भोपाल में आयोजित की जा रही है। शुभारंभ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। इस अवसर पर राज्यमंत्री राधा सिंह भी उपस्थित रहेंगी। लेखन शाला में 20 राज्यों के आजीविका मिशन प्रबंधन इकाई के सदस्य भाग लेंगे।

---




### जुगत और जुगलबंदी से बने संयुक्त संचालक नियम भी बौने हुए

टीएंडसीपी में एक साहब की चर्चा इन दिनों मंत्रालय से लेकर दूसरे विभागों तक में हो रही है। बताते हैं कि यह साहब पहले सहायक संचालक होते थे। फिर जैसे ही मौका मिला, जुगत से उप संचालक बन गए। इतने तक तो ठीक था, पर वे इससे भी काफी आगे जब निकल गए, जब वे संयुक्त संचालक बन गए। दरअसल, संयुक्त संचालक के लिए नियम है कि उप संचालक पद पर कम से कम पांच वर्ष की सेवा हो और बाकायदा उसका सीआर मेंटेन हो, किंतु साहब की जुगत ऐसी थी कि सारे नियम कायदे उनके सामने बौने हो गए। इस पर कुछ आपत्तियां भी आई, किंतु जुगत ऐसी थी कि उन आपत्तियों की भी परवाह नहीं हुई। खुद वरिष्ठ अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर वरिष्ठता दे दी। बताते हैं कि इसकी भनक के बाद दो महिला अधिकारी भी दावा पेश करने लगी, पर साहब कौन किसकी सुनता है? जुगत व जुगलबंदी ने सभी को मात दे दी।

### कोई मराठी तो कोई गुजराती और कन्नड़ में बात करता है, बाकी मुंह ताकते हैं

मंत्रालय व कई अन्य विभागीय कार्यालयों में कई बार अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो जाती है। इससे सामान्य तौर पर क्षेत्रवाद पनपता है। दरअसल, कुछ अफसर अपने स्टेट के कर्मचारियों के साथ उसी भाषा में बात करते हैं। जैसे किसी मीटिंग के दौरान कोई अफसर गुजराती, मराठी में अपने लोगों से बात करें तो बाकी उनका मुंह देखते रहते हैं कि आखिर में साहब क्या बोल रहे हैं। ऐसे ही एक विभाग में एक साहब मीटिंग में अपने लोगों से अपनी स्थानीय भाषा में बात करने लगे तो बाकी उनका मुंह देख रहे थे, समझने का प्रयास कर रहे थे कि साहब क्या बात कर रहे हैं। खैर, यह कोई बड़ी बात नहीं है, पर दिक्कतें उन्हें होती हैं, जो उन राज्यों की भाषा नहीं समझते। फिर बाद में चर्चा करते हैं कि यार, साहब ने क्या कहा, अब क्या होगा आदि आदि।

### साहबों के तेवर से वजीर भी हो रहे हैरान

मंत्रालय में कुछ साहबों के तेवर इन दिनों वजीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है। दरअसल, मंत्रालय में फाइलें अपने हिसाब से चल रही है। पहले एक ही आदेश में वह दौड़ने लगती थी, अब ऐसा नहीं है। अब तो फाइल तभी दौड़ती है, जब इशारा कुछ अलग तरह का हो। बताते हैं कि एक वजीर अपने विभाग के बड़े साहब से फाइल आगे बढ़ाने के लिए बोले। उन्होंने भी हां में हां मिला दी। यहां तक कहा कि आप जैसा कहें, वैसा ही कर देंगे। इसके बाद तो फाइल आगे बढ़ने के बजाय ऑफिस में आकर डंप हो गई। दरअसल, फाइल वही चलेगी जो आम जनता के काम की होगी, दूसरी अपनी खुद की फाइल इतनी आसानी से नहीं चलेगी। अब वजीर हैरान परेशान हैं। बताते हैं कि जिलों में भी वही स्थिति है। खैर, जो कुछ भी हो रहा है वह स्वाभाविक है और जनता से कोई सरोकार नहीं होने पर ही ऐसा होता है।

### मेट्रोपॉलिटन सिटी का बखान, यानी अच्छी पोस्टिंग का इंतजाम

एक साहब इन दिनों मेट्रोपॉलिटन सिटी कांसेप्ट का जमकर बखान कर रहे हैं। अक्सर मातहतों से भी कहते हैं कि इस तरह का कांसेप्ट हर जगह होना चाहिए। अब चूंकि उनके हाथ में ज्यादा कुछ नहीं है, पर चार-छह ऐसे लोगों से बखान जरूरत करते हैं जो बात को हाईकमान तक पहुंचा दें। दरअसल, साहब को अच्छी पोस्टिंग की दरकार है। इसलिए वे अपनी पूरी ताकत झोंक दिए हैं। अब देखिए साहब को पोस्टिंग कहां व किस तरह की मिलती है। वह अपने सामर्थ के हिसाब से सब कुछ कर रहे हैं, पर ऊपर वाले उनकी सुन ही नहीं रहे हैं। कई बार तो साहब ने खुलकर भी बोल दिया, किंतु उन्हें सुनने का मौका नहीं मिला। अब देखिए यह जुगत काम आती है या फिर नहीं।

-हरि अग्रहरि

---

### बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पुरोहित को दी जन्मदिन की बधाई



**भोपाल।** विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, बजरंग दल के पूर्व प्रांतीय सुरक्षा प्रमुख, पूर्व भोपाल जिला संयोजक विशाल पुरोहित के जन्मदिन पर भाजपा के भोपाल जिला मीडिया प्रभारी, बजरंग दल के पूर्व भोपाल विभाग संयोजक राजेंद्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर दीर्घायु की कामना की। पुरोहित को अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी, बजरंग दल, पूर्व भोपाल विभाग सह संयोजक बालिस्ता रावत, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ भोपाल जिला सह संयोजक, दक्षिण पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे, बजरंग दल पूर्व संत नगर संयोजक बल्लू राठौर, मुकेश ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### 24 घंटे के अंदर हटाए पार्टी विरोधी पोस्टः जीतू

**भोपाल।** हाल ही में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला और शहर अध्यक्षों की जो सूची जारी हुई, उसमें कई जगह विरोध प्रदर्शन हुआ। इसको देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को अपनी भावनाएं रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन पार्टी विरोधी गतिविधियां अथवा सोशल मीडिया पर संगठन या नेतृत्व के खिलाफ बयान देना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। जिन पदाधिकारियों या कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर पार्टी या नेतृत्व के खिलाफ बयान दिए हैं, उसे तत्काल हटाएं। पटवारी ने इसके लिए 24 घंटे की समय सीमा भी दी है और कहा है कि नहीं हटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



### वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता लाने कोष प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता लाने और डेटा विश्लेषण को प्रभावी बनाने की रणनीति बनाने के उद्देश्य से पिछले दिवस आयुक्त कोष एवं लेखा के तत्वावधान में मनन 1.0 कार्यशाला का आयोजन आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के संयुक्त संचालक और कोषालय अधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।


बी एच ई एल BHEL
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
Bharat Heavy Electricals Limited
Corporate Office: BHEL House, Siri Fort, New Delhi-110 049

आर्टिजन भर्ती – 2025

बीएचईएल युवा, गतिशील और कुशल आर्टिजनस को को पावर, उद्योग, ट्रांसमिशन, नवीकरणीय ऊर्जा, परिवहन, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और एयरोस्पेस, तेल और गैस के क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आमंत्रित करता है।

कुशल आर्टिजनस के लिए 515 रिक्तियां*

उम्मीदवारों के पास कक्षा दसवीं एवं राष्ट्रीय व्यापार प्रमाण पत्र (NTC / ITI) एवं संबंधित व्यापार में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (NAC) होना चाहिए। सामान्य और OBC उम्मीदवारों के लिए NTC/ITI और NAC दोनों में न्यूनतम 60% अंक आवश्यक हैं, जबकि SC और ST उम्मीदवारों के लिए दोनों में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक हैं।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए बीएचईएल भर्ती वेबसाइट का खुलना | 16 जुलाई, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 12 सितंबर, 2025 |

*नियुक्ति की शर्तों सहित विस्तृत जानकारी के लिए careers.bhel.in पर लॉग इन करें।

www.bhel.com /BHELOffical /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel






रिपोर्ट कैसे करें और समाधान कैसे प्राप्त करें

- अतिक्रमण की तस्वीर क्लिक करें और उसे जियो–टैग कर राजमार्गयात्रा मोबाइल ऐप पर अपलोड करें
- शिकायत रजिस्टर होने की सूचना
- शिकायत को ट्रैक करने की सुविधा
- समयबद्ध समाधान पाएं

अन्य विशेषताएं

- वार्षिक पास एक्टिवेशन
- मासिक पास और फास्टैग रिचार्ज
- टोल प्लाजा संबंधी जानकारी
- ओवर स्पीड एलर्ट
- आपातकालीन सहायता
- मौसम की जानकारी

राजमार्गयात्रा ऐप आज ही डाउनलोड करें सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए!
GET IT ON Google Play — या QR कोड स्कैन करें
Download on the App Store — या QR कोड स्कैन करें
http://rajmargyatra.nhai.gov.in

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार
सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी
सत्यमेव जयते
भा रा रा प्रा NHAI
CBC 37107/15/0011/2526

## पेज एक का शेष...

### स्वदेशी अभियान के ...

कि स्वदेशी अभियान के तहत गुणवत्तायुक्त उत्पाद बनाए जाएं। इसके लिए हम सबको अधिक काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पिछले सवा साल से औद्योगीकरण का प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके फलस्वरुप 30 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए जा चुके हैं। इसमें 21 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसी क्रम से राज्य सरकार काम करती रहेगी और निरंतर विकास की राह पर अग्रसर होती रहेगी।

### सीएम ने किया ...

सशस्त्र पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि बाबा महाकाल का प्रांगण स्वर्ग लोक जैसा लग रहा है। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में भगवान महाकाल की छठी सवारी है। रजत पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरुड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट का मुखारविंद और रथ पर सप्तधान मुखारबिंद शामिल हैं। सवारी में 70 भजन मंडलियों के साथ साधु-संत, पुलिस बैंड, महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी और पुरोहित भी शामिल रहे।

### ट्रंप और जेलेंस्की...

ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में फ्रांस, इटली, ब्रिटेन समेत कुछ अन्य यूरोपीय देशों के नेता भी इस बैठक में मौजूद रहे। ट्रंप से मुलाकात से पहले जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हम सभी इस जंग को जल्द से जल्द और विश्वसनीय रूप से खत्म करने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि काफी मदद मिलेगी और अमेरिका इसमें शामिल होगा। हम दो साल की शांति के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। बैठक के बाद ट्रंप ने बताया कि उनके पास पुतिन का फोन आया था, उन्होंने पूछा कि बैठक कैसी रही। ट्रंप ने कहा संघर्ष विराम नहीं मैं पूरी तरह से युद्ध विराम चाहता हूं। मुझे लगता है कि हमारे पास इसे (जंग) खत्म करने का अच्छा मौका है।

**ट्रंप ने जेलेंस्की के चुनाव न कराने पर तंज कसा:** मीटिंग के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ जंग खत्म होने के बाद ही वह राष्ट्रपति चुनाव कराने को तैयार हैं। इस पर ट्रंप ने हल्के तंज के अंदाज में कहा कि जंग के दौरान चुनाव न कराने का क्या मतलब है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि जंग जारी रहते हुए चुनाव कराना मुमकिन नहीं है। जेलेंस्की ने कहा- हमें जमीन, आसमान और समुद्र हर जगह सीजफायर चाहिए। तभी लोगों के लिए लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से चुनाव कराना संभव होगा। इस पर ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर साढ़े तीन साल बाद अमेरिका भी किसी युद्ध में होगा, तो क्या कोई चुनाव नहीं होगा?

### यूक्रेन को शांति के ...

जानकारी शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यह सब अमेरिका जैसे बड़े देशों और अन्य सहयोगी देशों की मदद पर निर्भर करेगा।

### रूस के साथ जमीन ...

में दिया। उन्होंने युद्ध रोकने की कोशिश के लिए ट्रंप की तारीफ की। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को हर दिन रूस के हमलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा- हमें इस युद्ध को रोकना है, रूस को रोकना है। इसके लिए हमें अमेरिका और यूरोप के साथियों का समर्थन चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि वह ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ त्रिपक्षीय बैठक के लिए तैयार हैं।

### इधर, पुतिन ने ट्रंप से ...

अलास्का शिखर सम्मेलन यूक्रेन युद्ध रोकने पर किसी सहमति के बिना समाप्त हुआ। अलास्का में ट्रंप और पुतिन के बीच हुई बातचीत बेनतीजा रही थी।

### डीआरआई ने भोपाल...

के छापे में खुलासा हुआ है कि ड्रग्स की यह फैक्ट्री जगदीशपुर (इस्लामनगर) में गुप्त तरीके से संचालित की जा रही थी। पकड़े गए सात आरोपी एक विदेश ड्रग सरगना के इशारे पर काम कर रहे थे। छापे के दौरान यहां मेफेड्रोन बनाने वाले एक केमिस्ट सहित दो व्यक्तियों को ड्रग्स का अवैध प्रोडक्शन करते मौके से ही पकड़ा गया। डीआरआई ने ऑपरेशन क्रिस्टल ब्रेक के तहत इस छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस ऑपरेशन में सूरत और मुंबई पुलिस ने डीआरआई को लीड दी है। इस ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और यूपी में एक साथ छापेमारी की गई।

### अगर ट्रैफिक जाम...

भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजनारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है तो उनसे टोल वसूलने का क्या औचित्य है? जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

### 'ऑनलाइन गेमिंग'...

कैसीनो पर एक समान 28% टैक्स लगाने के निर्णय के बाद जीएसटी रेवन्यू में तेजी से ग्रोथ हुई। पिछले सितंबर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि ऑनलाइन गेमिंग से रेवन्यू 412% बढ़कर सिर्फ 6 महीनों में 6,909 करोड़ रु. तक पहुंच गया, जबकि ऑनलाइन गेमिंग पर नोटिफिकेशन जारी होने से पहले यह 1,349 करोड़ रु. था। कैसीनो के लिए, उन्होंने कहा था कि रेवन्यू में 30% की ग्रोथ हुई है, जो निर्णय से पहले 6 महीनों में 164.6 करोड़ से बढ़कर इस कदम के बाद इसी अवधि में 214 करोड़ रु. हो गया।

### अंतरिक्ष में अपने साथ...

भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान के नए युग का प्रतीक है। पीएम मोदी ने शुभांशु को गले लगाकर उनका स्वागत किया। शुभांशु ने प्रधानमंत्री को अपनी अंतरिक्ष यात्रा से जुड़ी तस्वीरें दिखाईं। पीएम मोदी संग मुलाकात में शुभांशु ने अपने मिशन की चुनौतियों और रोमांच को साझा किया, जिसमें उन्होंने इंटरनेशनल क्रू के साथ आईएसएस पर लंबे समय तक अलग-अलग ऑपरेशन में हिस्सा लिया और कई एक्सपेरिमेंट्स किए। मुलाकात के दौरान शुभांशु ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी की खींची गई तस्वीरें प्रधानमंत्री मोदी को भेंट की। बता दें कि शुभांशु एक्सिओम-4 निजी अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे, जो 25 जून को फ्लोरिडा से रवाना हुआ और 26 जून को आईएसएस पर पहुंचा। वे 15 जुलाई को पृथ्वी पर वापस लौटे।

### सूरत में 25 करोड़ रु....

बल्कि फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ डाला और वहां से डीवीआर (रिकॉर्डिंग सिस्टम) भी साथ ले गए, जिससे अंदरूनी फुटेज हाथ नहीं लग सकी। पुलिस अब फैक्ट्री के बाहर लगे कैमरों और कर्मचारियों के कॉल डिटेल्स (सीडीआर) खंगाल रही है।

### इंदौर में वाटर टैंक निर्माण...

व्यक्ति घायल हुआ है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मजदूर 2 लाख लीटर क्षमता वाले अंडरग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण कर रहे थे। उसी दौरान करीब 13 फीट ऊंची सीमेंट की दीवार तेज बारिश के कारण अचानक भरभराकर गिर गई और मजदूर उसके नीचे दब गए। राजेंद्र नगर थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

## समता एक्सप्रेस से 9 लाख के जेवरात पार

**भिलाई।** समता एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली से रायपुर आ रही एक महिला का पर्स नागपुर-गोंदिया के बीच पार हो गया। बैग में 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरत थे। घटना की जानकारी जब ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचने पर जानकारी हुई। रायपुर के शंकर नगर रायपुर निवासी अनामिका वर्मा 16 अगस्त को ट्रेन संख्या 12808 समता एक्सप्रेस निजामुद्दीन से रायपुर तक यात्रा कर रही थी। महिला का कोच नंबर एस-3 में बर्थ नंबर 21 था। ट्रेन नागपुर स्टेशन पर रुकी थी। तब महिला ने अपना ब्राउन रंग का लेडीज बैग को सिर के नीचे रखकर सो गईं। महिला को ट्रेन के चलने का भी ध्यान नहीं रहा। जब ट्रेन दुर्ग स्टेशन से करीब 10-15 मिनट पहले थी। तभी सामने बैठे यात्री के बच्चों की आवाज से महिला की नींद खुली। नींद से जागते ही महिला ने पर्स गायब मिला। ट्रेन में आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया मगर कुछ हासिल नहीं हुआ। यात्रियों के मुताबिक वे डोंगरगढ़ से जाग रहे थे। तब से किसी को उनके बैग के पास जाते नहीं देखा गया। संदेह है कि बैग नागपुर से गोंदिया के बीच ही चोरी हुआ है। महिला के बैग में 75.180 ग्राम सोने के जेवरात 45.345 ग्राम का कड़ा और 10 ग्राम का मंगलसूत्र था।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री अशोक चंदेल पुत्र श्री गजेन्द्र चंदेल 2. श्रीमति रेखा पत्नि श्री अशोक चंदेल निवासी लांबाखेडा भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड / मकान स्थित म. क्र. 68 वार्ड क्र. 79 जोन क्र. 17 प्रष्ठ क्र. 11 सरल क्र. 17 मेन रोड लांबाखेडा भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. मे होकर 1539 वर्गफीट का है जो नगर निगम भोपाल की सीमा के अंदर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में- रास्ता, पश्चिम में- श्री जीवन चंदेल एवं श्री सुरेश का मकान, उत्तर में- श्री विनोद चंदेल का मकान तथा दक्षिण में- श्री हरिनारायण का मकान है। श्री अशोक चंदेल ने उक्त संपत्ति में अपनी पत्नि श्रीमति रेखा पत्नि श्री अशोक चंदेल को ईपंजीयन सहस्वामित्व दस्तावेज क्रमांक एमपी 059692024 अ 11233495 दिनाँक 14.10.2024 से सहस्वामी बनाया है।

उक्त प्लाट / मकान को 1. श्री अशोक चंदेल पुत्र श्री गजेन्द्र चंदेल 2. श्रीमति रेखा पत्नि श्री अशोक चंदेल निवासी लांबाखेडा भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. मेरी पक्षकार कंपनी पिरामल फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे है। उक्त संपत्ति से संबंधित किसी भी हितधारी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय, प्रायवेट बैंक कंपनी नजूल नगर पालिका, नगर निगम आदी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में संपर्क करे और लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी और मेरी पक्षकार कंपनी श्री अशोक चंदेल एवं श्रीमति रेखा चंदेल को ऋण प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

भवदीय **नरेन्द्र बघेल पेनल** एडवोकेट
शॉप नं. 3 भावसार पुलिया बरेठ रोड गंज बासौदा
जिला विदिशा म. प्र. मो. नं. 9926383737

### म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड

(म.प्र. शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी.)/एस.टी.एम.) संभाग, पाटनदेव सागर रोड, रायसेन (म.प्र.)-464551
ई-मेल : raisenstc@gmail.com

क्र./उ.म.प्र./एस.टी.सी./सं./2025-26/816 — रायसेन, दिनांक : 18.08.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered under relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work :-

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Doc. Fees (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 812/01 DT. 18.08.2025 | Providing 45 Nos. House Holds Connection in village Chilwaha under DA-Juga Scheme under Raisen D/c of (O&M) Division Raisen. | 9.46 | 1180/- |
| 812/02 DT. 18.08.2025 | Providing 19 Nos. House Holds Connection in village Barnijagir under DA-Juga Scheme under Raisen (R) D/c of (O&M) Division Raisen. | 1.87 | 236/- |
| 812/03 DT. 18.08.2025 | Providing 41 Nos. House Holds Connection in village Ratanpur under DA-Juga Scheme under Raisen (R) D/c of (O&M) Division Raisen. | 2.34 | 590/- |
| 812/04 DT. 18.08.2025 | Providing 12 Nos. House Holds Connection in village Nagjhiri under DA-Juga Scheme under Begumganj (R) D/c of (O&M) Division Raisen. | 1.63 | 236/- |
| 812/05 DT. 18.08.2025 | Providing 10 Nos. House Holds Connection in village Tinghara under DA-Juga Scheme under Begumganj (R) D/c of (O&M) Division Raisen. | 2.11 | 590/- |
| 812/06 DT. 18.08.2025 | Providing 13 Nos. House Holds Connection in village Fulmar under DA-Juga Scheme under Silwani D/c of (O&M) Division Raisen. | 2.44 | 590/- |

**Date of Sale of Bid Documents : 18.08.2025, 18.00 Hrs. Up to 25.08.2025, 12.30 Hrs.**
**Bid Submission Last Date : 25.08.2025 Up to 12.30 Hrs.**
**Bid Opening Date : 26.08.2025 at 13.00 Hrs.**

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121619/2025 — **DGM (STC-STM)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं. ..............................

// इश्तहार //

आवेदक मानसी सिंह पुत्री सन्तोष राठौर निवासी ग्राम इनायतपुर द्वारा ग्राम इनायतपुर स्थित खसरा नंबर 205/2/1/206/ व अन्य क्षेत्रफल 7.31 एकड़ का आवास नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 19/08/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील - कोलार , भोपाल

### MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(M.P. State Highway Authority), (Govt. of M.P. Undertaking)
MPRDC 45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Phone No. : 0755-2597290, 2765205 Fax : 0755-2572643, Website : mprdc.gov.in
CIN : U45203MP2004SGC016758

No. 3043/MPRDC/377/HR/25 — Bhopal, Date : 14.08.2025

M.P. Road Development Corporation Ltd., is a wholly owned company of Govt. of M.P. looking after State Highways and other Infrastructure Development projects of Madhya Pradesh. MPRDC invites applications from eligible candidates for the following posts:-

| Sn. | Name of Post & Salary | Source | No. of Post |
|---|---|---|---|
| 1. | **Chief Engineer** (Last Pay (-) Pension) | Contract | **Total-01** (UR-01) |
| 2. | **परामर्शी (सेतु विशेषज्ञ)** (वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्र. एफ 11-10/2012/नियम/चार भोपाल, दिनांक 06 अक्टूबर 2012 एवं दिनांक 24 मई 2022 अनुसार) राशि रु. 7,50,000/- वार्षिक | Contract | **Total-01** (UR-01) |
| 3. | **Dy. General Manager (Technical)** (Last Pay (-) Pension/Rs. 79,900.00 + CPI) | Contract | **Total-04** (OBC-01, SC-02, UR (PH–01– बहरे और कम सुनने वाले) |
| 4. | **Manager (Technical)** Level-12, (56100-177500) | Regular | **Total-02** UR (Open)-01, UR (PH-Female-01- दृष्टि बाधित और कम दृष्टिबाधित) |
| 5. | **Executive Assistant to Managing Director** Rs. 40,000/- + CPI | Contract | **Total-01** (UR) (PH-01-दृष्टि बाधित और कम दृष्टिबाधित) |

**The General Terms and Conditions:**

1. For Sn. 1-3 application submitted in the office of Chief General Manager (Admin.), MPRDC, 45-A, Arera Hills, Bhopal (M.P.) up to **19.09.2025.** Application not submitted in the prescribed format or incomplete in any respect shall stand rejected.
2. For Sn. 4 & 5 application should be submitted through **www.mponline.gov.in** only.
3. For Sn. 1-3 & 5 the selection will be made on the basis of merit-cum-interview and for Sn. 4 the selection will be made on the basis of any one-year GATE-2023/2024/2025 score.
4. For Sn. 1-3 & 5 appointment on Contract basis initially for One year, which can be extended, based upon satisfactory performance and mutual consent as per the requirements of the MPRDC.
5. MD, MPRDC reserves the right to increase or decrease the positions (No. of post, based on actual position of required) advertised and to fill/not fill them from the merit/waiting list. MPRDC reserves the right not to declare any waiting list.
6. MD, MPRDC will have full right to accept or reject any or all applications without assigning any reason thereof.
7. for Sn. 4 & 5 the last date for submission of application and all details are to be published after confirmation of key dated from MP Online. All other details are mentioned on Rule Books.
8. All future Addendum/Corrigendum/Clarifications will be uploaded only the website of **www.mprdc.gov.in** or **www.mponline.gov.in.**

M.P. Madhyam/121616/2025 — **CHIEF GENERAL MANAGER (ADMIN.)**

आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्रटी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र तत्त्वार्थ जैन (Tattwarth Jain) जिसके नाम की अंग्रेजी वर्तनी पूर्व में Tatwarth Jain थी इसे परिवर्तित कर अब Tattwarth Jain करवाया गया है। आधार, जन्मप्रमाण पत्र में भी उक्त वर्तनी संशोधित करवा ली गई है। इसलिए उन्हें भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।, सूचनादाता - अंकुर जैन D - 28, सिद्धार्थ लेक सिटी, भोपाल

### नाम परिवर्तन

मैं हरी सिंह लोधी आ. श्री उमेद सिंह लोधी, निवासी ग्राम केकड़ा, तहसील देवरी, जिला रायसेन, म. प्र. सूचित करता हूँ कि मेरी LIC की पॉलिसी 352213793 में मेरा नाम श्रीमती मधु लोधी आ.श्री उमेद सिंह लोधी दर्ज है। जो कि मै स्वयं ही हूँ । एवं मेरा नाम सभी दस्तावेजों में हरी सिंह लोधी आ. श्री उमेद सिंह लोधी दर्ज है जो कि प्रचलित है ।अतः दोनों नाम मेरे ही हैं।

### आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-03-09-2025

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5962



**बाएँ से दाए**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5961 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5972

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5971 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

विश्वसनीयता, प्रामाणिकता, गुणवत्ता व प्रतिस्पर्धा में पतंजलि हर दिन नया इतिहास बना रहा

# पतंजलि फूड्स का व्यावसायिक क्षेत्र में उद्यमिता का नया कीर्तिमान बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश की आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के घर-घर में विश्वास का प्रतीक बनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने स्वदेशी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गेनाइजेशन और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय भारतीय सीमा शुल्क ने पतंजलि को एईओ (अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर) टीयर-2 प्रमाणपत्र प्रदान किया है। यह प्रमाणपत्र विश्वस्तरीय व्यापार में ईमानदारी, पारदर्शिता और सप्लाई चेन सुरक्षा के उच्चतम मानकों का प्रतीक है।

भारत की सर्वोच्च कंपनियों में केवल गिनी-चुनी कंपनियों के पास ही यह दर्जा है, और एफएमसीजी सेक्टर में तो यह गौरवशाली प्रमाणपत्र केवल कुछ ही कंपनियों को प्राप्त है। अब इस सूची में पतंजलि का नाम स्वर्ण अक्षरों में जुड़ गया है। उल्लेखनीय है कि पतंजलि फूड्स को इस एईओ टीयर-2 प्रमाणपत्र से कम्पनी को ड्यूटी डिफर्ड पेमेंट, बैंक गारंटी से छूट, डायरेक्ट पोर्ट डिलीवरी, 24x7 क्लियरेंस सुविधा इत्यादि के साथ और कुल 28 प्रकार से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लाभ प्राप्त होंगे।

**पतंजलि को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर का एईओ (अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर) टीयर-2 प्रमाणपत्र**



## यह प्रमाणपत्र क्यों विशेष है?

यह किसी भी कंपनी की गुणवत्ता, सत्यनिष्ठा, पारदर्शी कार्यप्रणाली और राष्ट्रहित में योगदान का प्रमाण है। पतंजलि ने अपने गुणवत्ता की प्रामाणिकता ,कर्मयोग, कर्तव्यनिष्ठा और स्वदेशी भावना के बल पर यह विशेष मानक प्राप्त किया है। यह केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक आज़ादी को और मज़बूत करने वाला सम्मान है।

### आचार्य बालकृष्ण ने कहा

यह उपलब्धि पतंजलि के संपूर्ण परिवार, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सामूहिक साधना का फल है। एईओ टीयर -2 प्रमाणपत्र हमारे कार्य की पारदर्शिता, गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने का प्रमाण है,इससे निर्यात की गतिविधियों में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ होगी।

### स्वामी रामदेव का संदेश

यह दिन पतंजलि परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस भारतीय के लिए गर्व का दिन है, पतंजलि विश्वसनीयता,प्रामाणिकता, प्रतिस्पर्धा व गुणवत्ता के क्षेत्र में प्रतिदिन नई गति से आगे बढ़ रहा है तथा व्यावसायिक क्षेत्र में उद्यमिता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है ,जो भारत को आर्थिक रूप से विश्वगुरु बनते देखना चाहता है। यह प्रमाणपत्र हमारे राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और मज़बूत करता है। यह सम्मान हमारी तपस्या, गुणवत्ता और ईमानदारी पहचान है।

# इंडियन ऑयल को मिला जले हुए खाद्य तेल से हवाई जहाज का ईंधन बनाने का सर्टिफिकेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रसोई और होटलों में इस्तेमाल के बाद फेंके जाने वाले तेल को अब आसमान की उड़ानों को ताकत देने में इस्तेमाल किया जाएगा। इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी को इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (आईसीएओ ) से सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ ) बनाने की आईएससीसी कॉर्सिया सर्टिफिकेशन मिल गई है। कंपनी के चेयरमैन अर्विंदर सिंह साहनी ने कहा कि यह भारत की पहली और फिलहाल अकेली रिफाइनरी है जिसे यह मान्यता मिली है। साहनी ने बताया कि रिफाइनरी इस साल के आखिर तक करीब 35 हजार टन एसएएफ का उत्पादन शुरू कर देगी। यह मात्रा 2027 से लागू होने वाले 1 फीसदी अनिवार्य एसएएफ ब्लेंडिंग मानक को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी।

## तेल इकट्ठा कर रिफाइनरी पहुंचाया जाएगा

भारत सरकार ने एयरलाइंस को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में एसएएफ का अनिवार्य मिश्रण करने का लक्ष्य तय किया है। प्रक्रिया के तहत होटल चेन, रेस्टोरेंट और स्नैक्स-स्वीट्स कंपनियों जैसे हल्दीराम से इस्तेमाल किया हुआ तेल इकट्ठा किया जाएगा और उसे पानीपत रिफाइनरी तक पहुंचाया जाएगा। यहां से एसएएफ तैयार होगा। अभी बड़ी होटल चेन से तेल इकट्ठा करना आसान है, लेकिन छोटे उपयोगकर्ताओं और घरों से तेल जुटाने की चुनौती बनी हुई है। वर्तमान में इस तरह का तेल ज्यादातर एक्सपोर्ट किया जाता है।

### 5,000 करोड़ की लागत से ब्यूटाइल एक्रिलेट प्लांट भी शुरू

ग्रीन एनर्जी के साथ-साथ इंडियन ऑयल ने गुजरात की कोयली रिफाइनरी में 5,000 करोड़ रुपए की लागत से ब्यूटाइल एक्रिलेट प्लांट भी शुरू किया है। 1.5 लाख टन सालाना क्षमता वाला यह देश का दूसरा प्लांट है, जो पेंट बनाने में इस्तेमाल होता है। अब तक भारत सालाना 3.2 लाख टन फीडस्टॉक आयात करता था, लेकिन नए यूनिट से आयात पर निर्भरता 80-90 फीसदी तक घट जाएगी।

### ग्रीन हाइड्रोजन पर फोकस

आईओसी ने एलएंडटी को देश का सबसे बड़ा ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। पानीपत रिफाइनरी में बनने वाला यह 10 हजार टन सालाना का प्लांट 27 महीनों में तैयार होगा।

## खबर संक्षेप

### पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन की आय 60 फीसदी बढ़ी

**अहमदाबाद।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी को 41.55 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई। आय में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 59.83 फीसदी रही। एबिटडा 4.28 करोड़ रुपए , एबिटडा मार्जिन 10.31 फीसदी और शुद्ध लाभ 2.62 करोड़ रुपए रहा।

### सैनी ने एसवाई 35यू प्रो एक्सकेवेटर लांच किए

**पुणे।** सैनी, कंस्ट्रक्शन, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स और एनर्जी इक्विपमेंट बनाने वाली प्रमुख कंपनी ने नए एसवाय 35यू प्रो के लांच की घोषणा की। यह एक अगली पीढ़ी का 3.5-टन हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर है,भारत के बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी निर्माण और ग्रामीण परियोजनाओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किये गये एसवाय 35यू प्रो में टेक्नोलॉजी का संयोजन कॉम्पैक्ट और मजबूत डिजाइन के साथ किया गया है।

### एफकॉम ने 11,889.0 लाख रु. की आय हासिल की

**चेन्नई।** एफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 11,889.0 लाख, सालाना वृद्धि 198.1 फीसदी, एबिटडा 3,664.7 लाख, सालाना वृद्धि 2,401.8 फीसदी, शुद्ध लाभ 2,707.0 लाख रही। प्रबंध निदेशक, कैप्टन दीपक परसुरामन ने कहाकि हमारे निवेशक समुदाय की अधिक बार अपडेट की मांग और हमारी पारदर्शिता की प्रतिबद्धता के अनुरूप निर्णय है।

### देव आईटी को हुआ 21.82 मिलियन का शुद्ध लाभ


**मुंबई।** देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कुल आय 434.59 मिलियन, एबिटडा 40.30 मिलियन , एबिटडा मार्जिन 9.27 फीसदी शुद्ध लाभ 21.82 मिलियन रहा। अध्यक्ष प्रणव पंड्या ने कहाकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही हमारे लिए स्थिर संचालन और हमारे मुख्य सेवा क्षेत्रों में निरंतर प्रोजेक्ट निष्पादन की अवधि रही।

### इंफिनिक्स जीटी 30 5जी प्लस की सेल शुरू

**नई दिल्ली।** इंफिनिक्स जीटी 30 5जी प्लस की सेल फ्लिपकार्ट पर शुरू हो गई है। इस सेल में स्मार्टफोन की सीमित यूनिट 17,999 रु. के विशेष मूल्य में उपलब्ध हैं, जिसमें सभी लांच ऑफर शामिल हैं। स्टॉक रहने तक यह स्मार्टफोन इसी विशेष मूल्य में मिलेगा। जीटी 30 5जीप्लस में शार्प ज्योमेट्रिक लाईन्स के साथ साईबर मेचा 2.0 डिजाइन दिया गया है।

श्री भोपाल सराफा और सराफा संघर्ष समिति के सहयोग से जीजेसी का सेमीनार आयोजित

# अंकित वैद्य ने व्यापारियों का व्यापार विकास, स्टाफ ट्रेनिंग और इंपोर्ट एक्सपोर्ट जैसे विषयों पर किया मार्गदर्शन



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डोमेस्टीक काउंसिल (जीजेसी) ने श्री भोपाल सर्राफा महासंघ एवं मध्यप्रदेश सराफा संघर्ष समिति के सहयोग से राजधानी में 'गेम चेंजर सेमिनार फॉर ज्वेलर्स' और 'लाभम' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जीजेसी के डायरेक्टर एवं 'लाभम' के संयोजक आशीष कोठारी ने परिषद द्वारा उद्योग के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'लाभम' का उद्देश्य ज्वेलर्स को उद्योग से जुड़ी नवीनतम जानकारियां प्रदान करना है। इस अवसर पर एचयूआईड, हॉलमार्किंग एवं पीएमएलए से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।साथ ही आगामी जीजेसी शो में सहभागिता के लिए आमंत्रण दिया । जहां ज्वेलर्स नई डिजाइनों को एक्सप्लोर कर सकेंगे। उन्होंने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए लकी लक्ष्मी योजना की जानकारी भी साझा की गई। मुख्य वक्ता एवं जीजेसी जेडसीएम अंकित वैद्य ने ज्वेलर्स को व्यवसाय वृद्धि, व्यवस्थित एवं सुगम कैसे बनाए, बैंक लोन, स्टाफ ट्रेनिंग और इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में राजधानी भोपाल, विदिशा, जबलपुर, सिलवानी सहित अन्य जिलों से आए प्रमुख सराफा व्यापारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुशील धनवानी (भोपाल महासंघ), आनंद सोनी (अरेरा सराफा), गोविंद अग्रवाल (भेल सराफा), नरेश तोलानी (बैरागढ़ सराफा), योगेश सोनी (कोलार सराफा) एवं संजीव गर्ग गांधी (होलसेल एसोसिएशन), मुकेश गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डालमिया के एमडी पुणीत डालमिया का संदेश

# उभरते भारत का विचार और बड़े सपने देखने का समय अब एक साथ आ चुका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सास्त्र डीम्ड यूनिवर्सिटी के 39वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डालमिया भारत लिमिटेड के एमडी और सीईओ पुणीत डालमिया ने कहा कि एक उभरते भारत का विचार और बड़े सपने देखने का समय अब एक साथ आ चुका है। स्नातकों के लिए यह समय प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संतुलन बनाकर अपने करियर को ऊंचाइयों तक ले जाने का है।

डालमिया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने करियर में बड़ा सोचें, जोखिम उठाएं और विनम्र बने रहें। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था के सशक्त रूपांतरण पर प्रकाश डालते हुए कहाकि भारत एक कमजोर अर्थव्यवस्था से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन जिम्मेदार और सतत विकास की ओर बढ़ने का स्पष्ट संकेत है, जिसे वित्तीय और मानव पूंजी दोनों के सहयोग से और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफेक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि और सेवा क्षेत्रों में बहुविषयक विकास को आत्मनिर्भर भारत मिशन के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दीक्षांत समारोह में कुल 4,200 छात्रों को स्नातक, परास्नातक, और पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की गईं।

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता चांसलर प्रो. आर. सेतुरमन ने की, जबकि कुलपति डॉ. एस. वैद्यसुब्रमण्यम ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

संस्थापक-चांसलर द्वारा प्रदत्त सर्वश्रेष्ठ डॉक्टोरल थीसिस पुरस्कार निम्नलिखित शोधकर्ताओं को प्रदान किए गए। जिसमें इंजीनियरिंगः डॉ. जयंत शर्मा, विज्ञानः डॉ. एस. हर्षवर्धन,गैर-स्टीम विषयः डॉ. अमृत भार्गव। सर्वश्रेष्ठ बी.टेक. स्नातक छात्र पुरस्कार - बालक वर्गः अधप्पन विष्णु (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग), बालिका वर्गः ललिता तेजस्वी (कंप्यूटर साइंस – एआई एंड डेटा साइंस)।

एमपीसीडीएफ में एमडी डॉ.संजय गोवाणी ने नहीं फहराया तिरंगा

# पीएम और सीएम की 'हर घर तिरंगा' अभियान की अपील को डॉ. गोवाणी ने रखा ताक पर

**दुग्ध संघों के अधिकारी कर्मचारियों ने की प्रबंध संचालक की निंदा**




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हर घर तिरंगा अभियान को नए भारत की पहचान बनाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने और देश, प्रदेश की जनता से अपील की थी कि राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनने एवं अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण करें, तिरंगा झंडा लगाएं। लेकिन मध्यप्रदेश सांची एमपी स्टेट को आपरेटिव डेयरी फेडरेशन यानी एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक (एमडी) डॉ. संजय गोवाणी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपील के बावजूद हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा नहीं बने। उन्होंने एमपीसीडीएफ कार्यालय में ध्वजारोहण को तवज्जो नहीं देते हुए रक्षाबंधन त्यौहार की छुट्टी पर जाना अधिक उचित समझा।

### तकनीकी रूप से अनुभवी नहीं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने एमपीसीडीएफ का संचालन 14 अप्रैल 2025 से लेने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रबंध संचालन ने ध्वजारोहरण करना उचित नहीं समझा और अवकाश लेकर चले गए। हालांकि, प्रबंध संचालक डॉ.संजय गोवाणी की अनुपस्थिति में एमपीसीडीएफ परिसर में वरिष्ठ अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दुग्ध संघ के अधिकारियों एवं दुग्ध संघ के अधिकारी-कर्मचारी संगठन के बीच 15 अगस्त पर ध्वजारोहण नहीं किए जाने की यह बात चर्चा का विषय बनी हुई। कहा जा रहा है कि देशवासियों में पहले देश और देश का झंडा रहता है फिर उसके बाद अन्य कोई व्यक्तिगत आवश्यक कार्य होते हैं। दुग्ध संघ के अधिकारी-कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ.संजय गोवाणी तकनीकी रूप से अनुभवी नहीं हैं। इस बारे में डॉ. गोवाणी ने 'हरिभूमि' से कहा कि वे पर्सनल काम से भोपाल से बाहर थे। भोपाल में होते तो जरूर ध्वजारोहण करते। हर घर तिरंगा सबका अभियान है।

## बिजनेस न्यूज

### सैम ग्लोबल विवि की डॉ. रुचि उपाध्याय सम्मानित



**भोपाल।** सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुचि उपाध्याय को मध्य प्रदेश राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. उपाध्याय पिछले 11 वर्षों से निरंतर परिश्रम, समर्पण और अनुकरणीय कार्यशैली के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को सार्थक रूप से पूर्ण कर रही हैं। उन्होंने न केवल समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को भी प्रोत्साहित किया है। विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारे बीच ऐसी प्रेरणादायी और कुशल कार्यक्रम अधिकारी हैं, जो राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं।

### राधारमण इंस्टीट्यूट में एंटी रैगिंग वीक का आयोजन




**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में एंटी रैगिंग वीक मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने पोस्टर प्रदर्शनी और जागरूकता अभियान के माध्यम से रैगिंग विरोधी संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत पोस्टरों पर "रैगिंग को ना कहें", "नफरत बंद करें, दूसरों के लिए खड़े हों" और "रैगिंग से मुक्ति, सभी के लिए सम्मान" जैसे नारे प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे कॉलेज परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाए रखने में सहयोग करेंगे। राधारमण समूह के अध्यक्ष श्री आर.आर. सक्सेना ने कहा कि संस्थान सदैव छात्र हितों के लिए समर्पित है और यहां हर विद्यार्थी को सुरक्षित व सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। प्राध्यापकों ने भी छात्रों को एंटी रैगिंग कानून और अनुशासन संबंधी जानकारी दी तथा रैगिंग मुक्त परिसर बनाने का आह्वान किया।

### वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत ग्राम मेंढकी में शिविर आयोजित



**भोपाल।** ग्राम मेंढकी, सांची जिला रायसेन में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक एमवी मुरली कृष्णा, भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली, एसएलबीसी संयोजक धीरज गोयल, अंचल प्रमुख प्रवीण काबरा (केनेरा बैंक), अंचल प्रमुख लोकेश कुमार (यूको बैंक) सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 1 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित किया जा रहा है। शिविर के दौरान एमवी मुरली कृष्णा एवं श्रीमती रेखा चंदनावेली ने ग्राहकों से संवाद कर उन्हें पुनः केवाईसी की प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता संबंधी विषयों पर जानकारी दी। अभियान के उद्देश्य ग्रामीण एवं निम्न-आय वर्ग तक वित्तीय समावेशन योजनाओं की पहुंच और जागरूकता बढ़ाना। बैंकिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना। मध्य प्रदेश की सभी 23,043 ग्राम पंचायतों में बैंकों एवं बैंक मित्रों द्वारा इस अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### इंटरनेशनल स्कूल में गौरवगाथा और श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रण



**भोपाल।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 79वें स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामेश्वर शर्मा, विधायक भोपाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं यूनिवर्सल हीलर रोहित मिश्रा मौजूद हुए। विद्यालय परिवार में अध्यक्ष अशोक नंदा, उपाध्यक्ष आलोक नंदा, निदेशक एचओआर अरुणा नंदा , प्राचार्या श्रीमती दीप्ति सिंह, विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों, विभागाध्यक्षों, स्टाफ एवं उत्साही विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं भक्तिरस से सराबोर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिनमें स्वतंत्रता की गौरवगाथा एवं भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण चित्रण किया गया।

### एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के डेवलपमेंट प्रोग्राम में लक्षिका ने निभाई मुख्य भूमिका

**नई दिल्ली।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के प्रमुख सोशल लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 2025 में चिंतामन जवासिया ग्राम पंचायत की सबसे कम उम्र की महिला सरपंच, लक्षिका डागर ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने अपने संघर्ष, दूरदर्शिता और गांव में बदलाव लाने की प्रेरणादायक यात्रा से आने वाली पीढ़ी के नेताओं को प्रेरित किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम, जिसका विषय कम्युनिटीज फॉर चेंज था में देशभर के प्रमुख नेता, बदलाव लाने वाले लोग और नीति निर्माता एक साथ जुड़े। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), सदस्य, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड, पूर्व जीओसी-इन-चीफ, साउदर्न कमांड, भारतीय सेना ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

### संस्कृति विवि में हुआ दीक्षांत समारोह 2089 छात्रों को मिली उपाधियां

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में छठा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 2089 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियाँ प्रदान की गईं। समारोह में देशभर के अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, आध्यात्मिक गुरु, शिक्षाविद और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। दीक्षांत समारोह के दौरान 536 डिप्लोमा, 1277 स्नातक, 248 स्नातकोत्तर और 28 पीएच.डी. की उपाधियाँ प्रदान की गईं। इसके अलावा, 130 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान के रूप में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के डॉ. जेसी चौधरी और प्रसिद्ध अभिनेता एवं कवि आशुतोष राणा को मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. नलिनाक्ष एस. व्यास, एआईयू के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक, गोल्डी मसाले के निदेशक सुदीप गोयनका उपस्थित रहे।

### लियो को केपीकेबी से आपूर्ति ऑर्डर मिला

**मुंबई।** लियो ड्रायफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन संचालित केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) से एक महत्वपूर्ण आपूर्ति आदेश प्राप्त होने की घोषणा की है।इस समझौते के तहत, कंपनी मसाले, सूखे मेवे, घी और नमकीन सहित विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति करेगी। इस अनुबंध के अंतर्गत 40 उत्पादों के लिए मंजूरी प्राप्त होने के साथ लियो ड्रायफ्रूट्स को एक वर्ष में 25–30 करोड़ की मांग की संभावना है। केपीकेबी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली अन्य इकाइयों के कर्मियों के लिए एक कल्याणकारी पहल के रूप में कार्य करता है। लियो ड्रायफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशककौशिक शाह, ने कहाकि केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से यह सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त करना हमारे बी2जी और बी2बी सेक्टर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एलजीटी बिजनेस का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** एलजीटी बिजनेस कनेक्शन्स लिमिटेड ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश 19 अगस्त 2025 को खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 28.09 करोड़ जुटाना है और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। इश्यू का आकार 26,25,600 इक्विटी शेयर है, जिनका अंकित मूल्य प्रत्येक 10 रुपए है और आईपीओ की कीमत प्रति शेयर 107 है। आईपीओ से प्राप्त निवल राशि का उपयोग पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू मंगलवार 19 अगस्त 2025 को खुलेगा और गुरुवार, 21 अगस्त 2025 को बंद होगा।

### महिंद्रा ने किया मॉड्यूलर, मल्टी-एनर्जी एनयू आईक्यू प्लेटफॉर्म का अनावरण

**मुंबई ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने अपने बिल्कुल नए मॉड्यूलर, मल्टी-एनर्जी एनयू आईक्यू प्लेटफॉर्म का अनावरण किया, जो एसयूवी की एक नई श्रृंखला का आधार बनेगा। कंपनी ने इस नए प्लेटफॉर्म पर आधारित चार शानदार कॉन्सेप्ट दिखाकर अपने अगली पीढ़ी के उत्पादों की एक झलक पेश की। इस क्रांतिकारी एनयू आईक्यू प्लेटफॉर्म का जन्म महिंद्रा की ऑटोमोटिव रणनीति से हुआ है, जिसमें ऐसे उत्पाद बनाए गए हैं जो मोबिलिटी के नियमों को फिर से लिखते हैं और ग्राहकों को समझौता करने से मुक्त करते हैं। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, आर. वेलुसामी ने कहाकि एनयू आईक्यू वैश्विक स्तर पर महिंद्रा एसयूवी के भविष्य के लिए एक रणनीतिक खाका है। इसकी मॉड्यूलर, मल्टी-एनर्जी वास्तुकला के साथ, यह हमें अपने एसयूवी डीएनए के प्रति सच्चे रहते हुए कई 'टॉप हैट्स' और 'पावरट्रेन' पर नवाचार करने की सुविधा देता है।

डिजिटल एक्सेसिबिलिटी में समावेशी नवाचार के लिए

# यूनियन बैंक को मिला 16वां एनसीपीईडीपी एमफेसिस यूनिवर्सल डिजाइन पुरस्कार



एजेंसी ▶▶ मुंबई

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रोल मॉडल कंपनियों और संगठनों की श्रेणी में 16वां एनसीपीईडीपी-एमफैसिस यूनिवर्सल डिजाइन पुरस्कार 2025 प्राप्त किया गया। यह पुरस्कार अपने केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) ऐप, दिव्यांग कर्मचारियों के लिए एक्सेसिबल डिजिटल लाइब्रेरी, डब्ल्यूसीएजी वैश्विक एक्सेसिबिलिटी मानक अनुसार बनाई गई कॉर्पोरेट वेबसाइट और अपनी व्यापक एक्सेसिबिलिटी पहल, यूनियन एक्सेस के माध्यम से डिजिटल एक्सेसिबिलिटी को आगे बढ़ाने में अभूतपूर्व कार्य के लिए दिया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव, राजेश अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में बैंक की ओर से यह पुरस्कार संजय नारायण, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, दिल्ली और जितेंद्र मणिराम, महाप्रबंधक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा प्राप्त किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है जिन्होंने दिव्यांगजनों के लिए सार्वभौमिक रूप से डिजाइन किए गए समावेशी वातावरण प्रदान करने में असाधारण योगदान दिया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रोशन सिंह, पुत्रः** स्व. चिराग सिंह, **पताः** मकान न. 754 और 736, मोहल्ला आकाश नगर, पी.एस.– हवा बंगला, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, **और** वेगा बांड, गुरूद्वारा सीस गंज, नई दिल्ली, ने **FIR No. 745/2015, U/s 380/451/34 IPC, थानाः** रूप नगर, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रोशन सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रोशन सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 745/2015, U/s 380/451/34 IPC, थानाः** रूप नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **रोशन सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हिमांशी त्यागी, एल.डी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–13 (केन्द्रीय)
कमरा न. 33, भू– तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10379/N/2025
(Court Matter)

## चिंतन

# रोजगार सृजन पर और अधिक ध्यान देना जरूरी

मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां और सुस्त ग्रोथ के दौर में भारत में बेरोजगारी दर में कमी को एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। लगातार यह तीसरा महीना है जब बेरोजगारी दर में क्रमशः कमी दर्ज की जा रही है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में देश में बेरोजगारी दर घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर थोड़ी अधिक 5.3 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह 5.1 प्रतिशत थी। जुलाई में शहरी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई जो जून में 7.1 प्रतिशत थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर घटकर 4.4 प्रतिशत रही जो इससे पहले जून में 4.9 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी घटकर जुलाई में 14.9 प्रतिशत रही, जो जून 2025 में 15.3 प्रतिशत थी। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर जुलाई में मामूली रूप से बढ़कर 19 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 18.8 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसी आयु वर्ग (15-29 वर्ष) के लिए यह दर घटकर जुलाई में 13 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 13.8 प्रतिशत थी। बेशक भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, इसके बावजूद आर्थिक संकेतक आगाह करते रहते हैं कि देश को नए आर्थिक सुधार की जरूरत है। जीडीपी साढ़े छह फीसदी के दायरे में अनुमानित है, जोकि देश की आर्थिक जरूरत के अनुरूप नहीं है। आयात व निर्यात संतुलन भारत के खिलाफ है, मतलब हम आयात अधिक कर रहे हैं। छोटे व मध्यम उद्योग कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, कृषि क्षेत्र आधिक तवज्जो की मांग कर रहा है। निवेश की रफ्तार कम हुई है, सरकारी निवेश की गति भी धीमी है। करीब दस वर्ष में देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, इसके बावजूद करीब 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 5 किलो निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है, यह बड़ा विरोधाभास है। देश में सरकारी के बेरोजगारी के आंकड़े को लेकर बहस चलती रही है। वास्तविक बेरोजगारी के अधिक होने का अनुमान है। भारत में बेरोजगारी विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है, जिनमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, जनसांख्यिकीय चुनौतियां, कौशल असंतुलन, सीमित रोजगार सृजन, युवाओं में उच्च बेरोजगारी, सामाजिक मानदंड जो महिलाओं को रोजगार लेने/जारी रखने से रोकते हैं, अनौपचारिक क्षेत्र और कौशल-नौकरी असंतुलन शामिल हैं। बेरोज़गारी का व्यक्तियों, समुदायों और समग्र अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। लम्बे समय तक बेरोजगारी रहने से उपभोक्ता खर्च में कमी आ सकती है। कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर, उद्यमिता और स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर, विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्रों को मज़बूत कर, ग्रामीण रोज़गार के अवसरों में वृद्धि कर, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित कर, डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन कर व शिक्षा और उद्योग सहयोग को मज़बूत कर नए रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। रोजगार सृजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। जीईएम ने आपी नौ वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है।

# जीईएम की पारदर्शी दशक यात्रा

नौ अगस्त की तारीख हमारे इतिहास में अगस्त क्रांति के लिए प्रसिद्ध है। भारत से अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने वाले निर्णायक 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत इसी दिन हुई। यह तारीख इतिहास में एक और वजह से भी महत्वपूर्ण बन गई है। इसी दिन वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। इस ऑनलाइन सार्वजनिक और पारदर्शी बाजार ने नौ साल की आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है और एक दशक की यात्रा के लिए आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'। इसके सीईओ मिहिर कुमार कहते हैं कि जीईएम प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को साकार कर रहा है। मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में इस पोर्टल पर महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, मध्यम और लघु उद्योग, शिल्पकारों, स्थानीय कारीगरों और दिव्यांगजनों समेत पूरे देश के विक्रेताओं और सेवाप्रदाताओं के सशक्तीकरण में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस पोर्टल या ऑनलाइन बाजार पर विक्रेताओं के लिए जमानती राशि रखने का प्रावधान है। लेकिन अब इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। इसकी वजह से विशेषकर छोटे निर्माताओं और कारोबारियों को ज्यादा फायदा होना है।

सार्वजनिक और सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इसी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री ने पारदर्शी और समावेशी ऑनलाइन मार्केट की अवधारणा प्रस्तुत की थी। जीईएम उसी अवधारणा का विस्तार है। इसके कामकाज शुरू करने के बाद केंद्र सरकार के सभी दफ्तरों के लिए इसी पोर्टल के जरिए खरीद अनिवार्य कर दिया गया। अब जीईएम प्रबंधन का जोर राज्य सरकारों की खरीद को भी इसी के जरिए जरूरी बनाने पर है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। जीईएम को उम्मीद है कि उनके जरिए हो रही सार्वजनिक खरीद में जिस तरह सार्वजनिक क्षेत्र को बचत हो रही है, उसकी वजह से राज्य सरकारें भी इसकी ओर आकर्षित होंगी। वैसे राज्यों की ओर से इसके जरिए खरीद होने भी लगी है। हालांकि उसकी मात्रा अभी कम है। जीईएम के जरिए होने वाली खरीद में अब तक एनटीपीसी को जहां करीब दो हजार करोड़ की बचत हुई है, वहीं बैंक ऑफ बड़ोदा को 34 करोड़। इसी तरह भारतीय नौसेना ने भी पंद्रह करोड़ की बचत की है। जीईएम के अधिकारी तो इसे स्वीकार नहीं करते, लेकिन जाहिर है कि यह बचत जहां खरीद में घपले की कमी से हुई है, वहीं सार्वजनिक मार्केट प्लेस पर उपलब्ध ढेरों और गुणवत्तापूर्ण सामानों में मूल्यों को लेकर हुई प्रतिद्वंद्विता की वजह से हुई है।

जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के अनुसार, इस ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने सिर्फ खुद के दम पर साल 2024-25 में 5.4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य सार्वजनिक खरीद को न केवल सुव्यवस्थित किया है, बल्कि शासन में पहुंच,समानता और सशक्तीकरण को




फिर से पारिभाषित किया है। जीईएम ने अपने स्थापना के दसवें वर्ष का सूत्र वाक्य, सुगमता, पहुंच और समावेशन विषयों पर केन्द्रित किया है। मिहिर कुमार का कहना है कि उसका यह सूत्र वाक्य सार्वजनिक खरीद को अधिक सुलभ और न्यायसंगत बनाने की दिशा में उनके संगठन की प्रतिबद्धता और पारदर्शी कामकाज को प्रदर्शित करता है। मिहिर कुमार यह भी कहते हैं कि वैसे तो ऑनलाइन खरीद के कई पोर्टल हैं। लेकिन वे सभी कारोबारी पोर्टल हैं, जबकि जीईएम मार्केट प्लेस है। वह खुद कारोबार नहीं करता, बल्कि पारदर्शी कारोबार का मंच उपलब्ध कराता है। जिसमें खरीददार और विक्रेता, दोनों का फायदा है। जीईएम की कामयाबी ही कही जाएगी कि इसके जरिए अब तक तीन करोड़ से ज्यादा खरीदादारी हो चुकी है। जिनके जरिए 4.81 लाख करोड़ की खरीददारी हुई है। इस मार्केट प्लेस पर मौजूदा वित्त वर्ष में 11हजार से ज्यादा प्रोडक्ट, 344 से ज्यादा सर्विस श्रेणी, 20 लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पोर्टल पर सबकुछ ऑटोमेशन में सॉफ्टवेयर संचालित है, कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। हालांकि जीईएम के अधिकारी मानते हैं कि इसमें और सुधार की गुंजाइश है और वह लगातार होती रहेगी। ताकि खरीद-बिक्री में पारदर्शिता रहे।

यह ठीक है कि अब विक्रेताओं के लिए जमानती राशि की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही जीईएम ने कई और सुधार शुरू किये हैं। इसमें विक्रेता के मूल्यांकन शुल्क को तार्किक बनाना और लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी करना भी सामिल है। वेंडर चार्ज भी पहले की तुलना में 68 प्रतिशत से लेकर 92 प्रतिशत तक कम किए जा चुके हैं। इन सबकी वजह से यहां मिलने वाले 97 प्रतिशत ऑर्डरों को छूट मिल गई है। मिहिर कुमार कहते हैं कि उनकी कोशिश, विक्रेताओं को सशक्त बनाना, मध्यम और लघु उद्योगो बढ़ावा देने की है। इस दिशा में पहली बार विक्रेताओं और छोटे उद्यमों के लिए मजबूत सहायता द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। जीईएम की कोशिश ना सिर्फ बड़े, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में स्थित कारीगरों, निर्माताओं, उद्यमियों और कारोबारियों को समावेशी मंच उपलब्ध कराना भी है। जीईएम के अधिकारी कहते हैं कि उनका ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि आदिवासी कारीगरों से लेकर तकनीक-संचालित स्टार्टअप तक हर उद्यम तक सार्वजनिक खरीद के अवसरों आसानी से पहुंच सकें। इस दिशा में इसके दिल्ली मुख्यालय में छह अगस्त को जीईएमविक्रेता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीईएम के मंच पर देश के हर वर्ग के उद्यमियों, कारोबारियों और निर्माताओं को साथ लाने की कोशिश हुई।

कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है। दसवें वर्ष में दाखिल होते हुए इसके अधिकारियों ने अनूठी शपथ ली है। उनका कहना है कि वे सार्वजनिक खरीद को नागरिक-केंद्रित, डेटा-संचालित और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि सार्वजनिक खरीद में इन विशेषताओं के बावजूद कुछ अतिरिक्त की चाहत रखने वाले भ्रष्टाचारी तत्व अब भी कुछ ना कुछ राह निकाल लेते हैं। जिस पर काबू पाने के लिए जीईएम के इंजीनियर लगातार सक्रिय रहते हैं। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि अपने एक दशक की यात्रा में यह सार्वजनिक ऑनलाइन बाजार पारदर्शिता की नई मिसाल कायम करेगा। इस संदर्भ में जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के इन शब्दों को देखा-परखा जा सकता है। वे कहते हैं, ₹पारदर्शिता को परिवर्तन के साथ जोड़ते हुए, GeMभारत के खरीद परिदृश्य की रीढ़ बन गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विवेचना

डॉ. मोनिका शर्मा



# ट्रंप के बयान-वैश्विक जन समुदाय में खो रही साख

अमेरिका के राष्ट्रपति ने डोनॉल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के पहले से ही अजीबोगरीब बयान देते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भी बहुत सी उनकी बातें सोशल मीडिया से लेकर आम संसार तक लोगों हैरान-परेशान करने वाली रही हैं। कभी युद्धरत देशों के बीच सीजफायर तो कभी नोबेल पुरस्कार के लिए संस्तुति को लेकर बहुत कुछ ऐसा कह चुके हैं, जो वैश्विक जनसमुदाय में उनकी छवि बिगाड़ रहा है। यह बर्ताव स्वयं उनकी ही नहीं उनके देश की साख को भी नुकसान पहुंचाने वाला है।

हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री को फोन पर धमकाया है। नॉर्वे के बिजनेस अखबार डेगेन्स नेरिंगस्लिव के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप ने देश के वित्त मंत्री को टेलीफोन पर धमकी दी है कि यदि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया जाता है तो वो नॉर्वे पर भारी भरकम टैरिफ लगा देंगे। ज्ञात हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने नॉर्वे के वित्त मंत्री



को टैरिफ पर चर्चा के लिए बुलाया था। उस समय भी ट्रंप यह कहने से नहीं चूके थे कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था है कि 'वह नॉर्वे द्वारा दिए गए उस सम्मान के हकदार हैं, जो वाइट हाउस के चार पूर्ववर्तियों को मिला था।' गौरतलब है कि इजरायल, पाकिस्तान और कंबोडिया जैसे देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को शांति समझौते और युद्ध विराम करवाने के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया हुआ है।

विडम्बना ही है कि अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनके विचार समग्र वैश्विक समुदाय को कभी चकित तो कभी चिंतित करते रहते हैं। यही कारण है कि ना तो आपसी संवाद का कोई परिणाम निकलता है और न ही वैश्विक स्तर पर बनी नीतियों और नियमों को लागू करने से जुड़ी गंभीरता नजर आती है। उनके बर्ताव अपने विचार थोपने का अंदाज़ स्पष्ट नजर आता है। इसी के चलते अलास्का के एंकोरेज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की करीब तीन घंटे तक चली आमने-सामने की मुलाक़ात भी बेनतीजा रही। न तो रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति बन पाई और न कोई ठोस समझौता हो सका। इसी वर्ष मार्च महीने में राष्ट्रपति ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में तीखी बहस हो चुकी है। व्हाइट हाउस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि जब दो राष्ट्राध्यक्षों की चर्चा इतने तनाव भरे माहौल में हुई। भारत के समक्ष भी ट्रंप कभी टैरिफ़ बढ़ाने की चुनौती तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर करवाने से जुड़े बयान देकर उलझनें खड़ी करते रहे हैं। पहलगांव में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारतीय देना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर को लेकर बार-बार अपने बयान बदलने से भी नहीं चूके। जिसके सरकार और विपक्ष में भी वैचारिक घमासान मचा रहा है। सैन्य बलों की कार्रवाई पर प्रश्न उठाए गए। इस विवाद ने भारत की छवि को भी नुकसान पहुंचाया, जबकि भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट कहा गया कि सीजफायर में किसी भी देश का हाथ नहीं है। दुखद है कि इस विवाद को हवा देने के बाद खुद राष्ट्रपति ट्रंप भी भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर दिये अपने बयान से पलट गए। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैंने भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता नहीं कराई। मैंने दोनों देशों के बीच तनाव का समाधान निकालने में मदद की थी। इसके पहले अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि अगर दोनों ने सीजफायर नहीं किया तो वह किसी के साथ व्यापार नहीं करेगा। हालांकि ट्रंप के इस बयान से भारत कभी सहमत नहीं हुआ और इसे खारिज कर दिया गया। इसी फेहरिस्त में ईरान और इज़राइल के युद्ध को लेकर दिये गए उनके बयान भी वैश्विक समाज को स्तब्ध कर चुके हैं।

असल में ऐसे राष्ट्रपति ट्रंप के ऐसे वक्तव्यों की लंबी सूची है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति अपने बयानों से हलचल मचाते रहे हैं और मचा रहे हैं। कभी अपनी ही बात से मुकर जाना तो धमकी भरी बोलचाल में आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बात। दुनिया के बहुत से देश उनके इस बर्ताव को लेकर परेशान हैं। यह लाजिमी भी है क्योंकि राष्ट्राध्यक्षों की भाषा का रुख और वैचारिक सधापन केवल उनकी अपनी राजनीतिक छवि से जुड़ा पहलू भर नहीं होता। जिसके चलते हर विषय में संशय बढ़ाने और बेवजह सख्ती दिखाने वाले शब्द लिए राष्ट्रपति ट्रंप का यह व्यवहार अमेरिका की साख को भी ठेस ही पहुंचाएगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।


## व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

## आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *- प्रतीक मिश्रा, भिलाई*

## ट्रेंड

### विशिष्ट पहचान

थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभिन्न पदों पर रहते हुए, उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### शोध पर चर्चा

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. गाय लिटिलफेयर से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध साझेदारी को और गहरा करने पर उपयोगी चर्चा हुई। खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनकी व्यापक विशेषज्ञता और एक मजबूत प्रतिष्ठा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### केस दर्ज होगा

वोटर लिस्ट में घपला करने वाला बड़े-से-बड़ा अधिकारी और बूथ स्तर तक का चुनावकर्मी देख ले कि उसकी बेईमानी पकड़े जाने पर केस भी होगा और निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई भी। वो देश के साथ दगा करने का दोषी घोषित होगा।


- अखिलेश यादव, सपा नेता



### असाधारण उपलब्धि

जाकिर खान ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में जो कर दिखाया, ये एक असाधारण उपलब्धि हिन्दुस्तान का यह सितारा आज पूरी दुनिया से हिंदी में बातचीत कर रहा है और लोग रुक कर उसे सुन भी रहे हैं।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# इंडिया डे परेड पहली बार सिएटल में हुई आयोजित


भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिएटल में पहली बार भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'इंडिया डे परेड' में भारत के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई गईं। शनिवार को हुई इस परेड में 'इंडिया पैवेलियन' भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शित किए गए। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने परेड की शुरुआत झंडी दिखाकर की। जैसे ही आकाश में तिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, सड़कें भारतीय तिरंगे के रंगों से सराबोर हो गईं। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि 'इंडिया पैवेलियन' में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जहां भारत के 28 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के साथ प्रदर्शित किए गए। आगंतुकों ने क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लिया और सांस्कृतिक कलाकृतियों का अवलोकन किया, जिससे भारत की समृद्ध विरासत और परंपराओं की झलक मिली। लगभग 2,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मेयर हैरेल ने कहा कि अमेरिका को भारत के प्रेम, करुणा और अहिंसा के संदेश से सीखना चाहिए।



## ऑफ बीट

# बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी समस्या

कई परिवारों के लिए बच्चों को भोजन कराना रोजाना एक चुनौती होती है। कोई बच्चा अचानक अपना पसंदीदा खाना खाने से मना कर देता है, कोई दिन भर कुछ न कुछ खिलाए जाने के कारण चिड़चिड़ा हो जाता है, भाई-बहन खाने की मेज पर झगड़ने लगते हैं। लेकिन अगर माता-पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले लोग इस बारे में सलाह के लिए सोशल मीडिया का रुख करते हैं, तो इससे फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर बच्चों को खाना खिलाना बिल्कुल आसान लगता है। हमारे नए शोध में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे कंटेंट की भरमार है, जिसमें भोजन के समय के अवास्तविक मानकों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों की देखभाल करने वालों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हम जानते हैं कि जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो माता-पिता को कई दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें इस बारे में बहुत कम जानकारी होती है कि सोशल मीडिया किस प्रकार इन दबावों को बढ़ाने में योगदान दे रहा है। यह जानने के लिए कि सोशल मीडिया पर पारिवारिक भोजन को कैसे दर्शाया जाता है, हमने एक लोकप्रिय प्लेटफ़ॉर्म इंस्टाग्राम पर नजर डाली। लगभग दो अरब यूजर वाले इंस्टाग्राम पर खान-पान से जुड़ी तस्वीरों व वीडियो का अंबार है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# ऐशबाग में डेयरी परिसर में मिला एक क्विंटल प्रतिबंधित मांस, हिंदू संगठन का हंगामा, प्रदर्शन कर किया चक्काजाम

## पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार, समझाइश के बाद ही प्रदर्शन हुआ शांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित कम्मू का बाग इलाके से एक डेयरी में एक क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि डेयरी परिसर में प्रतिबंधित मांस रखा है। पुलिस ने दबिश देकर वहां से दो मवेशियों के सिर और एक क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित मांस बरामद किया।

इस घटना की खबर मिलते ही हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।





**अवशेष बरामद हुए**

*थाना प्रभारी विजयबहादुर सिंह सेंगर ने बताया कि सोमवार तड़के सूचना मिली कि डेयरी परिसर में गौकशी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो वहां पुलिस को दो मवेशी के सिर, प्रतिबंधित मांस और अन्य अवशेष बरामद हुए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डेयरी संचालक जब्बार (65) और उसके बेटे रूसी (40) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।*

### बजरंग दल के सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने किया 4 घंटे प्रदर्शन

*बजरंग दल के सदस्य राहुल साहू ने बताया कि पुलिस ने मांस को नष्ट करने के लिए लोडिंग ऑटो से रायसेन रोड पर भेजा था। कार्यकर्ताओं ने रास्ते से ऑटो पकड़ लिया। इसके बाद 80 फिट रोड पर सुबह साढ़े 8 बजे करीब 500 लोगों ने सडक पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आरोपियों के खिलाफ रासुका और अवैध डेयरी व मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग रखी। 80 फिट रोड पर करीब चार घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। इससे जाम की स्थिति बन गई। रेलवे स्टेशन करीब होने के कारण भारत टॉकीज ब्रिज तक लंबा जाम लग गया। पुलिस को एक साइड से रास्ता बंद करना पड़ा। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया।*

### गो-मांस मिलने वाली डेयरी को किया जाएं नेस्तनाबूत: सारंग

अशोका गार्डन में गो मांस मिलने पर खेल और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देने के साथ गौ मांस मिलने वाली डेयरी को नेस्तनाबूत करने की मांग की है। सारंग ने कहा कि यह डेयरी कांग्रेस नेता की बताई जा रही है। कांग्रेस हर समय सनातन, हिंदू पंथ और हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाती रही है। दोषी के खिलाफ रासुका की कार्रवाई करने के साथ उनकी बेनामी संपत्ति पर भी कार्रवाई की जाएं।

---

## खबर संक्षेप



### जीएमसी में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन

**भोपाल।** नेशनल मेडीकल कमीशन (एनएमसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में सोमवार को एंटी-रैगिंग सप्ताह का समापन हुआ। इस दौरान अनेक रचनात्मक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। सप्ताह के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने रैगिंग मुक्त, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने का संकल्प लिया। रैगिंग पर अंकुश लगाने के लिए सप्ताह शुरू हआ था। जिसमें सभी विभागध्यक्षों से रैगिंग पर चर्चा कर छात्र-छात्राओं को रैगिंग विषय पर जागरूक किया गया।

### आहूजा की अंत्येष्टि में शामिल हुए खंडेलवाल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, लोकतंत्र सेनानी एवं बैतूल लोकसभा से पूर्व सांसद सुभाष आहूजा के निधन पर बैतूल स्थित उनके निवास पहुंचकर अंतिम दर्शन कर पार्थिव शरीर को कंधा दिया एवं अंत्येष्टि में शामिल हुए। दोनों ने परिजनों को सांत्वना दी।

---

### आरोपियों के पास से पासबुक, एटीएम कार्ड, पासपोर्ट, दो मोबाइल और तीन सिम कार्ड जब्त

# निवेश के नाम पर 9 लाख 35 हजार की ठगी जालसाजों को खाता बेचने वाले चार धरदबोचे

## साइबर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, मलप्पुरम और कोझीकोड केरल से चारों आरोपी गिरफ्तार









हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 9 लाख 35 हजार रुपए की ठगी करने वाले जालसाजों को खाता बेचने वाले चार आरोपियों को साइबर क्राइम ब्रांच ने मलप्पुरम और कोझीकोड केरल से गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने इन चारों से खाते खरीदे थे और इसी में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई थी।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद जैनुल निवासी कोहेफिजा ने साइबर क्राइम ब्रांच को शिकायती आवेदन दिया था। उसने बताया कि करन बिरला नाम के व्यक्ति ने वाट्सएप पर संपर्क कर पीएमएचडीएफसी नाम की एप्लीकेशन डाउनलोड कराई थी। शेयर मार्केट में सहज सोलर नाम की कंपनी में निवेश करने के नाम पर बैंक खातों में 9 लाख 35 हजार रुपए जमा करवा दिया। सायबर क्राइम जिला भोपाल की टीम ने जांच की तो पता चला कि जालसाजों ने धोखाधड़ी की रकम दुबई से निकाली है। जानकारी जुटाकर पुलिस ने चारों आरोपियों को मलाप्पुरम, कोझीकोड केरल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, पासपोर्ट, दो मोबाइल और तीन सिम कार्ड जब्त किए हैं।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

*मुहम्मद नबील कोलोथोड़ी, केरल महज 12वीं पास है। स्वयं के नाम पर खाता खुलवाकर पैसे लेकर बेचता है। शमशाद पी 12वीं पास है और फर्जी खाते खरीदकर अन्य आरोपियों को पैसे लेकर बेचता है। आशिक सजीर टी ग्रेजुएट है और फर्जी खाते खरीदकर पैसे लेकर बेचता है। तीनों आरोपी निवासी पेरिंदलमन्ना जिला मलप्पुरम, केरल के हैं। मोहम्मद दानिश निवासी, चेरीकुलंगारा हाउस ग्राम एलिटील जिला कोझिकोड केरल, आईटीआई भारत से खाते खरीदकर दुबई में साइबर ठगों को बेचता है।*

### ट्रैक्टर की टक्कर से ई-स्कूटर सवार युवक की मौत

*मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा टोला गांव में सोमवार दोपहर ई-स्कूटर सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। युवक को एंबुलेंस की मदद से एम्स पहुंचाया गया, वहां चेक करने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर का नंबर मिल गया है। पुलिस नंबर के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। एएसआई क्षत्रपाल सिंह ने बताया कि विकास राय पिता धनीराम राय (19) सतलापुर, मंडीदीप में रहता था और कॉलेज का छात्र था। बंगरसिया में उसके रिश्तेदार रहते हैं। सोमवार दोपहर वह सतलापुर से अपना ई-स्कूटर लेकर बंगरसिया जाने के लिए निकला था। दोपहर करीब तीन बजे के आसपास विकास बंगरसिया रोड पर समरधा गांव में पुलिया के पास पहुंचा ही था कि टर्निंग पाइंट पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उसे एम्स पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।*

### ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

*नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित आमल्या गांव में तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथी घायल हो गया। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर ट्राला चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था। घायल व्यक्ति की मौत के बाद चालक के खिलाफ धाराएं बढ़ा दी गई हैं। पुलिस के अनुसार सुरेश मोगिया (32) ग्राम पीपलहेला थाना देहात ब्यावरा जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं। वह अपने दोस्त बाबूलाल पुत्र भंवरलाल (45) के साथ नजीराबाद स्थित ग्राम सिंघोड़ा आए थे। रविवार की सुबह करीब ग्यारह बजे दोनों बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। बाइक बाबूलाल चला रहे थे। दोनों ग्राम आमल्या मोड़ स्थित पुलिया के पास पहुंचे, तभी मकसूदनगढ़ की तरफ से आ रहे एक सफेद रंग के तेज रफ्तार ट्राले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।*

---

### जिले में 19 हजार शिकायतें पेंडिंग

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को निपटाने में भोपाल पिछड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में राजधानी भोपाल पिछड़ा हुआ है। राजधानी भोपाल में सीएम हेल्पलाइन में 19 हजार शिकायतें पेंडिंग है। यह खुलासा सोमवार को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और तहसीलों में लंबित प्रकरणों की समय सीमा बैठक में हुआ। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैठक समीक्षा की। जिसमें पता चला कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने में भोपाल जिला फिसड्डी बना हुआ है।

**कलेक्टर ने कहा: दो दिन में करें शिकायतों का निराकरण**

जिले की अब तक करीब 19 हजार शिकायतें लंबित है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दो दिन में शिकायतों का निराकरण कर स्थिति में सुधार किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम अंकुर मेश्राम, पीसी शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, समाधान आनलाइन और सीएम डैशबोर्ड पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी विभाग द्वारा 80 प्रतिशत से कम शिकायतों का निराकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि भिक्षावृत्ति पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करें और अगली बैठक में पौधरोपण की जीआई टैगिंग, फोटोग्राफ सहित डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, समग्र ईकेवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री और प्रधानमंत्री किसान योजना की ईकेवाईसी से संबंधित सभी कार्यों को त्वरित गति से पूरा करने के लिए कहा है।

### 50 दिन से अधिक आठ हजार शिकायतें लंबित

जिले में जुलाई महीने में सीएम हेल्पलाइन पर 17 हजार 669 शिकायतें दर्ज हुई थी, जिनमें से महज 12 हजार 438 शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद किया गया है। जबकि अब तक 19 हजार 390 शिकायतें और 50 दिन से अधिक आठ हजार 867 शिकायतें लंबित हैं।

---

### राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की भेंट

## सुशासन की दिशा में पुलिस, प्रशासन की साझा भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: डीजीपी मकवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य प्रशासनिक सेवा के 27 परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना से सौजन्य भेंट की। डीजीपी ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए।

सुशासन एवं जनसेवा की दिशा में पुलिस और प्रशासन की साझा भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### पारदर्शिता संवेदनशीलता से करें काम: डीजीपी

डीजीपी ने कहा कि आप सभी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता से काम करें। उन्होंने कहा कि वे जनता से जीवंत संपर्क बनाए रखें। इससे उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझने में सहायता मिलेगी, जिससे प्रशासनिक परिणाम और अधिक प्रभावी होंगे।

### छात्राओं के साथ दुष्कर्म मामले में पीड़िता ने दर्ज कराए बयान

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** छात्राओं के साथ दुष्कर्म मामले में पीड़िता ने विशेष न्यायालय में उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराए हैं। विशेष लोक अभियोजक ने पीड़िता के बयान दर्ज कराए। न्यायालय का समय हो जाने से अगली सुनवाई 23 अगस्त को पीड़िता के बयान दर्ज किए जाएंगे। बागसेवनिया थाना पुलिस ने छात्राओं के शिकायती आवेदन पर 12 अप्रैल को आरोपी फरहान खान और साहिल के खिलाफ छात्राओं को डरा-धमकाकर उनके साथ दुष्कर्म और मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव डालने को लेकर अपराध पंजीबद्ध किया था। बागसेवनिया थाना ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के बाद आरोपियों के विरूद्ध 12 जून को न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। बागसेवनिया थाना में आरोपी फरहान खान और साहिल के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किए जाने के बाद जहांगीराबाद,अशोका गार्डन और एशबाग थाना में फरहान खान और साहिल के साथियों के विरूद्ध दुष्कर्म के केस दर्ज हुए थे।



### दो सप्ताह तक चलेगा कार्यक्रम

## संस्कृत विवि: बीए.बीएड. माध्यमिक सत्र 2025-26 का दीक्षारंभ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में सोमवार को एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम, (बीए बीएड) माध्यमिक सत्र 2025-26 के दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

दो सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो रवीन्द्र कान्हेरे, एएफ आरसी भोपाल के अध्यक्ष तथा सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो अंशुमन उपाध्याय, इग्नू भोपाल के उपनिदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृत विवि भोपाल के निदेशक प्रो रमाकांत पांडेय ने की।

### पाठ्यक्रम अत्यंत ही महत्वपूर्ण:प्रो. अंशुमन

प्रो. अंशुमन उपाध्याय ने अपने संबोधन में छात्रों को बताया कि स्नातक स्तर की पढ़ाई विवि शिक्षा की प्राथमिक सीढ़ी होती है। बीए बीएड कार्यक्रम में प्रवेश लेते ही वे दो भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों के संयुक्त रूप में अध्ययन करने वाले हैं, अतः उनका यह पाठ्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. रमाकांत पांडेय ने छात्रों को पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर बधाई देते हुए उन्हें संस्कृत विवि के विभिन्न पक्षों के विषय में बताया।

### आज रक्षाबंधन महोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

## बहनों का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी शक्ति: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को 16 हजार 274 बहनों ने राखी बांधकर अपने भैया विश्वास सारंग को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेला विधानसभा को उन्होंने कभी राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखा। यह एक परिवार है, जहां बहनों का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी और शक्ति है। सारंग ने बताया कि महोत्सव के छठवें दिन मंगलवार को शाम चार बजे वार्ड 37 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर राखी बांधी

रक्षाबंधन महोत्सव के दौरान बहनों ने सारंग को ऑपरेशन सिंदूर राखी भी बांधी। इस अवसर पर सारंग ने सभी बहनों को उपहार स्वरूप छाता, साड़ी, अभिमंत्रित रुद्राक्ष व महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया।




### प्रदेश के स्कूलों में शुरू हुए आधार कार्ड केंद्र

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिए स्कूल में ही विशेष अभियान सोमवार से शुरू हो गया है। प्रदेश के कई जिलों में इसकी शुरूआत हो चुकी है, हालांकि भोपाल जिले में फिलहाल दो दिन इंतजार के बाद इसकी शुरूआत हो सकेगी। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. आरके यादव ने बताया कि भोपाल जिले के लिए कलेक्टर कार्यालय से अनुमोदन के बाद सेंटर और टीम तैयार की गई है।

यहां 22 से अधिक स्कूलों में केंद्र बनाए जाएंगे। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाए जाएंगे। इस अभियान का नाम होगा विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार'। यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में अंगुलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। अभियान का पहला चरण, मध्य प्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू हुआ।

---

### विशेषज्ञ बोले: यह केवल सर्जरी नहीं, पहचान के साथ जीने का नया अवसर

# एम्स: जेंडर-अफर्मेटिव हेल्थकेयर की शुरूआत ट्रांसमैन की हुई पहली टॉप सर्जरी, रही सफल

## दावा: मरीज की संवेदना रिकवरी की संभावना बनी रहती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल में जेंडर-अफर्मेटिव केयर की शुरूआत की गई है। संस्थान में ट्रांस मैन की पहली टॉप सर्जरी सफलतापूर्वक की है। सर्जरी एम्स की मल्टीडिस्पिलनरी (कई विभाग) टीम ने इंपीरियर पेडिकल तकनीक से मरीज में अतिरिक्त ब्रेस्ट टिशू (छाती ऊतक) हटाए गए। इस दौरान विशेष रूप से निप्पल एरियोला कॉम्प्लेक्स (एनएसी) सुरक्षित रखा गया। विशेषज्ञों ने कहा कि इससे मरीज की संवेदना और रिकवरी की संभावना बनी रहती है।

संस्थान ने बताया कि यह हस्तक्षेप केवल शल्यचिकित्सा नहीं, बल्कि मरीज के लिए अपनी पहचान को गरिमा के साथ जीने का नया अवसर है। एम्स की ट्रांसजेंडर हेल्थ सेवाओं को बढ़ाते हुए आने वाले महीनों में अन्य जेंडर-अफर्मेटिव ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे। इसके लिए टॉप और बॉटम, दोनों का रोडमैप भी तय किया जा रहा है।

### क्या है टॉप सर्जरी?

*टॉप सर्जरी का उद्देश्य छाती का आकार पुरुष-सदृश (मैस्क्युलिन) बनाना है ताकि ट्रांस मैन अपने शरीर में सहज महसूस कर सकें। इसमें आम तौर पर अतिरिक्त ब्रेस्ट टिशू और स्किन हटाना, निप्पल एरियोला का आकार और स्थिति सही करना और कंटूरिंग शामिल होती है। इंपीरियर पेडिकल जैसी तकनीकों एनएसी को संरक्षित रखते हुए बेहतर सौंदर्यात्मक परिणाम और संभावित संवेदना बनाए रखने में मदद करती हैं। यह प्रक्रिया हार्मोन थेरेपी लेने या न लेने दोनों स्थितियों में, चिकित्सा मूल्यांकन के आधार पर योजना बनाकर की जाती है।*




### बैरागढ़ अस्पताल, रातीबड़ स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर नहीं पहुंचे कर्मी

**डेढ़ दर्जन से अधिक कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी**



राजधानी की शहरी और ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य संस्थाओं में सुबह की ओपीडी का निरीक्षण निरंतर जारी है। सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सिविल अस्पताल बैरागढ़ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रातीबड़ का किया निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान में डेढ़ दर्जन से अधिक स्वास्थ्यकर्मी सुबह 9.30 बजे तक ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। विलंब से पहुंचे इन लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार अथवा उन्हें और बेहतर करने के लिए ओपीडी समय पर स्टाफ का उपस्थित रहना बेहद जरूरी है। सभी संस्थाओं में सुबह एवं शाम की ओपीडी के औचक निरीक्षण निरंतर जारी रखा जाएगा।

### आउटसोर्स वाहन चालकों पर दादागिरी का आरोप

## नेमा ने कहा: सीएम की तिरंगा यात्रा में वाहन चालक कटारे ने मुझे दिया धक्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वन विभाग के लिपिक सुधीर नेमा पर झूठे आरोप लगाने वाले आउटसोर्स वाहन चालक घनश्याम कटारे की मुसीबत बढ़ने वाली है। मप्र वन विभाग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी वाहन चालकों की दादागिरी की शिकायत वन मंत्री दिलीप अहिरवार और एमडी समिता राजौरा से करेंगे।

सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए लिपिक सुधीर नेमा ने बताया कि आउटसोर्स वाहन चालक घनश्याम कटारे ने मुझ पर जो आरोप लगाए है, वह झूठे हैं। मैंने ना तो कटारे के साथ कोई दुर्व्यहार किया और न ही उसे जान से मारने की धमकी दी। बल्कि कटारे ने मुझे मुख्यमंत्री की तिरंगा यात्रा के स्वागत के दौरान धक्का मार कर अभद्रता की थी। आउटसोर्स वाहन चालक आए दिन कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ दादागिरी करते है।

वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर भी नहीं लगाते है। अगर उनसे कुछ कहो तो वह दादागिरी करने पर उतारू हो जाते है। आउटसोर्स वाहन चालकों की दादागिरी से परेशान होकर वन कर्मचारी संघ अब वन मंत्री और एमडी मैडम से शिकायत करेंगे। अगर इसके बाद भी वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

## पीएम से मिले सीपी राधाकृष्णन

# प्रधानमंत्री मोदी बोले-राधाकृष्णन का अनुभव राष्ट्र को समृद्ध करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी चुने जाने के बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर पीएम मोदी से मुलाकात की। राधाकृष्णन 4 दशकों से अधिक समय से राजनीतिक, सामाजिक और सांविधानिक जीवन में सक्रिय हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर तस्वीरें शेयर कर लिखा, राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने में मदद करेगी। ईश्वर करे कि वे उसी समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें जो उन्होंने हमेशा दिखाया है।

**अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल**

### 'भावी' उपराष्ट्रपति ने पीएम आवास जाकर पीएम मोदी से की मुलाकात

**राजनाथ और रिजिजू को मिली चुनाव की जिम्मेदारी**



भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया। पार्टी ने उपराष्ट्रपति चुनाव की जिम्मेदारी राजनाथ सिंह और चुनावी एजेंट केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को बनाया है।

**राधाकृष्णन के संबंध में प्रमुख बातें**

### खाते में करोड़ों रुपए फिर भी वे कार नहीं

2019 लोकसभा चुनाव में दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार राधाकृष्णन की कुल संपत्ति लगभग 67,11,40,166 करोड़ रुपए है। इसमें कुल अचल संपत्ति 7,31,07,436 है, जिनमें नकदी, बैंक जमा, बीमा, बॉन्ड, शेयर और आभूषण शामिल हैं, जबकि अचल संपत्ति में 44,43,25,040 रुपए की कृषि भूमि, 7,23,73,690 रुपए की गैर-कृषि भूमि, 6,63,34,000 रुपए की व्यावसायिक इमारत है। इसके अलावा, 1,50,00,000 रुपए का आवासीय मकान है। उनके ऊपर 2,36,86,000 रुपए की देनदारी है। खास बात यह है कि करोड़ों के मालिक होने के बाद भी उनके पास एक भी खुद की गाड़ी नहीं है।

### एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन कल करेंगे नामांकन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली उपराष्ट्रपति पद के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन दिल्ली पहुंचे और हमने एनडीए के नेताओं के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। हमें बहुत गर्व है कि सीपी राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। हमें उम्मीद है कि सभी दल उन्हें समर्थन देंगे।

**रेड्डी करेंगे एनडीए का समर्थन**



जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वे 9 सितंबर को होने वाले चुनाव में एनडीए कैंडिडेट सीपी का समर्थन करेगी।

**राउत ने की सीपी राधाकृष्णन की तारीफ**



विपक्षी नेताओं द्वारा इस हफ्ते इंडिया गठबंधन की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है। हालांकि उससे पहले शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने राधाकृष्णन की तारीफ की है।

**तिरुची को विपक्ष बनाएगा साझा उम्मीदवार, अटकलें**



अटकलें हैं कि अब विपक्षी गठबंधन इंडिया भी तमिलनाडु से ही उम्मीदवार को उतार सकता है। इसमें सबसे आगे डीएमके यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम सांसद तिरुची सिवा हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### क्या इस बार उत्तर से होगा भाजपा अध्यक्ष?



**नई दिल्ली।** भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा? फिलहाल इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है। भाजपा के नेताओं से जब इस सवाल का जवाब पूछा जाता है, तो वे कहते हैं फिलहाल नाम नहीं बता सकते। लेकिन अब चर्चा है कि भाजपा का अगला अध्यक्ष 'उत्तर' से हो सकता है। इसके पीछे उत्तर भारत को साधने को प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### शोभा यात्रा में हादसा, अब तक 6 लोगों की मौत



**हैदराबाद।** हैदराबाद के रामंतपुर इलाके के गोकुले नगर में श्री कृष्णाष्टमी उत्सव के दौरान निकाली गई शोभा यात्रा में हादसा हो गया है। इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ गई है। इस दौरान बिजली का करंट लगने से 6 लोगों की मौत हो गई है। बिजली विभाग के सीएमडी मुशर्रफ फारूकी ने जांच के लिए घटनास्थल का दौरा किया है।

### सोमनाथ मंदिर मेले में टावर राइड गिरी, 5 गंभीर



**सोमनाथ।** नवसारी के बिलिमोरा में सोमनाथ महादेव मंदिर मेले में बड़ा गादसा हो गया। सावन के आखिरी सोमवार की पूर्व संध्या पर 50 फीट ऊंची एक टावर राइड अचानक गिर गई। इस राइड में 10 लोग सवार थे। इनमें से 5 सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। लोग खचाखच थे।

### जिगर के टुकड़े को बचाने भिड़ गई मां, बचा लाई लाल



**उदयपुर।** शहर के न्यू आरटीओ रोड स्थित गौतम विहार कॉलोनी में रविवार शाम 5 वर्षीय गौरांश पर तीन कुत्तों ने हमला कर दिया। बच्चा घर के बाहर स्कूटर चला रहा था, तभी अचानक कुत्तों का झुंड दौड़ता हुआ आया और उसे जमीन पर गिराकर नोचने लगा। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां प्रीति दौड़ी और किसी तरह कुत्तों को भगाया। परिजन तुरंत बच्चे को अस्पताल ले गए। इस वीडियो सामने आया है।

### राजस्थान में नीले ड्रम से मिला युवक का शव



**जयपुर।** उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में हुए चर्चित नीले ड्रम वाले मुस्कान कांड जैसा ही एक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। ये नया मामला राजस्थान के खैरथल-तिजारा का है। जहां रविवार को मकान की छत पर रखे नीले प्लास्टिक ड्रम से 35 वर्षीय युवक हंसराम का शव बरामद हुआ। पत्नी-बच्चे लापता बताए जा रहे हैं।

---

## बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष में टकराव और बढ़ा

**वोटर अधिकार यात्रा पर पात्रा का तीखा हमला**

# भारत के सब पदार्थों की चोरी करने वालों में बिहार में एक चारा चोर और दूसरा यात्रा पर

### इस यात्रा से भी नहीं होगी नैया पार, भ्रष्टाचार में दोनों बेल पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से पीएम मोदी की सरकार बनी है, कांग्रेस और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। पात्रा ने कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ये स्वाभाविक है जिसके स्वभाव में जो होता है उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे



यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ये जेल यात्रा, बेल यात्रा सब कुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है। एक चारा चोर और दूसरा पूरे भारत के सब पदार्थों की चोरी करने वाले परिवार, ये मिल करके संविधानिक संस्थाओं को चोर घोषित करने का काम कर रहे हैं।

### राहुल की सारी यात्राएं लॉन्च होने के बाद धराशायी हो गईं

भाजपा की तरफ से सोशल मीडिआ प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए राहुल गांधी की यात्रा पर निशाना साधा गया है। इस पोस्ट में एक फोटो साझा किया गया जिसमें राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ा न्याय यात्रा के साथ-साथ वोटर अधिकार यात्रा को एक रॉकेट के जरिए दिखाया गया है, जो लॉन्च होने के बाद धराशायी हो गया है।

**जनता इनको नकार चुकी : केदार**



बिहार की राजनीति विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही गरमा गई है। इसी कड़ी में राज्य सरकार के पंचायती राज मंत्री और भाजपा नेता केदार प्रसाद गुप्ता ने राहुल और राजद नेता तेजस्वी यादव पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल बिहार में बेवजह घूमकर समय बर्बाद कर रहे हैं। कुछ नहीं होने वाला है।

**बिहार में राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा'**

### ईसी- भाजपा पर लगाए आरोप, एसआईआर को वोट चोरी का नया हथियार बताया

**सासाराम।** बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही राजनीति गरमाने लगी है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने



चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एसआईआर दरअसल वोट चोरी का नया हथियार है, जिसके जरिए लाखों मतदाताओं के अधिकार छीने जा रहे हैं। ाहुल ने सासाराम से अपनी 1,300 किलोमीटर लंबी 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू करते हुए उन लोगों से मुलाकात की, जिनका नाम पिछले चुनाव में वोट डालने के बावजूद मतदाता सूची से हटा दिया गया। राहुल ने इसे लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर बड़ा खतरा बताया। राहुल ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा एसआईआर मतदाता सूची अभियान लोकतंत्र में वन पर्सन, वन वोट के सिद्धांत पर सीधा हमला है।

## पूरे विपक्ष ने केवल सीईसी को गैरजिम्मेदार बताया, कृष्णम का करारा वार

**कांग्रेस का फिर सीईसी पर निशाना**

**जवाबदेही से भाग रहा चुनाव आयोग**



सर को लेकर चुनाव आयोग के जवाब पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ने पलटवार किया है। सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी जवाबदेही से भाग रहा है।

**बार-बार हलफनामा क्यों मांगा जा रहा**



सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा ईसी राहुल गांधी से बार-बार हलफनामा मांग रहा है, लेकिन हम 2018 में ही कई बार चुनाव आयोग को शिकायत के साथ हलफनामा दे चुके हैं।

**पूर्व चुनाव आयोगों के खिलाफ कार्रवाई करें**



टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि फर्जी मतदाता सूचियों के लिए पूर्व चुनाव आयोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, लोकसभा को तुरंत भंग किया जाना चाहिए।

**ईसी संविधान से ही जन्मा**



राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि संविधान से शक्ति मिल रही है। मैं मुख्य चुनाव आयुक्त को बताना चाहता हूं कि चुनाव आयोग संविधान का पर्याय नहीं है, बल्कि यह संविधान से ही जन्मा है।

**वोट चोरी विवाद**

**सीईसी के खिलाफ महाभियोग की चर्चा**



इंडिया गठबंधन ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और कथित वोट चोरी को लेकर सीईसी पर महाभियोग लाने की तैयारी में है।

**भड़के प्रमोद कृष्णम**

**राहुल को इस्तीफा दे देना चाहिए**



**नागपुर।** विपक्ष सीईसी के खिलाफ महाभियोग की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस के ही पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा राहुल गांधी इस्तीफा दे दें।

---

**स्पीकर बिरला की विपक्ष**

## सरकारी संपत्ति तोड़ने का अधिकार नहीं देंगे निर्णायक कार्रवाई होगी

**चेतावनी- सरकारी संपत्ति को नष्ट न करें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों ही सदनों लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। संसद के निचले सदन में विपक्ष का बर्ताव



आक्रामक होने की वजह से उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी कि विपक्ष के ऐसे बर्ताव की वजह से उन्हें निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ सकती है। दरअसल, सदन में विपक्ष प्रश्नकाल के दौरान हंगामा कर रहा था। विपक्ष के नेता वेल तक पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। वे एसआईआर और अन्य मुद्दों पर विरोध दर्ज करा रहे थे। स्पीकर बिरला ने कहा कि यदि आप उसी ताकत से सवाल पूछते हैं जिसके साथ आप नारे लगा रहे हैं, तो यह देश के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। लोगों ने आपको सरकारी संपत्ति को तोड़ने के लिए नहीं भेजा है और मैं आपसे अनुरोध करता हूं और आपको चेतावनी देता हूं कि किसी भी सदस्य को सरकारी संपत्ति को तोड़ने का विशेषाधिकार नहीं है। यदि आप सरकारी संपत्ति को तोड़ने की कोशिश करते हैं, तो मुझे कुछ निर्णायक फैसले लेने होंगे और देश के लोग आपको देखेंगे।

### संसद परिसर में विपक्ष का 'सर' के खिलाफ प्रदर्शन

इससे पहले बिहार में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में कई विपक्षी सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में सांसदों ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'वोट चोरी बंद करो' के नारे लगाए। उन्होंने 'वोट चोरी' लिखा एक बड़ा बैनर और सर को रोको' की मांग वाले पोस्टर भी लिए हुए थे। हालांकि सत्तापक्ष ने जोरदार खंडन भी किया।

---

**सीएम ममता का बड़ा ऐलान**

## रोजगार मिलने तक प्रवासी श्रमिकों को 5000 रु.महीना

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपयएदिए जाएंगे। कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने सीएम ममता केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता



बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं। इच्छुक प्रवासी श्रमिकों के पुनर्वास में मदद मिलेगी।

**मुंबई समेत कई राज्यों में भारी बारिश ने मचाई तबाही**

**कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव, रेड अलर्ट**

## नांदेड़ में बादल फटने से 5 लापता कई मार्ग बंद, मदद के लिए पहुंची सेना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव हो गया। विभिन्न इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया। आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

अंधेरी सबवे बंद कर दिया गया है। बीएमसी ने स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। मुंबई पुलिस ने गैर-जरूरी यात्रा से बचने को कहा है। इस बीच बादल फटने से 5 लोग लापता हैं।



### कर्नाटक और राजस्थान में भी काफी नुकसान

कर्नाटक के चिक्कमगलुरु और हसन जिलों में भारी बारिश से जानमाल का नुकसान हुआ है। पेड़ उखड़कर गिरे और सड़कों के साथ रेल मार्गों पर भी बाधाएं खड़ी हो गई हैं। खेतों में जलभराव से फसलें प्रभावित हुईं।

**सीजेआई की बड़ी टिप्पणी**

### दो घंटे की बारिश में लकवाग्रस्त हो जाती है दिल्ली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बरसात से होने वाले हालात पर सीजेआई बी आर गवई ने बड़ी टिप्पणी की है। गवई ने कहा कि दिल्ली में आप जानते हैं कि क्या होता है, अगर दो घंटे



बारिश हो जाए तो पूरा शहर लकवाग्रस्त हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केरल के एक हाईवे पर 12 घंटे लगे जाम पर भी सवाल उठाया।

**पटना में एसटीईटी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज**

## 'परीक्षा नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाते निकली थी भीड़

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा से पहले पात्रता परीक्षा कराने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों अभ्यर्थी पटना की सड़कों पर उतर आए। अभ्यर्थियों ने पटना कॉलेज से पैदल मार्च शुरू किया और मुख्यमंत्री आवास तक जाने की कोशिश की। डाकबंगला चौराहा पर पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोक लिया और वहां बैरिकेडिंग कर दी। प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। फिर लाठियां चलाई।



### अभ्यर्थियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी

अभ्यर्थियों का कहना था कि जब तक सरकार शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं करती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसमें एक अभ्यर्थी बेहोश हो गया, जबकि कुछ छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया।

---

**टोल एजेंसी ने जवान को बुरी तरह पीटा**

## 20 लाख का ठोका जुर्माना अब तो ठेका भी होगा रद्द

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ-करनाल राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-709ए) पर स्थित भुनी टोल प्लाजा पर 17 अगस्त की रात एक शर्मनाक घटना सामने आई, जिसमें टोल कर्मचारियों ने भारतीय सेना के जवान कपिल सिंह और उनके भाई शिवम के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई करते हुए टोल कलेक्शन



एजेंसी, मेसर्स धरम सिंह एंड कंपनी पर 20 लाख का जुर्माना लगाया है और कंपनी का अनुबंध समाप्त करने के साथ-साथ भविष्य में टोल प्लाजा की बिडिंग में भाग लेने से रोकने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मेरठ के गोटका गांव निवासी सेना के जवान कपिल सिंह 17 अगस्त की रात अपने चचेरे भाई शिवम के साथ दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जा रहे थे। उन्हें श्रीनगर में अपनी ड्यूटी जॉइन करनी थी। भुनी टोल प्लाजा पर लंबी कतार और समय की कमी के कारण कपिल ने जल्दी निकालने की अपील की।

**स्पीकर बिरला ने शुभांशु को संसद में दी बधाई**

## शुक्ला ने दिखाई भविष्य की उम्मीद, अंतरिक्ष में भारत का नाम छाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की ओर से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को बधाई दी। शुक्ल ने एक्शिओम -4 मिशन के तहत आईएसएस की यात्रा कर भारतीय अंतरिक्ष इतिहास में नया अध्याय जोड़ा। अब संसद में इस उपलब्धि पर विशेष चर्चा हो रही है, जिसे 'आईएसएस पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारतः अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका' नाम दिया गया है। यह चर्चा केवल एक मिशन की नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की झलक है जहां गगनयान और स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन जैसे बड़े सपने पूरे होते दिख रहे हैं।

**भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री '2047 तक विकसित भारत' पर की चर्चा**



*लोकसभा में अंतरिक्ष मिशन पर विशेष चर्चा*



**मंत्री जितेंद्र बोले- अंतरिक्ष के क्षेत्र में 3 हजार से ज्यादा स्टार्टअप**



लोकसभा में भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुक्ला के ऐतिहासिक आईएसएस मिशन पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में अंतरिक्ष विभाग और स्पेस टेक्नोलॉजी ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी अंतरिक्ष तकनीक का अहम योगदान रहा, और यह प्रगति मोदी सरकार के आने के बाद तेज हुई।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी अंतरिक्ष यात्रा को गति

मंत्री ने सवाल उठाया कि आखिर 60-70 साल तक अंतरिक्ष विभाग क्यों धीमी गति से काम करता रहा। 2014 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदभार संभाला, तभी से अंतरिक्ष यात्रा का नया अध्याय शुरू हुआ।

**थरूर ने की शुक्ला की जमकर तारीफ**



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को पुष्टि की कि विपक्ष ग्रुप कैप्टन शुक्ला के सम्मान में लोकसभा में चर्चा में शामिल नहीं होगा। हालांकि थरूर ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला की जमकर सराहना की।

# व्हाइट हाउस पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का ट्रंप ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे। ट्रंप ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन जंग से जुड़े सवालों के जवाब दिए। ट्रंप ने कहा कि वे जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ मुलाकात के बाद पुतिन से फोन पर बात करेंगे। पहले उन्हें लगता था कि यूक्रेन जंग खत्म कराना उनके लिए बहुत आसान होगा, लेकिन यह बहुत मुश्किल हो रहा है। ट्रंप ने अपना पुराना बयान भी दोहराया कि जेलेंस्की चाहें तो जंग तुरंत रुक सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो सुरक्षा न मिलने के बावजूद वे यूक्रेन को बहुत अच्छी सिक्योरिटी देंगे। इस बीच जेलेंस्की ने फिर से कहा कि वे किसी भी हाल में रूस के साथ जमीन की अदला-बदली के लिए तैयार नहीं हैं। जेलेंस्की काली जैकेट पहनकर पहुंचे तो ट्रंप एवं मीडिया ने प्रशंसा की। ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं से भी मुलाकात की। इस मीटिंग में फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, फिनलैंड, इटली के लीडर्स के अलावा नाटो और यूरोपीय यूनियन के चीफ शामिल रहे।


ट्रंप-जेलेंस्की की मीटिंग में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद थे


इटली पीएम जॉर्जिया मेलोनी भी बैठक में शामिल हुईं


ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर व्हाइट हाउस पहुंचे

## खबर संक्षेप


### पाक में बारिश से 657 की मौत, 1000 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मॉनसून की बारिश में ही 657 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1000 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान में जून के आखिर से लेकर अब तक बारिश में हुई मौतों का यह आंकड़ा है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता तैयब शाह ने बताया कि अब भी भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल 22 अगस्त तेज बारिश जारी रहेगी। पहले भी हादसे होते रहे हैं।



### नेपाल में 4.0 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। पूर्वी नेपाल के रामेछाप जिले में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र रामेछाप जिले के हेलमचो इलाके में था, जो राजधानी काठमांडो से करीब 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पास के जिलों दोलखा, सिंधुली और कावरेपालांचोक में भी महसूस किए गए। हालांकि, अब तक किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हिमालयी भूकंपीय जोन में बसा हुआ है।



### दावा-रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवॉश किया जा रहा है। वहीं, 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है।



## अमेरिका के साथ तनातनी के बीच भारत पहुंचे चीनी विदेश मंत्री जयशंकर से मिले

# मुलाकात के बाद बोले जयशंकर-दोनों देशों के बीच मतभेद 'विवाद' नहीं बनने चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के मुद्दे पर बने हुए तनाव के बीच भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध धीरे-धीरे ही सही फिर से पटरी पर लौटते हुए नजर आ रहे हैं। इसकी ताजा मिसाल सीमा मामलों पर चर्चा करने के लिए गठित किए गए विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) के संवाद तंत्र की 19 अगस्त को होने वाली 24 वीं बैठक के रूप सबके सामने है।

जिसमें भाग लेने के लिए चीन के विदेश मंत्री वांग यी अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत सोमवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया और उसके बाद दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। भारत का पक्ष रखते हुए डॉ.जयशंकर ने कहा कि संबंधों में एक मुश्किल दौर (एलएसी विवाद) देखने के बाद अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। लेकिन यहां पर ये ध्यान रखने की जरूरत है कि न ही विवाद मतभेद में बदलें और न ही प्रतिस्पर्धा, संघर्ष में तब्दील हो। पिछले साल अक्टूबर महीने में रूस के कजान शहर में हुई भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद यह पहला मौका है।

जब चीन के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर हैं। डॉ.जयशंकर ने इस मुलाकात के जरिए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के लिए बेहद उपयुक्त अवसर बताया।

### आज शाम साढ़े 5 बजे पीएम मोदी से मिलेंगे

### भारत ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बड़ी

### पीएम मोदी और डोभाल से आज होगी मुलाकात



सोमवार को एस जयशंकर से मुलाकात के बाद चीनी विदेश मंत्री सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 24वें दौर की बातचीत के लिए आज यानी मंगलवार सुबह 11 बजे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल से मिलेंगे। इसके बाद सबसे खास मीटिंग शाम 5:30 बजे होने वाली। इस समय चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले हैं। यह मीटिंग पीएम मोदी के आवास लोक कल्याण मार्ग पर होगी।

### अगले हफ्ते चीन जाएंगे पीएम मोदी

बता दें कि एक हफ्ते के बाद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग भाग लेने के लिए पीएम मोदी चीन जाएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। वांग यी 19 अगस्त को पीएम मोदी से भी मिलेंगे। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि वांग की यात्रा के माध्यम से चीन भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है। वांग की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच राजनीतिक विश्वास,व्यावहारिक सहयोग को बढ़ाना है।



### एक-दूसरे की सफलता में बनें भागीदार

वहीं, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बैठक के दौरान कहा कि भारत और चीन ने सीमा पर शांति कायम रखने का प्रयास किया है। दोनों पक्षों ने सहयोग को आगे बढ़ाने, संबंधों में सुधार व विकास की गति को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विश्वास जताया है। जिससे हम न केवल भारत-चीन के विकास बल्कि एक-दूसरे की सफलता में भी योगदान दे सकें। साथ ही एशिया समेत समूची दुनिया में वो स्थिरता लाई जा सके। जिसकी आवश्यकता है।

### आचर्चा करेंगे


### *वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता की जरूरत*

*उन्होंने 5कहा कि हमारी यह बैठक हमें अंतरराष्ट्रीय स्थिति और साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करती है। ये स्वाभाविक है कि जब दो सबसे बड़े राष्ट्र मिलते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर चर्चा होगी ही। आज की हमारी बातचीत में आर्थिक-व्यापार से जुड़े मुद्दे के अलावा हम तीर्थयात्रियों के मसले, नदियों का डेटा साझा करने, सीमाई व्यापार, कनेक्टिविटी, द्विपक्षीय आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंधों जैसे विषयों पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक निष्पक्ष, संतुलित और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के साथ ही एक बहुध्रुवीय एशिया चाहते हैं। मौजूदा परिदृश्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता को बनाए रखना स्पष्ट रूप से जरूरी है। मैंने बीते जुलाई महीने में की गई अपनी चीन यात्रा के दौरान कुछ विशेष मामलों पर आपके समक्ष अपनी चिंता जाहिर की थी।*

## भारत में निवेशित रहने की दी सलाह

# अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म का दावा ट्रंप वापस ले सकते हैं हाई टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म जेफरीज ने अपने ग्राहकों को भारत में बिकवाली करने की जगह खरीदारी की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का यू-टर्न होना तय है। अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म में प्रमुख एनालिस्ट क्रिस्टोफर वुड ने कहा कि उनके ग्राहक वर्तमान वैश्विक बाजार परिवेश और इस संभावना के कारण भारत में निवेश करने पर विचार कर रहे हैं,क्योंकि ट्रंप अंततः अपना रुख बदल देंगे।

वुड ने कहा, यह केवल कुछ समय की बात है ट्रंप अपने रुख से पीछे हट जाएंगे, जो कि अमेरिका के हित में नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अगर कोई ट्रंप के सामने खड़ा होता है तो उसे लाभ होता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ट्रंप की ओर से ब्रिक्स देशों के खिलाफ कोई भी एक्शन उन्हें डी-डॉलराइजेशन की ओर ले जाएगा। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका का नाम शामिल है। डी-डॉलराइजेशन वह स्थिति है, जिसमें देश डॉलर की बजाय अन्य विदेशी मुद्राओं या घरेलू मुद्राओं में विदेशी व्यापार करना शुरू कर देते हैं। विश्लेषक ने कहा कि जेफरीज ने भारत पर, खासकर अपने एशिया (जापान को हटाकर) लॉन्ग-ओनली पोर्टफोलियो में, लगातार तेजी का रुख बनाए रखा है।

### एशिया में भारत की सराहना

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 15 वर्षों में वैश्विक उभरते बाजारों की तुलना में, भारत ने पिछले 12 महीनों में सबसे ज्यादा खराब प्रदर्शन किया है। ब्रोकिंग फर्म ने एशिया (जापान को हटाकर) में भारत पर मार्जिनल ओवरवेट रुख भी बनाए रखा है। वुड ने कहा, भारत एशिया में सबसे अच्छी दीर्घकालिक संरचनात्मक स्थिति का प्रतिनिधित्व करता है, हालांकि बाजार उच्च मूल्यांकन और भारी इक्विटी आपूर्ति का सामना कर रहा है।

### इसी माह पुनर्निर्धारित किया जा सकता है टैरिफ

भारतीय शेयर बाजार एक साल की फॉरवर्ड अर्निंग के 20.2 गुना पर कारोबार कर रहे हैं, जो अक्टूबर 2021 के उच्चतम स्तर 22.4 गुना से कम है। एनालिस्ट वुड ने कहा कि ब्रिक्स देश मुख्य रूप से अमेरिकी प्रशासन की विदेश नीति में एक वैचारिक ढांचे के अभाव के कारण फिर से एकजुट हो रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों की 25 से 29 अगस्त के बीच प्रस्तावित नई दिल्ली यात्रा को पुनर्निर्धारित किया जा सकता है। गौरतलब हो, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध खराब हो गए हैं। 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू होने की धमकी दी गई है।

## *व्हाइट हाउस के अधिकारी ने किया बड़ा दावा*

# चीन और रूस के नजदीक जा रहे भारत को हथियार देना खतरनाक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। अब वाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि भारत ने रूस और चीन से करीबी बढ़ा ली है, जिसके कारण उसे हथियार बेचना जोखिम भरा हो गया है। वहीं, भारत ने साफ किया है कि तेल खरीदने को लेकर उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि अमेरिका और यूरोपीय संघ भी रूसी सामान के खरीदार हैं।



एक लेख में वाइट हाउस के व्यापारिक मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने लिखा है नई दिल्ली अब रूस और चीन दोनों के करीब जा रहा है। उन्होंने लिखा, अगर भारत एक रणनीतिक साझेदार की तरह हमसे व्यवहार चाहता हैं, तो उसे वैसे काम भी करने चाहिए। इससे पहले कई मौकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रूसी तेल की खरीदी को लेकर भारत पर निशाना साध चुके हैं। नवारो ने लिखा, भारत रूसी तेल के सबसे बड़े उपयोगकर्ता के रूप में काम कर रहा है।

वह कच्चे तेल को महंगे निर्यात में बदल रहा है और मॉस्को को डॉलर थमा रहा है, जिसे उसकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के करीबी रिश्तों के चलते अमेरिकी सैन्य क्षमताओं को भारत को सौंपना जोखिम भरा है।ट्रंप पहले ही भारत के खिलाफ 25 प्लस 25 फीसदी टैरिफ लगा चुके हैं।

## पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ीं

# भारतीय मूल की कृषांगी 21 साल में बन गई ब्रिटेन की सॉलिसिटर

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय मूल की कृषांगी मेश्राम ने ब्रिटेन में इतिहास रचा। लॉ ग्रेजुएट कृषांगी मेश्राम हाल के वर्षों में इंग्लैंड और वेल्स में सबसे कम उम्र की सॉलिसिटर बन गई हैं। उन्होंने ये कमाल केवल 21 साल की उम्र में कर दिखाया है।



बता दें कि सॉलिसिटर ऐसा वकील होता है, जो कानून के कई क्षेत्रों पर एक्सपर्ट कानूनी सलाह देता है। वह अपने क्लाइंट के कानूनी हित का प्रतिनिधित्व करने और बचाव करने के लिए जिम्मेदार होता है। पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ीं कृशांगी मेश्राम वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात में रह रही हैं। मेश्राम ने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स में ओपन यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने केवल 18 साल की उम्र में लॉ में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल की। कृषांगी मेश्राम ने विश्वविद्यालय को इसका श्रेय दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं ओपन विश्वविद्यालय की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे केवल 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। कृषांगी मेश्राम ने आगे कहा कि अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की अकादमिक नींव रखी, बल्कि इसके साथ कानून के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया।

## *लेबनान बोला- हिजबुल्ला हथियार डालेगा*

# दीर्घकालिक सीजफायर पर बात करेंगे इजराइल और अमेरिका

एजेंसी ▶▶ बेरूत

अमेरिका के विशेष दूत टॉम बैरक ने कहा है कि उनकी टीम इस्राइल के साथ लंबी अवधि के लिए संघर्ष विराम पर बातचीत करेगी। यह कदम लेबनान द्वारा हिजबुल्ला को हथियार छोड़ने के अमेरिकी समर्थित योजना को मंजूरी देने के बाद आया है। बैरक ने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। अमेरिका अब युद्ध के बाद देश की आर्थिक पुनर्निर्माण योजना पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। बैरेक ने कहा कि लेबनानी सरकार ने अपना काम पूरा कर लिया है और अब इस्राइल की ओर से भी समान कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बीच, हिजबुल्ला और उसके सहयोगी समूह इससे नाराज हैं। उनका कहना है कि इस्राइल को पहले दक्षिण लेबनान में कब्जा किए पांच पहाड़ी क्षेत्रों से पीछे हटना चाहिए और लगातार होने वाली हवाई हमलों को बंद करना चाहिए। हिजबुल्ला के महासचिव नैम कासेम ने हथियार छोड़ने के प्रयासों का विरोध किया है, जिससे देश में गृह संघर्ष का खतरा बढ़ गया है।




राष्ट्रपति औन और प्रधानमंत्री नवाफ सलाम हिजबुल्ला और अन्य गैर-राज्य सशस्त्र समूहों को हथियार छोड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने इस्राइल से हमलों को रोकने और अपने देश से पीछे हटने की मांग की है। औन ने लेबनानी सेना के लिए फंड बढ़ाने की योजना भी बनाई है, ताकि सेना की क्षमता मजबूत हो सके। इसके अलावा, वह अंतरराष्ट्रीय दाताओं से धन जुटाकर देश के पुनर्निर्माण की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

## भारत वापसी के दौरान इटली पहुंचा था युद्धपोत, तमाल ने दिखाई ताकत

# यूरोप में भारत का शक्ति प्रदर्शन, नौसेना के युद्धपोत ने दागे गोले

एजेंसी ▶▶ नेपल्स

भारतीय नौसेना का स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल ने इटली का दौरा पूरा कर लिया है। यह युद्धपोत इटली के नेपल्स में तीन दिनों तक ठहरने के बाद अपनी आगे की यात्रा पर रवाना हुआ है। इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने इटली की नौसेना के साथ एक छोटा अभ्यास भी किया। आईएनएस तमल के नेपल्स के बंदरगाह पर डेरा डालने के दौरान भारत और इटली की नौसेना ने आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इससे तेजी से बढ़ती भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को बल मिला इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी हैं। उनके कार्यकाल में भारत-इटली संबंध मजबूत हुए हैं। भारतीय रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, यह बंदरगाह प्रवास आईएनएस तमाल की भारत वापसी यात्रा का हिस्सा था और इसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से व्यापक नौसैनिक और राजनयिक बैठकें शामिल थीं। बंदरगाह में प्रवेश करने से पहले, आईएनएस तमाल ने इतालवी नौसेना के नव-नियुक्त लैंडिंग हेलीकॉप्टर डॉक (एलएचडी) आईटीएस ट्राइस्टे के साथ एक पैसेज अभ्यास (पासेक्स) में भाग लिया।

पासेक्स में समन्वित नौसैनिक अभियानों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें कम्युनिकेशन अभ्यास, जटिल युद्धाभ्यास, हेलीकॉप्टर उड़ान अभ्यास और समुद्री सवारों का आदान-प्रदान शामिल था, जिसका समापन एक औपचारिक स्टीम पास्ट के साथ हुआ। बंदरगाह प्रवास के दौरान, जहाज के चालक दल ने इतालवी सैन्य और नागरिक अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चाओं, व्यावसायिक आदान-प्रदानों और उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लिया।

### इटली की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल



आईएनएस तमाल के कमांडिंग ऑफिसर ने इतालवी नौसेना के लॉजिस्टिक्स कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल पियरपाओलो बुद्धी और नेपल्स की उप महापौर लॉरा लिटो से मुलाकात की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि चर्चा भारत-इटली रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के तहत संयुक्त पहलों पर केंद्रित थी। इस यात्रा के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में, आईएनएस तमाल और रोम स्थित भारतीय दूतावास ने जहाज पर एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें इतालवी नौसेना, स्थानीय सरकार, इटली स्थित संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और इतालवी रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### आईएनएस तमाल कितना शक्तिशाली

*आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना का तलवार क्लास का फ्रिगेट है। यह तलवार क्लास की फ्रिगेट का आठवां जहाज है और भारतीय नौसेना द्वारा ऑर्डर किए गए इस श्रेणी के फ्रिगेट के तीसरे बैच का दूसरा जहाज है। इसे रूस के कलिनिनग्राद में यंतर शिपयार्ड में बनाया गया था। यह रूस में बना भारतीय नौसेना का 51वां नौसैनिक पोत भी है। इस पोत की लंबाई 124.8 मीटर और विस्थापन 3678 टन है।*

## बॉडीगार्ड ले गए थे 'पूप सूटकेस'

# यात्रा के दौरान पुतिन ने मल मूत्र भी अमेरिका में नहीं छोड़ा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 15 अगस्त 2025 को अलास्का में अहम बैठक हुई थी। अब इस बैठक को लेकर एक अहम खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पुतिन जब अलास्का में ट्रंप से मिलने आए थे, उस दौरान उनके साथ 'पूप सूटकेस' भी था।

यह सूटकेस किसी दस्तावेज या हथियार को रखने के लिए नहीं था, बल्कि इसमें मानव मल-मूत्र रखा जाता है। फ्रांसीसी पत्रिका दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी राष्ट्रपति के गार्ड उनकी यात्रा के दौरान उनका मल-मूत्र इकट्ठा करते हैं। उसे एक खास बैग में पैक कर वापस रूस ले जाते हैं। कहा जा रहा है कि पुतिन की टीम ऐसा इसलिए करती है ताकि कोई विदेशी एजेंसी उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी न जुटा सके।



फ्रांसीसी मैगजीन पेरिस मैच के मुताबिक, यह सुरक्षा प्रोटोकॉल नया नहीं है। 2017 में फ्रांस यात्रा और वियना दौरे के दौरान भी ऐसा किया गया था। हालांकि क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति ऑफिस) ने हमेशा इन अफवाहों को खारिज किया है।



# थामा में अंधेरे के बादशाह से टकराएंगे आयुष्मान

**मुंबई।** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा से अब आयुष्मान खुराना समेत फिल्म की पूरी कास्ट का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही कौन किस किरदार में नजर आएगा, इसकी भी जानकारी सामने आ गई है। फर्स्ट लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म से आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल के लुक रिवील किए हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना आलोक के किरदार में नजर आएंगे, जो इंसानियत की आखिरी उम्मीद है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## न्यूयॉर्क की गलियों में छाया साउथ का जलवा


साउथ इंडस्ट्री के दो पॉपुलर स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रविवार को न्यूयॉर्क शहर में 43वें इंडिया डे परेड के दौरान साथ देखे गए हैं। दोनों के यूं साथ किया गया है। ऐसे में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगाने लगे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टिंग की दुनिया में दो स्टार का साथ नजर आना कई बार मुसीबत बन जाता है। खासतौर पर जब दोनों के पहले से ही अफेयर के किस्से सामने आ रहे हों, ऐसा ही कुछ साउथ के जाने माने स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के साथ भी हुआ है। दोनों को साथ में देखा गया है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ी में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के बाद लोगों ने इनके रिश्ते में होने के कयास फिर से लगाने हैं। बीते दिन रविवार 17 अगस्त को दोनों न्यूयॉर्क शहर में हुई 43वीं इंडिया डे परेड में साथ नजर आए थे। जैसे ही दोनों साथ दिखे, सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गईं। इससे पहले भी दोनों अपने अफेयर को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। लेकिन, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की। हमेशा बताया कि दोनों अच्छे दोस्त हैं। 43वीं इंडिया डे परेड में रश्मिका और विजय की कई फोटोज और वीडियो सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस दौरान विजय को रश्मिका का खास ख्याल रखते हुए भी देखा गया. यही वजह है कि फैंस फिर से मान बैठे कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।




हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स का हिस्सा नहीं

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिदंगी जी रहे हैं।



# जनरल जॉड के किरदार से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टेरेंस स्टैम्प का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। टेरेंस को सुपरमैन फिल्म में उनके जनरल जॉड के किरदार के लिए जाना जाता था। लंदन में जन्मे टेरेंस स्टैम्प ने 1962 में समुद्री बैकड्रॉप पर आधारित फिल्म 'बिली बड' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस पहली ही फिल्म के लिए उन्हें ऑस्कर नामांकन प्राप्त हुआ। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। हालांकि, स्टैम्प ने कई गंभीर और भावुक भूमिकाएं निभाईं, लेकिन उन्हें सबसे अधिक लोकप्रियता मिली 1978 की सुपरमैन और 1980 की सुपरमैन II में जनरल जॉड के किरदार से। टेरेंस स्टैम्प की सबसे सराही गई भूमिकाओं में 1994 की 'द एडवेंचर ऑफ प्रिसिला, क्वीन ऑफ द डेजर्ट' भी शामिल है।



# बागी-4 का पहला गाना गुजारा हुआ रिलीज


**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बागी 4 का पहला गाना गुजारा सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। इस रोमांटिक गाने में दोनों की जोड़ी काफी जच रही है। ए हर्षा द्वारा निर्देशित 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 4 का पहला गाना सामने आया है। एक्शन फिल्म का पहला गाना रोमांस से भरपूर है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री हरनाज कौर संधू नजर आ रही हैं। ये गाना पंजाबी सिंगर सरताज के गाने 'तेरे बिना ना गुजारा' का रीमेक है। ये गाना उस समय फिर से चर्चाओं में आ गया था, जब सिंगर जोश ब्रार ने इसका रीमेक किया था और इसे नए तौर पर लाया था।




# डायरेक्टर अनिल ने की गदर-3 की घोषणा

**मुंबई।** गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस फिल्म की घोषणा की है। क्या तीसरी किश्त में अमीषा पटेल भी सकीना के किरदार में नजर आएंगी? दरअसल, पिछले दिनों अमीषा पटेल और अनिल शर्मा के बीच मनमुटाव हुआ था। अपनी फिल्म गदर 3 की कहानी, मेकिंग को लेकर डायरेक्टर ने अपडेट दिया। अनिल शर्मा कहते हैं, 'अमीषा के साथ मेरा रिश्ता अब बहुत अच्छा है। वक्त के साथ-साथ सब चीजें सही हो जाती हैं। अभी सब बढ़िया है। सकीना (अमीषा पटेल) और तारा (सनी देओल) 'गदर' फिल्म सीरीज का एक जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन, हम गदर 3 की रिलीज से पहले उनके रोल के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे। गदर 3 जरूर बनेगी।

टीवी मसाला



# केबीसी 17 को मिला पहला करोड़पति 7 करोड़ के सवाल पर टिकी नजरें

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट, बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं। आदित्य ने अमिताभ बच्चन के सामने अपने कॉलेज के दिनों का एक मजेदार किस्सा सुनाया। आदित्य ने बताया कि जब वो कॉलेज में थे तब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ केबीसी को लेकर एक मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि कॉलेज में केबीसी की शूटिंग होने वाली है। ये सुनकर सभी दोस्त रोज तैयार होकर आते थे, लेकिन जब एक हफ्ता बीत गया तब खुद आदित्य ने बताया कि वो मजाक कर रहे थे। ये सुनकर बिग बी खूब हंसे।

## तान्या हुई कंफर्म, फेमस वकील भी बिग बॉस में मचाएगा बवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के लिए अब जो नाम सामने आ रहा है, वो है तान्या मित्तल का। तान्या एक सोशल मीडिया पर स्टार हैं। तान्या एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ही नहीं, बल्कि एक उद्यमी महिला भी हैं। वो अपनी सादगी के लिए हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। बता दें कि इसी साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में तान्या भी मौजूद थीं। तान्या ने न सिर्फ अपनी जान बचाई, बल्कि लोगों की भी मदद करती नजर आईं थीं। सलमान खान के शो के लिए तान्या का नाम कंफर्म बताया जा रहा है। फिलहाल तान्या की तरफ से शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।



बिग बॉस 19 में पिछले कुछ सीजन से देखा जा रहा है कि शो में यूट्यूबर्स, स्टार्स, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के अलावा वकील भी आ रहे हैं। सीजन 19 में भी एक फेमस वकील की एंट्री को कंफर्म बताया जा रहा है। शो के लिए इस बार फेमस लॉयर अली काशिफ खान का नाम सामने आ रहा है। अली काशिफ को सलमान खान के शो लिए लगभग कंफर्म बताया जा रहा है।

# धमाकेदार होगा यह वीक, बिग बॉस 19 की दस्तक के साथ रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में इस वक्त 'कुली' और 'वॉर 2' सजी हुई हैं। साथ ही 'महावतार नरसिम्हा' भी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वहीं, ओटीटी पर बीते हफ्ते काफी शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब नए वीक की शुरुआत हो चुकी है और मनोरंजन के शौकीनों के लिए इस वीक भी ओटीटी पर काफी कुछ खास आने वाला है।

***पीसमेकर सीजन 2*** : यह सीरीज इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में शामिल है और 21 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें जॉन सीना, डेनिएल ब्रूक्स, फ्रेडी स्ट्रोमा, जेनिफर हॉलैंड, फ्रैंक ग्रिलो जैसे सितारे नजर आएंगे। बता दें कि 'पीसमेकर' का पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था।

***आमार बॉस*** : यह फिल्म 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए करीब दो दशक बाद दिग्गज अभिनेत्री राखी ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है। यह बंगाली फिल्म मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। इस फिल्म में राखी और शिबोप्रसाद मुखर्जी लीड रोल में हैं। नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया है।



***मारीसन*** : यह तमिल फिल्म है। सुधीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 अगस्त को ओटीटी पर दस्तक देगी। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म में फहाद फासिल और वडिवेलु लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।

***थलाइवन थलाइवी'*** : विजय सेतुपति और नित्या मेनन अभिनीत यह फिल्म भी इस हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। दोनों सितारों को इस फिल्म में पहली बार साथ स्क्रीन पर देखा गया। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 22 अगस्त से यह प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

***शोधा*** : यह एक कन्नड़ सीरीज है। इस हफ्ते ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार है। निर्देशक पवन कुमार इस वेब सीरीज में लीड रोल में नजर आएंगे। 'शोधा' 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है।

***बिग बॉस 19*** : यह वीक इसलिए भी काफी खास है, क्योंकि सलमान खान का रियलिटी शो भी 'बिग बॉस' का नया सीजन भी दर्शकों के बीच पहुंच रहा है। 'बिग बॉस 19' जियो हॉटस्टर पर 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# वॉर 2 में कियारा का काम देखकर खुश हुए सिद्धार्थ



*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर वॉर 2 का इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा था। फिल्म बड़े पैमाने पर बनी और इसे यशराज के स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी कड़ी बताया गया। लेकिन, रिलीज के बाद ऑडियंस का रिएक्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हाई ऑक्टेन एक्शन और स्टारपावर के बावजूद फिल्म ऑडियंस को पूरी तरह एंटरटेन नहीं कर पा रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिलाजुला रिस्पॉन्स देखने को मिला है। इस बीच एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पत्नी कियारा आडवाणी की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कियारा के काम को शानदार बताया। सिद्धार्थ ने फिल्म देखने के बाद लिखा, क्या राइड थी! एक्शन, स्केल और स्टाइल सब कमाल। कियारा अडवाणी ऑन स्क्रीन ग्रेस और स्ट्रेंथ लेकर आईं।*

## जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि जंगल-जंगल बात चली है पता चला है...

# एक ऐसा फनकार, जिसने जिस विधा को छुआ उसे कर दिया 'गुलजार'



*नई दिल्ली। गुलजार एक हैं, लेकिन उनके रंग अनेक हैं। जब वह गाने लिखने बैठते हैं तो पहला ही गाना लिखते हैं- 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दई दे'। जिस बॉलीवुड की दुनिया में गोरे रंग की चमक-दमक ही सबकुछ मायने रखती हो, वहां पहले ही गाने में श्याम रंग की चाहत। जब वो स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म सामने आती है। जिसका सार ही ये है कि 'जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए। जब वो निर्देशक की कुर्सी पर बैठते हैं तो आंधी, मौसम और माचिस जैसी फिल्में सामने आती हैं। जहां संवेदनाएं अपने चरम पर हैं और आपके अंदर भावनाओं का एक तूफान सा छोड़ जाती हैं। जब बड़े पर्दे से छोटे पर्दे की ओर रुख करते हैं और टीवी सीरियल बनाते हैं तो मिर्जा गालिब जैसे एक शाहकार से मुलाकात होती है। जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि 'जंगल जंगल बात चली है पता चला है, चड्ढी पहनकर फूल खिला है।'*

### मेरे अपने से निर्देशन की दुनिया में उतरे

गीत, स्क्रीन राइटिंग और डायलॉग लिखने के बाद गुलजार ने साल 1971 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पहली फिल्म बनाई मेरे अपने। श्याम आए तो उससे कहना कि छेनू आया था। ये डायलॉग तो आपने कई बार सुना होगा। ये सुपरहिट डायलॉग गुलजार की 'मेरे अपने'का ही है। ये फिल्म एक बूढ़ी विधवा, उसका एक कथित रिश्तेदार और दो युवकों के बीच की कहानी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इस फिल्म ने विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के कॅरियर में एक अहम बदलाव लाया था। फिल्म में इन दोनों के अलावा मीना कुमार, देवेन वर्मा, असित सेन, असरानी, डैनी डेन्जोंगपा, कैस्टो मुखर्जी, ए के हंगल, दिनेश ठाकुर, महमूद और योगिता बाली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**कॉमेडी ड्रामा परिचय** : इसके बाद 1972 में गुलजार जितेंद्र, जया भादुड़ी, प्राण और संजीव कुमार स्टारर परिचय लेकर आए। इस फिल्म में एक की तलाश करते युवक की कहानी दिखाई गई है। जिसे बाद में पांच बिगड़ैल बच्चों को पढ़ाने की नौकरी मिलती है। ये बच्चे इतने बिगड़ैल हैं कि वो इससे पहले कई टीचर्स को भगा चुके हैं। ये अपने दादा जी राय साहब के साथ रहते हैं, जो समय के बड़े पाबंद हैं। फिल्म की कहानी काफी रोचक है। साथ ही फिल्म रिश्तों और रोजगार के मुद्दे पर भी बात करती है।

**मूक-बधिर की इमोशनल कर देने वाली कहानी कोशिश** : इसी साल गुलजार एक मूक-बधिर जोड़े की दिल को झकझोर देने वाली रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कोशिश भी लेकर आए। इस फिल्म में संजीव कुमार, जया भादुड़ी और असरानी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मूक-बधिर कपल हरि चरण और आरती के संघर्ष, उनके दर्द और समाज में अपनी जगह बनाने की उनकी जद्दोजेहद को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी भावुक है। कैसे हरि चरण आरती के मरने के बाद अकेले ही अपने बेटे को पालता है और इस दौरान उसे कैसे समाज से भी लड़ना पड़ता है। इस फिल्म के लिए संजीव कुमार को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। 1972 में आईं ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं।

### नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर बनाई अचानक

गुलजार ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में भी बनाईं और साथ ही उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने 1958 में हुए केएम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर फिल्म बनाई थी 'अचानक'। ये वो ही मामला है, जिस पर बाद में अक्षय कुमार की फिल्म रुस्तम बनी हुई है। अचानक में विनोद खन्ना प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा लिली चक्रवर्ती, फरीदा जलाल और असरानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। सबसे खास बात कि खुद गीतकार होने के बावजूद गुलजार की इस फिल्म में एक भी गाना नहीं था। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और कई अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन भी मिला था।

**इमरजेंसी में आंधी पर लगा बैन** : साल 1975 में जब देश में इमरजेंसी लगी थी और शोले जैसी ऐतिहासिक फिल्म रिलीज हुई थी। उसी साल गुलजार ने दो ऐसी फिल्में बनाईं जो आज भी आपके अंदर भावों का एक समुंदर सा छोड़ जाती हैं। पहले गुलजार संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर आंधी लेकर आए। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। जिसमें कई वर्षों के बाद एक अलग हुए कपल की अचानक मुलाकात होती है। जब पत्नी आरती देवी, जो अब एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हैं, चुनाव प्रचार के दौरान अपने पति के होटल में ठहरती हैं। इस फिल्म को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित बताया जाता है। हालांकि, मेकर्स ने इस बात से इंकार किया था।

# सैंटोस की करारी हार, बीच मैदान पर फूट-फूटकर रोए स्टार फुटबॉलर नेमार

## सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी मैच में वास्को दा गामा के हाथों झेलनी पड़ी 0-6 से हार

एजेंसी ▶▶| ब्राजील


स्टार फुटबॉलर नेमार को अपने कॅरियर की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद वो टूट गए। इस दौरान वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार झेलनी पड़ी। दूसरे हाफ में 6 में से 5 गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे।



### मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश: नेमार

इस दौरान नेमार ने कहा कि, मुझे शर्म आ रही है। मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं। फैंस को विरोध करने का पूरा अधिकार है जाहिर है बिना हिंसा के, लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नेमार ने आगे कहा कि, ये बेहद शर्मिंदगी का एहसास है। मैंने जिंदगी में ऐसा पहले कभी नहीं देखा। बदकिस्मती से ऐसा हुआ। आंसू गुस्से से थे। बदकिस्मती से मैं किसी भी तरह से मदद नहीं कर सकता। खैर ये पूरी तरह से बकवास था। यही सच्चाई है। जले पर नमक छिड़कते हुए नेमार को इस सत्र का तीसरा येलो कार्ड भी मिला। इससे वह बहिया के खिलाफ अगले मैच से बाहर हो गए।

## पीएसजी ने जीत के साथ किया अभियान शुरू



**पेरिस।** चैंपियंस लीग की चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग 1 के अपने शुरुआती मैच में नैनटेस पर 1-0 की जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में खिताब बचाने का अपना अभियान शुरू किया। पीएसजी की टीम इस मैच में लय में नहीं दिखी। मैच का एकमात्र गोल पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिना ने 67वें मिनट में किया। उन्होंने लगभग 20 मीटर दूर से गेंद ली और डिफेंडर चिदोजी अवाजिएम को छकाकर गोल किया। कोच लुइस एनरिक की टीम के लिए यह गोल काफी साबित हुआ, जो एक बार फिर गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के बिना खेल रही थी। एक अन्य मैच अनुभवी स्ट्राइकर ओलिवियर गिरौड को लीग 1 में वापसी करने पर गोल करने में केवल 11 मिनट लगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि उनकी नई टीम लिली ने ब्रेस्ट के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला।

## स्पेनिश लीग : एटलेटिको मैड्रिड ने पहली बार अपना मैच गंवाया

**मैड्रिड।** कई नए खिलाड़ियों के साथ खेल रही एटलेटिको मैड्रिड की स्पेनिश फुटबॉल लीग में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 16 साल में पहली बार ला लिगा के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। एटलेटिको ने शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया और उसे एस्पेनयोल ने 2-1 से हरा दिया। यह 2009 के बाद पहला अवसर है जबकि एटलेटिको को स्पेनिश लीग के शुरुआती मैच में पराजय झेलनी पड़ी। एटलेटिको ने 37वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के फ्री किक से बढ़त बना ली, लेकिन 73वें मिनट में मिगुएल रुबियो और 84वें मिनट में पेरे मिल्ला के गोल के कारण उसे हार का मुंह देखना पड़ा। एक अन्य मैच में गेटाफे ने सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम की तरफ से एड्रियन लिसो और क्रिस्टेनस उचे ने दूसरे हाफ में गोल किए।

## खबर संक्षेप



### डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की पुरानी दिल्ली 6 पर बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** सुमित कुमार बेनीवाल के पांच विकेट की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में पुरानी दिल्ली 6 पर 46 रन से शानदार जीत दर्ज की। रविवार को खेले गए इस मैच में 185 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की टीम 18.3 ओवर में 138 रन पर ढेर हो गई। बेनीवाल ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अभिषेक खंडेलवाल ने 31 रन देकर चार विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। पुरानी दिल्ली 6 की पारी में एकमात्र सकारात्मक पहलू एकांश डोभाल (63) का अर्धशतक रहा। उन्होंने ललित यादव (28 गेंदों पर 22 रन) के साथ 46 रन की साझेदारी की लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने सभी विकेट खोकर 184 रन बनाए।

### अहमदाबाद मैराथन 30 नवंबर को




**अहमदाबाद।** 'रन फॉर आवर सोल्जर्स (हमारी सेना के सम्मान में दौड़)' के थीम के साथ अहमदाबाद मैराथन के नौवें सत्र का आयोजन 30 नवंबर को यहां के साबरमती रिवरफ्रंट पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें चार दौड़ श्रेणियां होंगी। इसमें मैराथन, हाफ-मैराथन, 10 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ शामिल है। यह विभिन्न आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों को आकर्षित करेंगी। 'अडानी स्पोर्ट्स लाइन ' की ओर से आयोजित इस मैराथन को एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से हरी झंडी दिखाई जाएगी, जो अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज जैसे शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थानों से होकर गुजरेगी।

## टीम का चयन आज, 30 खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में आने के लिए तैयार

# एशिया कप 2025: गिल का फॉर्म बना चयनकर्ताओं की सबसे बड़ी उलझन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए 9 से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं।

### बल्लेबाजी में समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर

बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता।



### गेंदबाजी में यादव, चक्रवर्ती और बिश्नोई में टक्कर

गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारुपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है, जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं।

### सुंदर को मिल सकती है जगह

वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला दो अक्टूबर से शुरू होगी इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव पहली तीन पसंद हैं। गौतम गंभीर ऑलराउंडर को प्राथमिकता देते हैं और ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

### पंड्या फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज

अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन



तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। इस स्थान के लिए हर्षित राणा पसंदीदा दिख रहे हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज दोनों को लाल गेंद का विशेषज्ञ माना जा रहा है।

### यादव के नेतृत्व में टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत

सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे। पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा।

## दलीप ट्रॉफी

# आकाश दीप, ईशान बाहर ईश्वरन करेंगे अगुवाई





एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट से उबरने के कारण उत्तर क्षेत्र के खिलाफ होने वाले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे। किशन टीम के कप्तान भी थे। भारतीय घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के मैदानों में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के हालिया दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने वाले आकाश दीप कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। 28 वर्षीय इस गेंदबाज की जगह बिहार के मुख्तार हुसैन को पूर्व क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट सहित श्रृंखला में 13 विकेट लेने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश ने क्षेत्रीय चयन समिति को बताया है कि चिकित्सीय सलाह के अनुसार वह इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इस बीच किशन भी हाथ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

## एशिया कप हॉकी

# पाकिस्तान की जगह ले सकती है बांग्लादेश की हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान अगर 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है तो उसकी जगह बांग्लादेश को शामिल किया जा सकता है।

हॉकी इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा उपलब्ध कराएगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रा करने से इनकार कर दिया है। आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा, 'भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है।

## डूरंड सेमीफाइनल : नॉर्थईस्ट यूनाइटेड का मुकाबला शिलांग लाजोंग एफसी से

एजेंसी ▶▶| शिलांग

गत चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना डूरंड कप फुटबॉल के पहले सेमीफाइनल में शिलांग लाजोंग एफसी से मंगलवार को होगा। विजेता का सामना 23 अगस्त को कोलकाता में विवेकानंद युवा भारतीय क्रीडांगन में होने वाले फाइनल में ईस्ट बंगाल या डायमंड हार्बर एफसी से होगा।

पिछले साल फाइनल में शिलांग को 3- 0 से हराने वाली नॉर्थईस्ट ने ग्रुप चरण में लाजोंग को 2-1 से हराया था । उसने इस बार क्वार्टर फाइनल में बोडोलैंड एफसी को 4-0 से मात दी। नॉर्थईस्ट के कप्तान माइकल जबाको ने कहा



,'हमने अपना शत प्रतिशत दिया है और कल भी ऐसा ही करेंगे। दबाव हमेशा रहता है लेकिन हमें पता है कि उससे कैसे निपटना है।' लाजोंग ने क्वार्टर फाइनल में भारतीय नौसेना एफटी को 2-1 से मात दी थी।


## अमेरिकी ओपन : सिनर को डबल खेलने के लिए मिली नई जोड़ीदार

विजेता टीम को मिलेगा 10 लाख डॉलर का ईनाम

### मिश्रित युगल में अल्काराज और राडुकानू का सामना नंबर एक जोड़ी से

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

यानिक सिनर को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में खेलने के लिए नया जोड़ीदार मिल गया है जबकि एम्मा राडुकानू और कार्लोस अल्काराज की जोड़ी पहले दौर में नंबर एक वरीयता प्राप्त टीम का सामना करेगी। अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होगा, जिसमें 16 टीम भाग लेंगी। इसके लिए ड्रॉ रविवार को डाले गए। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। शीर्ष



वरीयता प्राप्त सिनर अब 10 बार की महिला युगल प्रमुख चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाएंगे। उन्हें एम्मा नवारो के साथ जोड़ी बनानी थी लेकिन अगले सप्ताह मैक्सिको के मॉन्टेरी में होने वाले महिला टूर्नामेंट में खेलने के लिए उन्होंने नाम वापस ले लिया।

## पोर्टलैंड क्लासिक

### अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टूर में रहीं छठे स्थान पर

**पोर्टलैंड (ओरेगन)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक आखिरी दौर में पांच अंडर 67 के शानदार कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में छठे स्थान पर रहीं। अदिति का यह मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह इस सत्र में सिर्फ दूसरा मौका है जब वह शीर्ष 10 में रही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) था। अदिति ने चार दौर में 69-70-65-67 के कार्ड के साथ कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाए। जापान की अकेई इवाई छह अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट से बड़ी जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 24 अंडर का रहा। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70-65) ने आखिरी दौर में सात अंडर के कार्ड के साथ कुल 20 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।



## डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप

### अहलावत ने खेला 72 का कार्ड



**कोपनहेगन।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद 34वें स्थान पर रहे। अहलावत ने डेनमार्क के फ्युरेसॉ गोल्फ क्लब में अपने आखिरी दौर में तीन बर्डी और चार बोगी लगाए। उनका कुल स्कोर एक अंडर (73-68-70-72) रहा। वह इस प्रदर्शन से 'रेस टू दुबई' रैंकिंग में 139वें से 136 स्थान पर पहुंच गए। इस तालिका में शीर्ष 113 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 'कैटेगरी 10 कार्ड' मिलेगा, जिससे वे अगले सत्र में इस टूर के ज्यादातर टूर्नामेंटों में हिस्सा ले पाएंगे।

## विएरुमाकी फिनिश चैलेंज

### गोल्फर सप्तक ने खोई लय



**विएरुमाकी।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार होटल प्लानर टूर के विएरुमाकी फिनिश चैलेंज के आखिरी दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहे। तलवार तीसरे दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच में जगह बनाने की दौड़ में थे लेकिन वह चौथे और आखिरी दौर में अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने कुल आठ अंडर (73-67-65-75) का स्कोर बनाया। स्कॉटलैंड के डेविड लॉ ने चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर दो शॉट से जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 17 अंडर (65-68-70-68) का रहा।

## एलआईवी गोल्फ स्पर्धा

### लाहिड़ी ने प्ले ऑफ में दर्ज की शानदार जीत

**वेस्टफील्ड।** अनिर्बान लाहिड़ी ने दो अंडर 69 के कार्ड के साथ इंडियानापोलिस में एलआईवी गोल्फ स्पर्धा में अपने अभियान का अंत संयुक्त 27वें स्थान के साथ किया। वह इस तरह वह एलआईवी गोल्फ लीग की व्यक्तिगत सत्र रैंकिंग में 25वें स्थान रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर 10 अंडर (67-67-69) रहा। सेबेस्टियन मुनोज ने जॉन रहम के साथ 22 अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर बराबरी करने के बाद प्ले ऑफ में जीत दर्ज की। रहम हालांकि सत्र की तालिका में लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर रहे। लाहिड़ी का सत्र का 25वां स्थान 'लॉक जोन' से एक स्थान नीचे है। 'लॉक जोन' 2026 में खेलने के लिए खिलाड़ियों का स्थान सुनिश्चित करता है। लाहिड़ी अब 'ओपन जोन' में हैं, जिसके तहत उनकी टीम 'क्रशर्स' उन्हें अपने साथ बनाए रखने या रिलीज करने पर फैसला कर सकती है। लाहिड़ी ब्रायसन डीचैम्ब्यू के नेतृत्व वाले 'क्रशर्स' के एक महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं।



बिहार सरकार

समाहरणालय, समस्तीपुर
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)
अल्पकालीन आम नीलामी सूचना
प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत् जब्त एवं अधिहरित वाहनों के वाहन स्वामियों के लिए अल्पकालीन सूचना।

बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत् निम्नलिखित व्यक्तियों का जब्त वाहन शराब परिवहन में विभिन्न थाना कांडों में जब्त वाहनों को अधिहरित/राजसात की गई है, जिसकी नीलामी दिनांक–**28.08.2025** को निर्धारित है।

अतः आप सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–**25.08.2025** के अपराह्न तक अधीक्षक मद्यनिषेध, समस्तीपुर के कार्यालय में अपना पक्ष रखने हेतु आवेदन दे सकते हैं। ससमय उपस्थित नहीं होने पर यह माना जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है। तत्पश्चात् वाहन की नीलामी कर दी जायेगी।

–: नीलामी हेतु सामान्य/स्क्रैप वाहनों का विवरण :–
प्रकाशन :– मध्य प्रदेश

| क्र० | वाहन का निबंधन संख्या/ चेसिस संख्या /ईंजन संख्या | वाहन अभिरक्षा स्थल | वाहन का न्यूनतम निर्धारित मूल्य | सुरक्षित जमा राशि (50%) | अभ्युक्ति वाहन स्वामी का नाम/पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | MP-09GH-8541, Chassis No-MC2ESLRC0MB188414, Engine No-E426CDMB342209 TRUCK | सदर उत्पाद–334/2024 | 1250000 | 625000 | EKTIYAR ALI ,FATHRE'S - HAMAD ALI, AT-WARD No-26, TAWADA MOHALLA CHHOTI, SAGOUR PITHAMPUR, DHAR, MADHYA PRADESH-454775 |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.011539 (Excise) 2025-26

जिलाधिकारी, समस्तीपुर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
No More ज़ोर
पेट सफा लो हर रोज...
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A09-AY-PB-2025

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... गीत पर छात्राओं ने फोड़ी मटकी



नूतन कॉलेज में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... गीत पर जब कान्हा बनीं छात्रा ने मटकी फोड़ी तो चारों ओर हर्ष की लहर दौड़ पड़ी वहीं गोपियां बनी छात्राओं ने मनभावन नृत्य प्रस्तुति दी और राधा कृष्ण की इस जोड़ी ने कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में चार चांद लगा दिए। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया सोमवार को नूतन कॉलेज में। प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान कृष्ण के बाल गोपाल स्वरूप झूले पर विराजित कृष्ण का रूप भी आकर्षक लगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक नेमा द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. संजना शर्मा, संयोजक, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ ने किया।

**छात्राओं ने मनभावन नृत्य प्रस्तुति दी**

## रॉयल राजपूताना क्लब ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

भोपाल। नटखट कान्हा के चारों ओर इठलाती मंडराती गोपियों के रूप में सजी धजी महिलाओं से सजा नजारा देखने को मिला मोटेल शिराज में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में, जिसमें रायल राजपूताना लेडीज द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कान्हा के साथ सभी ने नृत्य किया तो वहीं बाल गोपाल की छोटी मूर्ति को झूला भी झुलाया। क्लब की फाउंडर शिवा राजे सिसोदिया सहित ग्रुप की सभी सदस्यों ने कान्हा जी का पूजन कर मंगल आरती की। जहां भारती तोमर ने कृष्ण का रूप धारण किया तो वहीं नीतू गौतम, मांडवी सिंह, अंजना सिंह ने कृष्ण भजनों पर अद्भुत नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।





भारत भवन में शुरू हुए मध्यप्रदेश रंगोत्सव में नाटक आनंद रघुनंदन का मंचन

# 28 लोकगीतों को अभिनय में पिरोकर प्रस्तुत की राम की जीवन गाथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बघेली बोली की लय और लचक के साथ राम कथा का ऐसा वर्णन कि दर्शक भाव विभोर हो उठे, 28 लोकगीतों को अभिनय में पिरोकर जब राम की जीवन गाथा को अभिनय के उत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत किया तो सभागार तालियों से गूंज उठा। यह नजारा था भारत भवन में आरंभ हुए मध्यप्रदेश रंगोत्सव नाट्य समारोह का, जिसने दर्शकों को लोककला, लोकभाषा और परंपरा के जीवंत संसार से रूबरू करा दिया। पहले दिन मंचित हुए नाटक 'आनंद रघुनंदन', जिसने अपने लोकगीतों, भावपूर्ण अभिनय और बघेली भाषा की मिठास से दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी। लगभग एक घंटा 50 मिनट की इस प्रस्तुति में आकार वेलफेयर सोसाइटी, सतना के कलाकारों ने प्रस्तुति दी।



### बघेली भाषा का सौंदर्य

इस नाटक की एक और खासियत इसकी बघेली भाषा रही। संपूर्ण संवाद और गीत बघेली में होने से प्रस्तुति ने न केवल स्थानीय कला को उजागर किया, बल्कि दर्शकों को उस सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का काम किया, जो अक्सर क्षेत्रीय बोलियों में ही जीवित रहती है। भाषा की सहजता और मिठास ने मंचन को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

### भगवान राम के जन्म से लेकर रावण वध तक की कहानी

रीवा के महाराज विश्वनाथ सिंह द्वारा लिखित मूल नाटक को निर्देशक अमित शुक्ला और शुभम बारी ने किया। नाटक की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें भगवान राम के जन्म से लेकर रावण वध तक की कथा को 28 लोकगीतों की श्रृंखला के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

# याद करो कुर्बानी...' प्रदेशभर से आए शायरों ने सुनाए गीत, दोहे, कविता...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वो भारत बस प्रेम दे, कभी न देता पीर। यही हमारी सभ्यता, यही हमारा मूल। धरती मां को पूजते, माथ लगाते धूल। इसीलिए गाते सभी, इसके हैं गुणगान। सर्व धर्म समभाव से, भारत हुआ महान। देश प्रथम कहकर उठा, चला मुक्ति के धाम। कुल का दीपक बुझ गया, मां भारत के नाम। पिता कहीं वो पुत्र है, भ्रात कहीं सिन्दूर। सरहद पर तज प्राण वो, गया सभी से दूर। पिता हुए निःशब्द हैं, मौन करे मन शोर। मां पागल हो खोजती, कहां छिपा चितचोर। फूल मिले तो फूल दो, शूल मिले तो शूल.... मनीष श्रीवास्तव (बादल) की देशभक्ति से ओत प्रोत कविता पर सम्पूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था मध्य प्रदेश शासकीय कर्मचारी एकता रंगमंच की ओर से 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर याद करो कुबार्नी 13वें मुशायरे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शेर, शायरियों, गीत और गजलों के साथ देशभक्ति पर एक और विधा भी सुनने को मिली।

पिता कहीं वो पुत्र है, भ्रात कहीं सिन्दूर, सरहद पर तज प्राण वो, गया सभी से दूर....



### 10 शायरों ने पढ़े अपने-अपने शेर और असआर

डॉ. राकेश पाठक के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुए मुशायरे में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए वहीद उल हक, जबकि अध्यक्षता की जफर सहबाई ने। संस्था के अध्यक्ष सुमित द्विवेदी ने बताया कि मुशायरे में मध्य प्रदेश के 10 शायरों ने अपने-अपने शेर और असआर पढ़े। कार्यक्रम शिवाजी नगर स्थित पुरुषार्थ सभागार में आयोजित किया गया।

### आजादी से आज तलक वो लगा न पाये नारा रे...

कार्यक्रम में विजय तिवारी ने नहीं मुहैय्या मुंह को रोटी पेट पचावे खुद की बोटी, आजादी से आज तलक वो लगा न पाए नारा रे। हिंदुस्तान हमारा रे हिंदुस्तान हमारा रे... गिरी इमारत कौन मर गया, टूट गया पुल कौन तर गया, दंगा-आग-बीमारी-सूखा किसे ढूंढते कौन डर गया। किनकी लाशों पर करते हैं गिद्ध यहां भंडारा रे.... आजादी से आज तलक वो लगा न पाये नारा रे, हिंदुस्तान हमारा रे हिंदुस्तान हमारा रे....।

555 विद्यार्थी, 8 उत्कृष्ट वैज्ञानिक संस्थानों का करेंगे भ्रमण

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन में विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन में ऑनलाइन विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 का शुभारंभ सोमवार से हुआ। इस यात्रा में मध्यप्रदेश के कक्षा आठवीं और नौंवी के विद्यार्थी 18 से 21 अगस्त तक देश के आठ उत्कृष्ट संस्थानों का ऑनलाइन भ्रमण करेंगे। विज्ञान मंथन यात्रा के लिये मध्यप्रदेश के 555 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन निरंजन शर्मा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी मिशन एक्सीलेंस द्वारा दिया गया।

**विद्यार्थी 18 से 21 अगस्त तक करेंगे भ्रमण**

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा दुष्यंत संग्रहालय में तीन पुस्तकों का लोकार्पण

## साहित्य की दुनिया में रचनाकारों को पहले पढ़ना चाहिए फिर लिखना चाहिए...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा दुष्यंत संग्रहालय में तीन पुस्तकों का लोकार्पण सोमवार को हुआ। डॉ. मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता में सृजन श्रृंखला 48 के अंतर्गत इस कार्यक्रम में डॉ. शिव कुमार दीवान की 'कविता कामिनी', डॉ. अशोक तिवारी 'अमन दोहावली' और सुधा दुबे की 'अस्तित्व' लोकार्पित हुईं। मुख्य अतिथि अनुराधा शंकर ने तीनों पुस्तकों को उत्कृष्ट कृतियां बताया। उन्होंने कहा कि साहित्य की दुनिया में रचनाकारों को पहले पढ़ना चाहिए फिर लिखना चाहिए। वह लेखन करिश्माई होगा।



**अमन दोहावली के 1100 दोहों को बताया परिपक्व और विषयानुकूल**

डॉ.मोहन तिवारी आनंद ने तीनों रचनाकारों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए लोकार्पित कृतियों के सृजन धर्मियों की कलम के कौशल को उत्कृष्ट निरूपित किया। कविता कामिनी के लिए कहा कि इसमें वर्तमान परिस्थितियों की समावेशी रचनाएं संकलित हैं। वहीं अस्तित्व को सृजन का उत्कृष्ट उदाहरण माना। सारस्वत अतिथि सुरेश पटवा ने तीनों कलमकारों की सृजनधर्मिता को समयानुकूल निरूपित करते हुए उत्तम प्रयास बताया। समीक्षक डॉ. संगीता भारद्वाज ने अमन दोहावली में 1100 दोहों को परिपक्व, विषयानुकूल एवं समयानुसार उपयुक्त सृजन बताया।

सर्वोच्च परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक

## उच्च शिक्षा की गुणवत्ता जवाबदेहिता के लिए सरकार संकल्पित: परमार

भोपाल। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सोमवार को मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के तहत कर्मयोगी बनें के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए देश के प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति में सर्वोच्च परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक ली। परमार ने उच्च शिक्षा में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर कर्मयोगी बनें के विजन (दृष्टि) को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं जवाबदेहिता के लिए सरकार संकल्पित है। प्राध्यापक के प्रति विद्यार्थी का लगाव बने और विद्यार्थी, प्राध्यापक के आचरण, व्यक्तित्व का अनुसरण करें, इसके लिए प्राध्यापकों को जवाबदेहिता सुनिश्चित करनी होगी।

गौहर महल में 'राग रंग' म्यूजिकल ग्रुप का आयोजन

## नए-पुराने तरानों से सजी 'राग रंग' की संगीतमय शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में 'राग रंग' म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा एक सुहानी रंगारंग संगीत से सजी संध्या का संयोजन सोमवार शाम किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन 'राग रंग' म्यूजिकल ग्रुप के फाउंडर सुमित शर्मा द्वारा किया गया, तथा कार्यक्रम का संचालन सोनाली शर्मा ने किया। जिसमें शहर के जाने माने गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दिलवाले दिलवाले.... गीत से हुई, क्रांति फिल्म के इस गीत को राज वर्मा ने अपने बोल दिए इसके बाद अंजाम फिल्म के गीत बड़ी मुश्किल है.... को सुमित शर्मा ने अपनी सुमधुर आवाज में गाया।



### सोनाली और सुमित ने गाया यह रातें यह मौसम नदी का किनारा...

गीतों से सजी इस संध्या की अगली कड़ी में हीरो फिल्म के गीत निंदिया से जागी बहार... को रत्ना शर्मा ने गाया इसके बाद देश प्रेमी फिल्म के गीत मेरे देश प्रेमियों.... को राज वर्मा ने सुर और लय में पिरोया। नए पुराने हिंदी फिल्मी गीतों से सजी इस संध्या की अगली कड़ी में दिल्ली का ठग फिल्म का गीत यह रातें यह मौसम नदी का किनारा.... को सोनाली और सुमित शर्मा ने अपनी आवाज दी। वहीं विलियम ने मेरे महबूब कयामत होगी गाकर श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी।

6 वर्ष तक कला गुरुओं के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर शोध का रूप बना 'सृजन साधना'

# सुशील पॉल ने 1937 में बनाया 'खान साहब' पोर्ट्रेट बना आकर्षण का केंद्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के विभिन्न कला शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत और कार्य कर चुके 26 नामी कला शिक्षकों की कलाकृतियां, जिनके माध्यम से उन्होंने सामाजिक स्थिति, परिस्थित के साथ-साथ प्रकृति के मनोरम रूप को भी दिखाने की चेष्टा की, वहीं इन कलाकृति में सुशील पॉल द्वारा 1937 में बनाया गया 'खान साहब' पोट्रेट भी शामिल किया गया है।

इसके अलावा कई कलाकृतियों में प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को भी उजागर करने का उम्दा प्रयास शामिल है। इस प्रदर्शनी में 26 प्रमुख हस्तियों की कलाकृतियों को 'सृजन साधना' के रुप में एग्जीबिट करने का काम किया डॉ. अंकिता जैन ने। इन आर्टिस्ट में से कई इस दुनिया में नहीं हैं। यह कार्य अंकिता द्वारा किए गए 6 वर्ष के शोध पर आधारित है। 'सृजन साधना' आज से रविंद्र भवन की ललित कला आर्ट गैलरी में प्रतिदिन शाम 4.30 बजे से रात 10 बजे तक, 19 से 21 अगस्त देखने को मिलेगी।

प्रदर्शनी में 26 प्रमुख हस्तियों की कलाकृतियों को सृजन साधना के रूप में प्रदर्शित किया गया





### 26 आर्टिस्ट के 60 आर्ट वर्क होंगे शामिल

स्व सुशील पॉल, स्व. लक्ष्मण भांड, स्व. गिरधारी लाल चौरागड़े, स्व. आशा स्प्रे, स्व. रामचंद्र भावसार, सच्चिदा नागदेव, स्व. शीलचंद जैन, डॉ. लक्ष्मी नारायण भावसार, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव, डॉ. मंजूषा गांगुली, विनय सप्रे सहित 26 आर्टिस्ट के 60 आर्ट वर्क होंगे शामिल।

### आगे आने वाली पीढ़ी कला की गंभीरता से हो सके परिचित

अंकिता बताती है कि, उन्होंने पूरे 6 वर्ष लगातार इन कला गुरुओं के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर शोध कार्य किया एवं उनके द्वारा रचित अमूल्य कलाकृतियों को सबके सम्मुख लाने का प्रयास कर रही है, ताकि आगे आने वाली पीढ़ी यह सभी कलाकृतियों को देख सके और कला की गंभीरता से परिचित हो सके। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य न केवल कला गुरुओं के योगदान को स्मरण करना है, बल्कि उनके कार्यों और विचारों से नई पीढ़ी को प्रेरित करना भी है।

हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930